RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 294
फरीदाबाद, सोमवार, 04 दिसंबर, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



आस्ट्रेलिया को जीत के लिए 161 रन का लक्ष्य
पेज - 12

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 24.00°C
न्यूनतम 13.00°C

## क्विक न्यूज

### गोपाल भार्गव रहली सीट से लगातार नौंवी बार जीते



**भोपाल।** चुनाव के दौरान अपने विधानसभा क्षेत्र में प्रचार न करने के लिए चर्चा में रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कद्दावर नेता गोपाल भार्गव ने रविवार को मध्य प्रदेश की रहली सीट से लगातार नौंवीं जीत दर्ज की, वहीं उनकी पार्टी प्रदेश में सत्ता बरकरार रखने की ओर अग्रसर है। भार्गव (71) ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं कांग्रेस उम्मीदवार ज्योति पटेल को 72,800 वोटों से हराया। वह नई विधानसभा में सबसे अनुभवी विधायक होंगे। कमलनाथ-नीत पूर्व कांग्रेस सरकार में विपक्षी दल के नेता भार्गव ने पहली बार 1985 में रहली से जीत हासिल की थी। तब से, वह अजेय रहे हैं। वह पिछले 38 वर्षों के दौरान इस विधानसभा सीट से सभी चुनाव जीते हैं।

### प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रोफेसर कुंजमन मृत मिले

**तिरुवनंतपुरम।** जाने माने अर्थशास्त्री प्रोफेसर के. कुंजमन रविवार को यहां अपने आवास में मृत मिले। पुलिस ने यह जानकारी दी। वह 74 वर्ष के थे। पुलिस ने बताया कि यहां पास में श्रीकार्यम में स्थित अपने घर में वह मृत मिले और उन्हें निवास संघ ने इस बाबत सूचित किया था। कुंजमन दलित अधिकार कार्यकर्ता भी थे।

### चुनाव परिणाम का हरियाणा में होगा असर : खट्टर

**चंडीगढ़।** मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के बाद हरियाणा भाजपा में जोश भर गया है। यमुनानगर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शिक्षामंत्री कंवर पाल गुर्जर ने डांस किया। रोहतक में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने ठुमके लगाए। अनिल विज ने अंबाला कैंट में लड्डू बांटे। अंबाला शहर से विधायक असीम गोयल ढोल की थाप पर कार्यकर्ताओं के साथ थिरके। सीएम मनोहर लाल खट्टर ने कहा, अगले साल हरियाणा में होने वाले चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत से विजयी होगी।

### हाइकोर्ट से हरियाणा सरकार को झटका

**फरीदाबाद।** पंजाब एंड हरियाणा हाइकोर्ट ने हरियाणा सरकार को फरीदाबाद के कर्मचारियों की मांगों पर विचार करने को कहा है। कहा, समाज के चतुर्थ श्रेणी वर्ग के साथ होने वाले दर्द, पीड़ा और उत्पीड़न के प्रति अपनी आंखें बंद नहीं कर सकते। हाइकोर्ट ने इस संबंध में सरकार के सुस्त और संवेदनहीन रवैये पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जल्द ही इनकी समस्याओं का समाधान करने की बात कही है।

## राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा को प्रचंड बहुमत, तेलंगाना में कांग्रेस

# मोदी का जादू बरकरार, देश कांग्रेस मुक्ति की ओर



| मध्यप्रदेश | | राजस्थान | | छत्तीसगढ़ | | तेलंगाना | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बीजेपी- | 164 | बीजेपी- | 115 | बीजेपी- | 54 | कांग्रेस- | 64 |
| कांग्रेस- | 65 | कांग्रेस- | 69 | कांग्रेस- | 35 | बीआरएस- | 39 |
| अन्य- | 01 | अन्य- | 15 | अन्य- | 01 | बीजेपी- | 08 |

- तेलंगाना में कांग्रेस का क्लीन स्वीप, यहां भाजपा सात सीट आगे बढ़ी
- राजस्थान में भाजपा नेता और उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया चुनाव हारे
- मिजोरम राज्य में मतगणना आज, प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर/इंदौर/नई दिल्ली

**देश** में 2024 में क्या होने जा रहा है, इस बात का संकेत रविवार को चार राज्यों में आए जनादेश से लगभग साफ हो गया है। देश में मोदी लहर अभी तक चल रही है। मोदी का जादू बरकरार है। राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने जीत का परचम लहराया है। इन तीनों राज्यों में भाजपा ने बहुमत के पार विजय हासिल की है। राजस्थान में पिछली बार के मुकाबले 44 सीट ज्यादा मिली हैं, मध्यप्रदेश में 37 सीट ज्यादा मिली हैं जबकि छत्तीसगढ़ में 40 सीट ज्यादा मिली हैं। हालांकि एग्जिट पोल में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की बढ़त बताई गई थी, यहां एग्जिट पोल औंधे मुंह गिर पड़ा। तेलंगाना में कांग्रेस ने बहुमत के साथ जीत दर्ज की है। तेलंगाना की जनता ने कांग्रेस को पिछली बार के मुकाबले 45 सीट ज्यादा दी हैं। मिजोरम में आज मतगणना होगी।

राजस्थान में उपनेता प्रतिपक्ष और भाजपा उम्मीदवार सतीश पूनिया आमेर सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार प्रशांत शर्मा से 9092 मतों के अंतर से हार गए। शर्मा को 108914 वोट मिले जबकि पूनिया को 99822 वोट मिले। पूनिया पूर्व में राजस्थान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं। यही नहीं राजस्थान में भाजपा के दो सांसद भी हार गए और कांग्रेस के 17 मंत्री चुनाव में सीट नहीं बचा पाए। मध्यप्रदेश में चुनाव मैदान में उतरी सपा, बसपा और आप का खाता तक नहीं खुला। तेलंगाना से खबर सामने आई कि वहां के डीजीपी अंजनी कुमार को तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष को बुका देने पर चुनाव आयोग ने आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में निलंबित कर दिया।

चुनाव परिणाम आने के बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का शानदार प्रदर्शन यह दर्शा रहा है कि भारत की जनता का भरोसा सिर्फ और सिर्फ सुशासन एवं विकास की राजनीति करने वाले में है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में चुनाव परिणामों को विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक सशक्त कदम बताया और तीनों राज्यों के मतदाताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया।

उधर, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को एक्स पर पोस्ट करके कहा कि वह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का जनादेश विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं तथा विचारधारा की लड़ाई जारी रखेंगे। तेलंगाना के लोगों को मेरा बहुत धन्यवाद। प्रजाला तेलंगाना बनाने का वादा हम जरूर पूरा करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत और समर्थन के लिए दिल से शुक्रिया। प्रियंका गांधी ने कहा, तेलंगाना की जनता ने इतिहास रचते हुए कांग्रेस पार्टी के पक्ष में जनादेश दिया है। यह प्रजाला तेलंगाना की जीत है। यह प्रदेश की जनता और कांग्रेस पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता की जीत है। तेलंगाना की जनता को तह-ए-दिल से धन्यवाद। कांग्रेस पार्टी तेलंगाना में शांति, समृद्धि और प्रगति के लिए संकल्पबद्ध है।

तीन राज्यों में करारी हार के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि वर्ष 2003 में भी उनके दल को इसी तरह हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन 2004 के लोकसभा चुनाव में वह केंद्र में सरकार बनाने में सफल रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विश्वास, धैर्य और दृढ़ संकल्प के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तैयारी करेगी। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, ठीक 20 साल पहले भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हुए विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। उस वक्त हमें सिर्फ दिल्ली में जीत मिली थी। लेकिन कुछ ही महीनों में जोरदार ढंग से वापसी करते हुए कांग्रेस लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और केंद्र में सरकार बनाई।

### मध्य प्रदेश में सपा, बसपा और आप नहीं खोल सकीं खाता



भाजपा के कटीपल्ली वैंकट रमना ने न केवल तेलंगाना के निवर्तमान सीएम को हराया बल्कि केसीआर और कांग्रेस के सीएम पद के उम्मीदवार को भी परास्त कर डाला। तेलंगाना में भाजपा इस जीत को ऐतिहासिक जीत मान रहा है।

### मिजोरम विस चुनाव के लिए मतगणना आज

**आइजोल।** मिजोरम में विधानसभा चुनाव की सोमवार को होने वाली मतगणना के लिए, सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इस बार चुनाव में सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ), जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने की उम्मीद है। मिजोरम में मतगणना रविवार को मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के साथ होनी थी। हालांकि, राजनीतिक दलों, गैर सरकारी संगठनों, चर्च और छात्र संगठनों की अपील के बाद निर्वाचन आयोग ने इसे स्थगित कर दिया क्योंकि रविवार का दिन ईसाई बहुल मिजोरम के लोगों के लिए विशेष महत्व रखता है। मिजोरम के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एच लियानजेला ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच सभी 13 केंद्रों पर सुबह आठ बजे मतगणना शुरू होगी। उन्होंने कहा कि इन 13 केंद्रों पर 40 विधानसभा सीट में से प्रत्येक के लिए एक मतगणना हॉल बनाया गया है।

### इंडिया गठबंधन को दोगुने जोश से लोकसभा चुनाव में उतरना है: खड़गे

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार पर निराशा जताते हुए रविवार को कहा कि उनका दल इन राज्यों में खुद को मजबूत करेगा तथा विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के साथ मिलकर अगले लोकसभा चुनाव के लिए अपने आपको तैयार करेगा। उन्होंने तेलंगाना में कांग्रेस की जीत के लिए मतदाताओं का आभार जताया।

खड़गे ने एक्स पर पोस्ट किया, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर विश्वास और भरोसा जताने के लिए मैं तेलंगाना के मतदाताओं का धन्यवाद करता हूं। मैं उन सभी का भी धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने हमें छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान में वोट दिया। ये चुनाव परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहे हैं, परंतु हमें विश्वास है कि हम मेहनत एवं दृढ़ निश्चय से मजबूती से वापसी करेंगे। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी ने पूरे दम-खम के साथ इन चार राज्यों के चुनाव में भाग लिया। मैं अपने अनगिनत कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।



राजस्थान में करारी हार के बाद राज्यपाल कलराज मिश्र को अपना त्यागपत्र सौंपते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत।

## संसद के शीतकालीन सत्र के हंगामेदार रहने के आसार

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**हिंदी** पट्टी के तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में अपनी जीत से उत्साहित भारतीय जनता पार्टी सोमवार से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस समेत समूचे विपक्ष को घेरने की कोशिश करेगी, जबकि विपक्षी दल मणिपुर तथा जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग जैसे कुछ विषय उठाने का प्रयास कर सकते हैं। इस सत्र के दौरान लोकसभा में उस वक्त हंगामा हो सकता है, जब सदन की आचार समिति की रिपोर्ट पेश की जाएगी, जिसमें तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को रिश्वत लेकर सवाल पूछने के आरोप में निष्कासित करने की सिफारिश की गई है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता संसद के अंदर और चुनावी मैदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा से मुकाबला करने के लिए अपनी रणनीतियों को नए सिरे से तैयार करने के लिए सोमवार सुबह बैठक करेंगे।

शीतकालीन सत्र के बारे में पूछे जाने पर संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यहां संवाददाताओं से कहा, अगर विपक्ष संसद को बाधित करता है, तो उसे रविवार से भी बुरे नतीजों का सामना करना पड़ेगा। सरकार ने शीतकालीन सत्र की 15 बैठकों के लिए एक भारी विधाई एजेंडा पेश किया है, जिसमें औपनिवेशिक युग के आपराधिक कानूनों के स्थान पर लाए गए प्रमुख विधेयक, निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए एक रूपरेखा प्रदान करने से संबंधित विधेयक शामिल हैं।

## अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा का मकान कुर्क किया गया

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार खालिद अजीम उर्फ अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा का पूरामुफ्ती थाना अंतर्गत सल्लाहपुर स्थित मकान रविवार को कुर्क किया गया। एसीपी धूमनगंज वरुण कुमार ने बताया कि माफिया अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा उमेश पाल हत्याकांड में अभियुक्त है। उन्होंने बताया कि माननीय न्यायालय से भारतीय दंड संहिता की धारा 83 के तहत प्राप्त आदेश के अनुरूप पूरामुफ्ती थाना अंतर्गत सल्लाहपुर में जैनब का मकान कुर्क किया गया। उन्होंने बताया कि जैनब फातिमा उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार है। जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि यह मकान वक्फ की जमीन पर कब्जा करके बनाया गया है।

## श्रीनगर: बीएसएफ ने सीमांत मुख्यालय में मनाया स्थापना दिवस

**एजेंसी।** श्रीनगर

**सीमा** सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को यहां सीमांत मुख्यालय में अपना 59वां स्थापना दिवस मनाया। बल के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि एक दिसंबर 1965 को देश के विशिष्ट बल बीएसएफ की स्थापना की गई थी, जिसकी प्राथमिक जिम्मेदारी अंतरराष्ट्रीय सीमा की रखवाली करना था। उन्होंने कहा, समय बीतने के साथ इसने (बीएसएफ ने) राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) एवं नियंत्रण रेखा (एलओसी) की सुरक्षा करने तथा उसकी गरिमा, अखंडता को अक्षुण्ण रखने के साथ ही आंतरिक कानून एवं व्यवस्था दुरुस्त करने, नक्सल-विरोधी अभियानों, पंजाब एवं कश्मीर में उग्रवाद-निरोधक (सीआई) भूमिका में भी अपनी दिलेरी स्थापित की। बीएसएफ प्रवक्ता ने कहा कि बल ने एक दिसंबर, 2023 को राष्ट्र के प्रति अपनी समर्पित, उत्कृष्ट एवं गौरवशाली सेवा के 58 साल पूरे किए।



## देश में अक्सर सड़कों की दोषपूर्ण इंजीनियरिंग के कारण होती हैं दुर्घटनाएं: गडकरी

**एजेंसी।** गांधीनगर

**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को यहां कहा कि भारत में हर साल पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनका एक कारण अक्सर दोषपूर्ण सड़क इंजीनियरिंग होती है।

गडकरी ने इंजीनियरों से जीवन बचाने के लिए दुर्घटना संभावित सड़कों की इंजीनियरिंग के दोष दूर करने का आग्रह किया। भारतीय सड़क कांग्रेस के 82वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए गडकरी ने गुणवत्ता से समझौता किए बिना वैकल्पिक सामग्री और नवीनतम तकनीक का उपयोग करके निर्माण लागत कम करने और परियोजनाओं को समय पर पूरा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, भारत में सालाना पांच लाख दुर्घटनाएं और डेढ़ लाख लोगों की मौत होती है, जबकि तीन लाख लोग घायल होते हैं। इससे देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को तीन प्रतिशत का नुकसान होता है। बलि के बकरे की तरह, हर दुर्घटना के लिए वाहन चालक को दोषी ठहरा दिया जाता है। मैं आपको बता दूं कि अक्सर दुर्घटनाएं सड़क की गलत इंजीनियरिंग की वजह से होती हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों का निर्माण करते समय यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उनकी ठीक से इंजीनियरिंग की जाए।

गडकरी ने कहा, मैं भी एक दुर्घटना का शिकार हो गया था और मेरी चार हड्डियां टूट गई थीं। कई लोग मर रहे हैं। दुर्घटना में होने वाली मौतों में 60 प्रतिशत मौतें 18 से 34 वर्ष की आयु के लोगों की होती हैं और उनमें से कई इंजीनियर और डॉक्टर हो सकते हैं। क्या यह देश के लिए अच्छा है ? क्या आप इंजीनियर के तौर पर स्वतः संज्ञान लेते हुए दुर्घटना के कारणों को दूर कर सकते हैं? मैं आपसे दोषपूर्ण इंजीनियरिंग के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए काम करने का अनुरोध करता हूं।

### 60 प्रतिशत मौतें 18 से 34 वर्ष की आयु के लोगों की होती हैं



# जनता ने भाजपा के सुशासन और जनकल्याणकारी नीतियों पर लगाई मुहर : गोपाल शर्मा

## जिला कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भाजपा** जिला कार्यालय अटल कमल पर जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तीन राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश और छतीसगढ़ में भाजपा की बंपर प्रचंड जीत पर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय के उद्घोष करते हुए मिठाई बांटी और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, हुकम सिंह भाटी चेयरमैन, बिजेंद्र नेहरा, ग्यासीराम शर्मा, वजीर सिंह डागर, प्रवीण चौधरी, हरीश धनखड़, भगवान सिंह, नरेश नंबरदार, विमल खंडेलवाल, कुलदीप सिंघल, जगदीश कुमार, अमित कुमार, अजय डुडेजा, मनोज नागर, सचिन गुप्ता, हिमांशु मिश्रा, गौरव, हुकम बघेल, अजय यादव, प्रिया सहगल और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गोपाल शर्मा ने कहा कि जनता ने भाजपा और मोदी के सुशासन एवं जनकल्याणकारी नीतियों पर विश्वास जताते हुए भाजपा को अपना पूर्ण समर्थन देकर एक प्रचंड जीत प्रदान की है। पिछले नौ सालों में देश का चहुंमुखी विकास हुआ है और देश का किसान, मजदूर, युवा व अंतिम पायदान पर खड़ा जरूरतमंद व्यक्ति सशक्त हुआ है। जनता ने भाजपा और मोदी की नीतियों पर विश्वास जताया है। इस विश्वास के लिए जनता जनार्दन व कार्यकर्ताओं की मेहनत के लिए बहुत बहुत आभार, बधाई।

## तीनों राज्यों ने मोदी की गारंटी पर लगाई जीत की मोहर : राजेश नागर





**राजस्थान,** मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलने से एक बार फिर तय हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर बात की गारंटी है। जिस पर जनता ने फिर से विश्वास जताया। यह बात तिगांव के विधायक राजेश नागर ने पलवल के गांव बामनीखेड़ा में लोगों को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर समर्थकों ने उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया और मिठाई खिलाकर बधाई दी।

तिगांव विधानसभा से भाजपा के विधायक राजेश नागर में कहा कि इन तीनों राज्यों में भाजपा के नेतृत्व की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि मिजोरम में भी उनको भारी जीत मिलेगी। इसके साथ ही तेलंगाना में भी जोरदार नंबर भाजपा ने प्राप्त किए हैं। नागर ने कहा कि आने वाले लोकसभा के चुनाव में इन नतीजों का बड़ा फर्क पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली पर लोगों का भरोसा है और मोदी है तो मुमकिन है, यह बात हर दिन और मजबूत होती जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जो विकास कार्य देश में किए गए हैं, लोगों ने उन्हें देखकर वोट किया है।

इस अवसर पर यहां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया और हजारों लोगों को जीत की खुशी के लड्डू खिलाए गए। कार्यकर्ता और समर्थक ढोल नगाड़ों पर घंटों नाचते रहे। इस अवसर पर सुभाष चौधरी पूर्व विधायक, केहर सिंह रावत, विश्व गौरव पुत्र हर्ष कुमार, अमित भारद्वाज, सुरेंद्र बिधूड़ी, सुधीर नागर, प्रशांत चौधरी फुलवाड़ी, राजेश तंवर पार्षद, मयंक चौधरी, संजय गुर्जर, उमेश गुदराना पार्षद, जवाहर सिंह सोरौत, अजीत पार्षद, विजय भड़ाना, जिले चेयरमैन सीहा, सुनील नागर, रवि पहलवान टीकरी गुर्जर, सद्दाम सरपंच, शेर मोहम्मद सरपंच, रतन सरपंच, तैयब हुसैन, अशोक सरपंच, राजेश पार्षद, महेश सरपंच, हरवीर सीहा, अजीत सरपंच सीहा, राजेंद्र बैंसला, चंदर सरपंच आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सरकार गरीब परिवारों का आर्थिक उत्थान करने के लिए प्रतिबद्ध : विजेंद्र नेहरा

## ग्रामीणों को दी गई जनहितैषी योजनाओं और परियोजनाओं की विस्तृत जानकारियां

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**केंद्र** सरकार की ओर से शुरू किया गया देशव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को देश की जनता भागीदार बनकर साकार करेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला कोऑर्डिनेटर विजेंद्र नेहरा ने गांव छांयसा के राजकीय कन्या उच्च विद्यालय और राजकीय कन्या विद्यालय अटाली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बहुत अच्छी शुरुआत की है। पूरी दुनिया में लगभग 37 देश ऐसे हैं, जिनको विकसित देशों की श्रेणी में शामिल किया गया है। भारत देश भी विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीड़ा उठाया है कि भारत के सभी गावों और शहरों में यह विकसित भारत सांकल यात्रा जाए और आमजनता तक सरकार द्वारा दी जा रही सभी सुविधाएं उपलब्ध करा सके। यदि किसी का आयुष्मान कार्ड, बीपीएल कार्ड, परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता या अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं बनी है तो उनका मौके पर ही विभागों द्वारा पंजीकरण किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य भारत सरकार और हरियाणा सरकार की योजनाए हेल्थ कैंप, आयुष्मान/चिरायु कार्ड, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मत्स्य संपदा योजना, मातृत्व वंदना योजना, स्वनिधि योजना, किसानों को जागरूक करने के लिए विभिन्न सेवाएं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के द्वार तक पहुंचने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह यात्रा समाज के विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। इस यात्रा के दौरान गरीब वर्गों के लोगों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग के लोगों के लिए केंद्र व राज्य सरकार की स्कीम की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाएगी, ताकि उनमें स्कीमों के प्रति जागरूकता पैदा हो और वे इनका लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में मोबाइल वैन में लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के संदेश का प्रसारण दिखाया गया। इस कार्यक्रम में केंद्र व हरियाणा सरकार की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा देश भक्ति और हरियाणवी नृत्य के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और और गांव अटाली को स्वच्छता के लिए प्रशंसा अभिनंदन पत्र भी प्रदान किया गया। नमो दीदी ड्रोन भी ग्रामवासियों को उड़ाकर दिखाया गया।

## नवनियुक्त ईएसएम सीएसडी केंटीन मैनेजर को ज्ञापन सौंपा



**फरीदाबाद।** सैन्य एवं अर्ध सैनिक बल कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष सतिंदर दुग्गल, पूर्व सैनिक, विंग कमांडर ने अन्य पूर्व सैनिकों ने कैंटीन मैनेजर ईएसएम सीएसडी सेक्टर-16 की पोस्ट पर पदस्थ होकर आए पूर्व कर्नल भगवानदास का स्वागत किया। जिसमें कैप्टन सुमेर सिंह, सूबेदार फिरे सिंह, सार्जेंट बीरेंद्र, सूबेदार धरम पाल शर्मा, सूबेदार सतीश, सूबेदार मेजर सालिगराम, सूबेदार उदय सिंह, सूबेदार त्रिलोक अधाना, सूबेदार पूह सिंह, सूबेदार किरण चंद नागर, हवलदार करतार सिंह नागर शामिल थे। उन्होंने उन्हें अपनी मांगों का एक ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर सतिंदर दुग्गल ने कहा हम नए कैंटीन मैनेजर की पोस्ट पर पदस्थ होकर आने पर उनका स्वागत करते हैं व साथ ही दिल्ली एरिया के प्रशासन का भी धन्यवाद, जिनके प्रयासों से आप यहां पदस्थ हुए।

# फरीदाबाद पुलिस के हत्थे चढ़े क्रेटा लूटने वाले दो बदमाश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**पाखल** टोल टैक्स सोहना रोड पर हथियार के बल पर क्रेटा गाड़ी लूटने में शामिल दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से वारदात में प्रयोग की गई बाइक बरामद हुई है। दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर पुलिस क्रेटा के साथ देसी पिस्तौल और जिंदा रौंद बरामद कर चुकी है।

गौरतलब है कि बीते 30 अक्टूबर को पाखल टोल टैक्स सोहना रोड पर गन प्वाइंट पर क्रेटा लूटने की वारदात को चार आरोपियों ने अंजाम दिया था। वारदात के संबंध में शिकायत मिलने पर थाना धौज में लूट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में विकास उर्फ मुन्ना और आकाश का नाम शामिल है। दोनों आरोपी डबुआ गाजीपुर के उत्तम नगर के रहने वाले हैं। मामले में पहले आशु और विशाल उर्फ विष्णु को गिरफ्तार किया जा चुका है। शिकायतकर्ता रविंद्र जैन द्वारा बताया गया कि ड्राइवर मुकेश क्रेटा से चार लड़कों ने सिर पर पिस्टल लगाकर गाड़ी लूटने की वारदात को अंजाम दिया था।

दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर वारदात में प्रयोग बाइक व लूटी हुई गाड़ी के ड्राइवर का ड्राइविंग लाइसेंस और गाड़ी की आरसी को बरामद किया है। दोनों आरोपियों पर पूर्व में लड़ाई झगड़ा, स्नेचिंग, लूट, हत्या के प्रयास, अवैध हथियार के 11 मामले दर्ज हैं। जिसमें नौ मामले थाना डबुआ, एक मुजेसर और एक सराय ख्वाजा का शामिल है। दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# आज होगा राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ : विक्रम सिंह

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जिला** फरीदाबाद में राज्यस्तरीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ आज से किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि शुभारंभ समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर बतौर मुख्य अतिथि तथा प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। साथ ही विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, विधायक राजेश नागर तथा नयन पाल रावत भी इस शुभारंभ समारोह में विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में आयोजित होगा।

उन्होंने बताया कि फरीदाबाद में यह खेल महाकुंभ चार से छह दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खेल महाकुंभ में फरीदाबाद जिला को एथलेटिक्स, फेंसिंग व शूटिंग की स्पर्धाओं की जिम्मेदारी मिली है। खेल व अन्य सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतियोगिता की तैयारियों में कोई कमी न रखें। इसके साथ ही सभी बच्चों के ठहरने, खाने व यातायात की सुविधा को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान एथलेटिक्स के 1200 खिलाड़ी, फेंसिंग के 500 और शूटिंग के 250 खिलाड़ी फरीदाबाद में शामिल होंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुलिस व महिला खिलाड़ियों को ठहराने के लिए 12 अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्था की गई है।

यहां शौचालयों, कमरों, पेयजल व सुरक्षा की बेहतरीन व्यवस्था हो। इसके लिए उन्होंने पुलिस विभाग को भी निर्देश दिए कि पर्याप्त संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गयी है। जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासक को खान पान की गुणवत्ता चैक करने के लिए भी निर्देश दे दिए गए हैं।

# आज दिव्यांग देश ही नहीं विदेशों में कर रहे नाम रोशन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**राजकीय** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और गाइड्स ने विश्व दिव्यांग दिवस पर सभी से दिव्यांगजनों का सशक्तिकरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। ब्रिगेड और जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष एक थीम तैयार की जाती है, जिस पर वर्षभर काम किया जाता है।

विश्व दिव्यांग दिवस की थीम हम एकजुट हैं, विकलांग व्यक्तियों के अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए। इस थीम के अंतर्गत समाज में दिव्यांग लोगों के प्रति सहानुभूति के साथ उन्हें जीवन में हर कार्य में बराबर अवसर, अधिकार के प्रति सामान्य नागरिकों को जागरूक करने की आवश्यकता है। इसके साथ सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सुधारने पर ध्यान केंद्रित करने का भी प्रयास करने की आवश्यकता है। प्राचार्य ने कहा कि तीन दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दिव्यांगों के प्रति व्यवहार में बदलाव लाना और विकृति लोगों के साथ ही अन्य परिजनों को उनके अधिकार के लिए जागरूकता फैलाना है। इस दिवस को मनाने का एक और उद्देश्य है उनके प्रति करूणा, आत्मसम्मान और जीवन को बेहतर बनाने का समर्थन और सहयोग दोनों करना। प्राचार्य ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र आमसभा ने 1981 में दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांग व्यक्तियों का अंतरराष्ट्रीय वर्ष घोषित किया था। इसके बाद से अनेक क्षेत्रों में उनके लिए काम किया गया और अभी भी जारी है। दिव्यांग व्यक्ति आज न केवल देश, बल्कि विदेशों में भी अपने नाम का परचम लहरा रहे हैं और भारत का नाम गर्व से रोशन कर रहे हैं। ओलंपिक में भी अपनी कमजोरियों को मुंह चिढ़ाते हुए मेडल जीतकर आ रहे हैं। यद्यपि इन सबके बाद भी विकलांग व्यक्तियों को औरों के बराबर नहीं रखा जाता। ऐसे में दिव्यांगों के प्रति लोगों के व्यवहार में बदलाव लाने, इन्हें बराबरी के मौके देने और इनके अधिकारों के लिए सहभागिता की नितांत आवश्यकता है।

## जिम से बाहर बुलाकर तीन लोगों ने की लूटपाट

**फरीदाबाद।** जिम के बाहर बुलाकर तीन लोगों ने एक व्यक्ति का अपहरण कर उससे लूटपाट की। एनआईटी फरीदाबाद निवासी कमलकांत ने कोतवाली पुलिस फरीदाबाद को दी अपनी शिकायत में कहा है कि वह 28 नवंबर को सुबह पांच बजे हनुमान मंदिर के पास बॉडी शेप जिम गया था। वहां उसे दिनेश मिला। उसने काम के बहाने जिम से बाहर बुलाया, उसके बाद अपनी गाड़ी में बिठाकर डिलाइट होटल के पास ले गया। वहां से उसने शिवा और सतीश को भी अपनी गाड़ी में बिठाया। उसके बाद वे तीनों उसे बाटा पुल के नीचे ले गए। वहां उन्होंने उसके साथ मारपीट की। उससे उसकी 32 ग्राम की सोने की चेन भी छिन ली।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103




बड़े लोगों नहीं पूछो हमारे हाल कैसे हैं
बड़े खर्चे हैं आगे पास में थोड़े से पैसे हैं
अमीरों के यहां क्या है नहीं हम जानते लेकिन
ग़रीबों के यहां सुख-दुख तो बिल्कुल एक जैसे हैं

# अश्वनी अस्पताल के शिविर में 300 से ज्यादा लोगों ने उठाया लाभ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद





**आइएलएसएस** अश्वनी अस्पताल द्वारा आयोजित चिकित्सा जांच शिविर में 300 से ज्यादा लोगों ने लाभ उठाया। इस मेगा हेल्थ चेकअप शिविर में आये लोगों ने अपने स्वास्थ्य की देखभाल में बेहद महत्वपूर्ण कदम उठाया और उन्हें निशुल्क स्क्रीनिंग और सलाह का लाभ मिला। शिविर में निशुल्क यूरोफ्लोमेट्री, पीएसए टेस्ट, बीपी और शुगर की जांच कराई। शिविर में लोगों को उनके स्वास्थ्य की जानकारी में सुधार करने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान किया और उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक बनाया।

आइएलएसएस अश्वनी अस्पताल फरीदाबाद का एक अग्रणी लेजर एवं मिनिमल एक्सेस सर्जरी सेंटर है, जो स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नवाचारी प्रयासों के लिए जाना जाता है। समुदाय सेवाओं के क्षेत्र में उनका समर्पण आदर्श है और वे आगे भी इसी दिशा में कार्रवाई करने का इरादा रखते हैं। अस्पताल की प्रबंधन टीम ने इस शिविर को सफल बनाने में अपना योगदान दिया है और वह समुदाय के साथ सहयोग करके स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के लिए पूरी तरह समर्थ है।

शिविर के माध्यम से लोगों ने अपने आरोग्य की देखभाल में सकारात्मक कदम उठाया है और विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर्स से मुफ्त सलाह प्राप्त की है। डॉ. प्रेम से लोगों ने जनरल सर्जरी, डॉ. तनुज पॉल भाटिया और डॉ. सुमित मोरे से यूरोलॉजी संबंधित, डॉ. आईके बंसल से हड्डी संबन्धित, डॉ. प्रीती से स्त्री रोग संबंधित तथा सामान्य रोग के लिए डॉ. विक्रम तोलानी से मुफ्त परामर्श लिया।

सेक्टर 7-10 मार्केट एसोसिएशन के प्रधान वासुदेव अरोड़ा और मानव सेवा समिति के प्रधान कैलाश शर्मा ने डॉ. प्रेम कुमार और अस्पताली के सभी डॉक्टर्स का आभार प्रकट किया। उनके अनुसार इस मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर के माध्यम से समुदाय को लाभान्वित होने का सुनहरा मौका मिला है तथा समुदाय के स्वास्थ्य की देखभाल और समृद्धि में अस्पताल के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से हम समुदाय के स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।

**नव प्रयास सेवा संगठन के शिविर में 252 लोगों ने करवाई जांच :** डबुआ कॉलोनी छठ घाट स्थित शिव पार्वती, हनुमान मंदिर में सामाजिक संस्था नवप्रयास सेवा संगठन व तारा नेत्रालय के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्य रूप से विधायक नीरज शर्मा के बड़े भाई एवं टीम पंडित के सदस्य मुनेश शर्मा, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संतोष यादव, भाजपा नेता कविंद्र फागना, मनोज बालियान, एनआईटी दो नंबर स्थित महाकाली मंदिर के प्रधान राकेश कुमार उर्फ रक्कू, युवा नेता सचिन तंवर एडवोकेट, मनोज कोहली, योगेश कोहली, राजीव मौजूद रहे। इस अवसर पर नव प्रयास सेवा संगठन के संस्थापक सुनील यादव, रवि चौहान, महिला अध्यक्ष मनीषा सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का बुक्के देकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। शिविर में 252 लोगों ने नेत्र जांच कराई और 33 लोगों का मुफ्त मोतियाबिंद का ऑपरेशन का चयन किया गया। कैंप में लोगों को मुफ्त दवाइयां एवं चश्मा भी वितरित किए गए।

संयोजक सुनील यादव ने कहा कि उनकी संस्था का प्रयास है कि ऐसे शिविरों से जरूरतमंद को लाभ मिले, ताकि समय पर वह आंखों की बीमारी से छुटकारा पा सके। इस मौके पर समाजसेवी ओमप्रकाश सिंह, मंजू सिंह, पुष्प लता, अशोक कुमार, शशि चंद कटोच, सुमित शर्मा, दीपक कुमार, राजेंद्र रोहिल्ला, रामनारायण बहादुर, जयवीर, लाल बिहारी, अशोक पोद्दार, नीरज नरूला, प्रदीप कुमार, पुष्कर आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# तीन गांवों में लोगों की सुविधा के लिए होगा फिरनियों का निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। पलवल




**ग्रामीणों** को बेहतर आने-जाने की सुविधा देने के लिए लगभग 48 लाख रुपये की लागत से पृथला ब्लॉक के तीन गांवों की फिरनियों का निर्माण करवाया जाएगा। फिरनियों के निर्माण के बाद ग्रामीणों के ट्रैक्टर व दूसरे वाहन गांव के एक कोने से दूसरे कोने तक आसानी से आ जा सकेंगे। इसके लिए टेंडर का कार्य पूरा होने के बाद फिरनियों का कार्य जल्द ही पूरा कर दिया जाएगा। पृथला ब्लॉक के अलावलपुर, बघौला व पृथला गांवों में फिरनियों के निर्माण को उच्च अधिकारियों से मंजूरी मिलने के बाद इन गांवों में जल्द ही निर्माण जल्द ही पूरा करवा दिया जाएगा। इन गांवों में कई जगह पर कच्ची फिरनियां थीं, इसके फिरनियों में लगे खरंजे टूट गए थे। जिसकी वजह से ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ता था। लोगों की इस समस्या का समाधान करने के लिए पंचायती विभाग ब्लॉक पृथला ने इन गांवों की फिरनियों को सीमेंटेड बनाने के लिए प्रपोजल बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजा था। पंचकूला से प्रपोजल के पास होने पर इन गांवों की फिरनियों को ब्लॉक टाइल्स से बनाने के लिए टेंडर पास हो गए हैं।

अब इन गांवों की फिरनियों का पक्का करने का कार्य मार्च 2024 तक पूरा हो जाएगा। जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में सुविधा रहे। गांवों की फिरनियां टूट जाने से वहां पर गढ्डे बन गए थे। इस वजह से ग्रामीणों के ट्रैक्टर, बुग्गी, कार आदि आने-जाने में दिक्कत होती थी। कई बार तो रास्ते खराब होने से वाहनों को घरों से दूर ही खड़ा करना पड़ता था। परंतु अब फिरनियों के निर्माण के बाद ग्रामीण अपने घरों तक आसानी से पहुंच सकेंगे।

**गांवों** की फिरनियां ब्लॉक टाइल्स से बनने के बाद ग्रामीणों को आने-जाने में सुविधा रहेगी।

**-जगबीर, ग्रामीण**

**गांवों** में फिरनियों के ब्लॉक टाइल्स से बनने के बाद लोगों के ट्रैक्टर व दूसरे वाहन आसानी से गुजर सकेंगे।

**-राजेश कुमारी, ग्रामीण**

**पृथला** ब्लॉक के तीन गांवों की फिरनियों के निर्माण के लिए टेंडर हो चुके हैं। जल्द ही इन गांवों में फिरनियों का निर्माण पूरा करवा दिया जाएगा। जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में सुविधा रहे।

**-संजय कुमार, कनिष्ठ अभियंता, पंचायती राज**

# किताबों से दूर रहकर सोशल मीडिया की तरफ बढ़ रहे हैं लोग : एसके तोमर





पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में जश्न-ए-फरीदाबाद-3 का आयोजन

**फरीदाबाद** साहित्यिक एवं सांस्कृतिक केंद्र की ओर से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय साहित्यिक और सांस्कृतिक उत्सव का तीसरा संस्करण जश्न-ए-फरीदाबाद-3 का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जेसी बोस के कुलपति प्रो. एसके तोमर ने लोगों की किताबों से होती दूरी के बारे में अपनी राय रखी। प्राचीन सांस्कृतिक मूल्यों की वर्तमान प्रासंगिकता विषय पर अपने विचार रखते हुए उन्होंने बताया कि आज लोग किताबों से दूर और मिथ्या से भरे सोशल मीडिया से जुड़ते जा रहे हैं। इसका समाज पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। कुलपति ने कहा कि रामायण, महाभारत हमें आदर्श जीवन यापन का महत्व बताने के लिए काफी है। जीवा इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष डॉ. ऋषिपाल ने बताया कि भारत में 2600 वर्ष पूर्व से चिकित्सा विधि उन्नत रही है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति बचाने की जरूरत है। एफएलसीसी के अध्यक्ष विनोद मलिक ने कहा कि तीन साल कोरोना महामारी के अंतराल के बाद सांस्कृतिक एवं संस्कृति के संगम जश्न-ए-फरीदाबाद-3 का यह आयोजन किया जा रहा है। संस्था का उद्देश्य साहित्य और संस्कृति की समृद्ध विरासत और साहित्य-संस्कृति प्रेमियों को करीब लाना है।एफएलसीसी के अध्यक्ष विनोद मलिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवीन सूद, उपाध्यक्ष ऋषिपाल चौहान, महासचिव एमएल नंदवानी, कोषाध्यक्ष जगदीप मैनी व सासंस्कृतिक सचिव वसु मित्र सत्यार्थी ने मुख्य अतिथि और उपस्थित साहित्य और कला प्रेमियों का स्वागत किया। आमंत्रित अतिथि शंभु नाथ शुक्ला ने प्राचीन सांस्कृतिक मूल्यों की वर्तमान प्रासंगिकता विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि आज लोग किताबों से दूर और मिथ्य तथ्यों से भरे इंटरनेट मीडिया से जुड़ते जा रहे हैं। परिणामस्वरूप समाज में पारिवारिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है। प्रो. एसके तोमर ने अपने संबोधन में एफएलसीसी की इस तरह के आयोजन के लिए सराहना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से एक आदर्श समाज स्थापित करने में सहयोग मिलेगा। इस मौके पर अभिषेक देशवाल द्वारा निर्देशित, देश भक्ति से भरपूर लाइट और साउंड नाटक आजादी का अमृत महोत्सव को समर्पित मैं हूं भारत का सफल और प्रभावी मंचन हुआ।

# पंचायत व ग्रामसभा सदस्यों को अधिकार और कर्तव्य की जानकारी दी



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**हरियाणा** ग्राम विकास संस्थान नीलोखेड़ी व राज्य पंचायत संस्थान केंद्र नीलोखेड़ी की ओर से ग्राम पंचायत विकास योजना पर चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम पंचायत गदपुरी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच नीरज ने की।

गदपुरी पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम सभा के सदस्यों व विभिन्न गांव के जनप्रतिनिधियों ने गांव के विकास योजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। संस्थान से एसपीआरसी प्लानिंग एक्सपर्ट नीलम चिकारा, असिस्टेंट प्रोफेसर कमलदीप सांगवान, एसीईओ युधिष्ठिर, जिला परिषद डीपीएम भारती वशिष्ठ, पीओ पंचायती राज शिव शंकर, प्रशिक्षक संदीप कुमार व नियाज मोहम्मद ने सतत विकास के संकल्प गरीबी मुक्त बेहतर आजीविका वाली ग्राम पंचायत, स्वस्थ बाल हितैषी पंचायत, पर्याप्त जल युक्त पंचायत, स्वच्छ और हरित पंचायत, आत्मनिर्भर और बुनियादी संरचना वाली पंचायत, सामाजिक रूप से संरक्षित पंचायत, सुशासित पंचायत पर विस्तार से जानकारी दी।

इसके साथ ही केंद्र व राज्य सरकार के वित्त आयोग की बारीकियों पर विस्तार से चर्चा की गई। पंचायत सदस्यों व ग्रामसभा सदस्यों को उनके अधिकार और कर्तव्य के बारे में विस्तार से जानकारी देने के साथ-साथ ग्रामवासियों को ग्रामसभा में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# पेपर बेस नैनो सेंसर जांचेगा मिट्टी की आर्द्रता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जमीन** को उपजाऊ बनाने के लिए मिट्टी में कितनी आर्द्रता की जरूरत होती है, ताकि फसल को बेहतर हो सके। मिट्टी की आर्द्रता के कारण फसल को नुकसान से बचाया जा सकता है। आर्द्रता जांच कागज के एक टुकड़े (पेपर बेस नैनो सेंसर) के माध्यम से करने के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. सोनिया बंसल ने अपनी टीम के साथ शोध करने में जुटी हैं। उनका दावा है कि शोध को एक वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा। वहीं, वायुमंडल में आर्द्रता की जांच का शोध पूरा कर लिया गया है।

पेपर बेस नैनो सेंसर तैयार किया जा रहा है। पेपर के ऊपर एक विशेष प्रकार का खाका तैयार किया जा रहा है। इस पर इलेक्ट्रोड, जिंक, सिल्वर सहित कई अन्य रासायनिक पदार्थ का प्रयोग किया जा रहा है। उसे सॉफ्टवेयर के माध्यम से कंप्यूटर में अपलोड कर दिया जाता है। उसे कंप्यूटर प्रिंटर के माध्यम से प्रिंट लेकर आर्द्रता की जांच की जा सकती है। एक विशेष प्रकार का पेपर का प्रयोग किया जा रहा है, जिसकी लागत 50 पैसे से भी कम आती है। मिट्टी में रखने के बाद जल्दी गलता नहीं है। डॉ. सोनिया का कहना है कि जांच के दौरान कई चीजों को ध्यान में रखने की जरूरत होती है।

मिट्टी की गुणवत्ता को तय समय में मापा जा सकता है। इसके माध्यम से मिट्टी की आर्द्रता जांच कर यह बताया जा सकता है कि किसी भी जमीन को उपजाऊ बनाने के लिए कितनी पानी की जरूरत है। आर्द्रता के कारण अक्सर फसल खराब हो जाती है, इसे तैयार होने के बाद फसल को खराब होने से बचाया जा सकता है। हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की ओर से शोध की स्वीकृति दी गई है। हवा, पानी और मिट्टी की आर्द्रता को चार वर्ष में शोध कर रिपोर्ट तैयार करना है। डॉ. सोनिया ने बताया कि हवा व पानी की आर्द्रता की जांच पूरी हो चुकी है। मिट्टी की आर्द्रता को जांच करने के लिए शोध जारी है। उसे एक वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# जनता के उत्थान के लिए क्रियान्वित कीं अनेक कल्याणकारी योजनाएं : प्रवीण डागर

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



## दहलाका व पारौली में विकसित भारत सकल्प यात्रा के पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत

**विधायक** हथीन प्रवीण डागर ने कहा कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए हर नागरिक की भागीदारी बहुत ही जरूरी है। हमें देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करना होगा। नागरिक होने के नाते देश की एकता को सुदृढ़ करना और रक्षा करने वालों का सम्मान करना हम सबका फर्ज है।

विधायक प्रवीण डागर शनिवार को गांव दहलाका में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार व अन्य स्कीमों की जानकारी दी जा रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार ने पिछले नौ वर्षों के दौरान जनता के उत्थान के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित किया है। आज देश का हर परिवार व नागरिक इन योजनाओं का लाभ उठा रहा है। इसी कड़ी में गांव पारौली में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उज्जवला योजना की दो पात्र महिलाओं को गैस चूल्हे वितरित किए गए।

विधायक प्रवीण डागर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रव्यापी आउटरीच पहल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समावेशी विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के उत्थान और अंत्योदय को हासिल करने के लिए कई अनूठी योजनाएं शुरु की हैं और ऐतिहासिक निर्णय लिए है। इस संकल्प यात्रा में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा क्रियान्वित किए जा रहे विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों तथा योजनाओं के लाभार्थियों के विचारों को सभी के साथ सांझा किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को भी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जा रहा है। इस अवसर पर कृषि विभाग की तरफ से दीदी ड्रोन की प्रदर्शनी भी की गई, जिसका विधायक प्रवीण डागर ने अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिताओं के विजेता स्कूली बच्चों और उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पुरस्कृत किया गया।

विधायक ने गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगाए गए विभिन्न विभागों की स्टालों का अवलोकन किया और मौजूद लोगों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। विधायक ने इस मौके पर लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित कर उनका निपटान भी किया। ग्रामीणों ने विधायक प्रवीण डागर व अन्य गणमान्य अतिथियों का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर बीडीपीओ नरेश कुमार, उप सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी, दहलाका गांव के सरपंच रंजीत सिंह, पारौली गांव के सरपंच सतीश, किन्नी, दलीप, मनोज, हुकम सिंह, इब्राहिम, कमाल, सुखराम सहित महिलाएं व ग्रामीण मौजूद रहे।

# गांवों के श्मशान घाटों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**शिवधाम** योजना के तहत पृथला ब्लॉक के 37 गांवों के श्मशान घाटों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस योजना पर करोड़ों की लागत आएगी। योजना पर अमल के बाद लोगों को सभी श्मशान घाटों में सभी सुविधाएं मौके पर ही उपलब्ध होंगी। योजना पर पृथला ब्लॉक के श्मशान घाटों के नवीनिकरण पर लगभग चार करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे।

ब्लॉक में पड़ने वाले गांवों के श्मशान घाटों तक रास्तों को ब्लॉक टाइल्स से पक्का किया जाएगा। इसके अलावा सभी श्मशान घाट व कब्रिस्तानों की चारदीवारी की जाएगी। श्मशान घाटों में पानी के प्रबंध के लिए हैडपंप और सबमरसिबल पंप लगाए जाएंगे, टीन शेड्स भी डलवाई जाएंगी। जिससे बरसात के समय लोगों को कठिनाई नहीं हो। इसके अलावा श्मशान घाटों में लोगों के बैठने के लिए कुर्सियां आदि भी डलवाई जाएंगी। श्मशान घाटों में पौधारोपण भी करवाया जाएगा। जिससे वहां पर वातावरण साफ-सुधरा व स्वच्छ रहेगा। शिव धाम योजना को मार्च 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। इस योजना के पूरा होने से श्मशान पर आने-जाने में लोगों को कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। अब तक श्मशानों के लिए कई जगह पक्के रास्ते नहीं होने से कई बार लोगों के पैरों में कांटे आदि चुभ जाते थे। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

**इन गांवों को मिलेगा फायदा :** इस योजना से पृथला ब्लॉक के पृथला, अलावलपुर, बघौला, मीरापुर, ततारपुर, सोफ्ता, सिंकदरपुर, सहराला, पातली खुर्द, नंगला भीकू, मीरापुर, मंदपुरी, जटौला, मांदकौल, कुरारा साहपुर, घाघोट, कलवाका, ककड़ीपुर, गोपीखेड़ा, गदपुरी, खजूरका, कटेसरा, जनौली, डूंडसा, दूधौला, बढ़राम, असावटी, अमरपुर, गदपुरी, सिंकदरपुर, जलाहका आदि गांवों में निर्माण कार्य होंगे।

**पृथला** ब्लॉक के गांवों के श्मशान घाटों में सरकार की तरफ से मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इससे ग्रामीण श्मशान आराम से आ जा सकेंगे।

**-ओमबीर, ग्रामीण**

**पृथला** ब्लॉक के सभी गांवों के शमशानों के लिए रास्तों को पक्का, चारदिवारी आदि करवाई जाएगी। जिससे ग्रामीणों को सुविधा रह सके।

**-दीलबीर सिंह, ग्रामीण**

**शिवधाम** योजना के तहत पृथला ब्लॉक के सभी 37 गांवों में श्मशान घाटों से लोगों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

**-संजय कुमार, कनिष्ठ अभियंता, पंचायती राज, पृथला ब्लॉक**

# नाले का कार्य पूरा, सीवर ओवरफ्लो की समस्या से मिलेगी निजात

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहर** के मोहना रोड से गुजरने वाला प्रमुख नाले का कार्य पूरा हो गया है। इस नाले का कार्य पूरा होने से लोगों को अब सीवर ओवरफ्लो की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। वहीं नाले के निर्माण के दौरान तोड़ी गई पुलिया व रास्ते के रैंप का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

शहर के कल्पना चावला सिटी पार्क से लेकर बाईपास तक करीब 3.1 किलोमीटर लंबे नाले का जीर्णोद्धार का काम वर्ष 2019 में शुरू हुआ था। जिसको दो साल में पूरा करना था, लेकिन निर्माण कार्य साल 2023 में पूरा हो गया है। नाले के निर्माण कार्य पर 10.13 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

कार्य के दौरान जगह जगह बनी हुई पुलिया के रैंप को तोड़ दिया गया। जिससे लोगों को नाले के दूसरी ओर जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। नाले की एक ओर मोहना रोड बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर छोटी बड़ी दुकानें बनी हुई है। इसके अलावा कुछ जगहों पर कॉलोनी व सेक्टर में जाने के रास्ते भी बने हुए हैं। दुकानें व सेक्टरों में जाने के लिए नाले के ऊपर पुलिया का निर्माण किया हुआ था। लेकिन नाले के निर्माण के दौरान सभी पुलिया को तोड़ दिया गया। जिसके बाद लोगों ने अपने स्तर पर अस्थाई पुलिया का बनाया। जिससे वाहनों व लोगों को गुजरने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने नगर निगम को आदेश दिए कि नाले के ऊपर जिस भी जगह पर पुलिया का निर्माण किया गया था, उसको तुरंत प्रभाव से दुरुस्त करके रैंप को बनाया जाए। शनिवार को मोहना रोड पर बने नाले की कई पुलिया के रैंप का कार्य शुरु कर दिया गया। जिससे अब लोगों को निकलने में किसी प्रकार से कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नौ दिसंबर को



**पलवल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुनाल गर्ग ने बताया कि नौ दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करके अधिक से अधिक केसों के निपटाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। सीजेएम कुनाल गर्ग ने बताया कि पलवल, होडल व हथीन में आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में केसों के निपटान के लिए विभिन्न सात बैंचों का गठन किया गया है। बैंच में न्यायाधीश तथा सदस्य अधिवक्ता को शामिल किया गया है। अधिक से अधिक लंबित व प्री-लेटिगेटिव केसों को लोक अदालत में निपटाना लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है। सीजेएम ने बताया कि नौ दिसंबर को पलवल, होडल व हथीन में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक संबंधी मामले, मनी रिकवरी केस, लेबर डिस्प्यूट, बिजली व पानी बिल के संबंधी मामले, आपराधिक, वैवाहिक तथा अन्य दावे संबंधी केसों का निपटान किया जाएगा।

## बैंक अधिकारी बनकर कारोबारी के खाते से निकाले छह लाख

**फरीदाबाद।** बैंक अधिकारी बनकर कुछ ठगों ने एक कारोबारी से संपर्क किया और धोखे से बैंक के चेक ले गए। अगले दिन चेक के माध्यम से कारोबारी के खाते से करीब छह लाख रुपये निकाल लिए। सारन थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जवाहर कॉलोनी निवासी सतीश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका कारोबार है। पत्नी भी एक फर्म चलाती हैं। दिल्ली और फरीदाबाद के तीन अलग-अलग बैंकों में उनका खाता है। दिवाली के कुछ दिनों बाद उनके मोबाइल पर एक अंजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को एक बैंक अधिकारी बताते हुए बैंक खाते की लिमिट बढ़ाने का ऑफर दिया। आरोपी ने कहा कि लिमिट बढ़ने के बाद 18 से 20 लाख रुपये तक जमा-निकासी आसानी से कर सकते हैं। पीड़ित ठग के बिछाए जाल में फंस गया और लिमिट बढ़ाने के लिए हां कर दी। पीड़ित ने ठग के फोन पर बैंक की स्टेटमेंट व अन्य जानकारी भेज दी। आरोपी ने कहा कि इसके लिए सिक्योरिटी के नाम पर हस्ताक्षर किए तीन खाली चेक देने होंगे। मोहित खन्ना नाम का व्यक्ति उनके घर आया और चेक ले गया। आरोपी ने चेक के माध्यम से दो बैंक खाते से करीब छह लाख रुपये निकाल लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## बातों में फंसाकर महिला से सोने की चूड़ी ठगी

**फरीदाबाद।** सोना पहनकर घूमने वालों की सरकार सर्वे करा रही है। यह कहकर ठगों ने एक महिला से सोने की चूड़ी उतरवा ली और बातों में उलझाकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सेक्टर-31 निवासी प्रमिला कत्याल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 नवंबर को वह अपने घर के पास गेट नंबर चार के पास खड़ी थीं। इस दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक आए और कहा कि सरकार एक सर्वे करा रही है, जिसमें ये देखा जा रहा है कि कौन-कौन व्यक्ति सोने की जेवरात पहनकर सड़क पर चलते हैं। महिला को झांसे में लेकर आरोपियों ने उसके हाथ में पहनी सोने की चूड़ी उतरवा ली। आरोपियों ने चूड़ी एक कागज में लपेटकर वापस दे दी और ध्यान से रखने को कहा। कुछ समय बाद महिला ने कागज खोलकर देखा तो अंदर असली की जगह नकली सोने की चूड़ी थी। सेक्टर-31 थाना पुलिस ने मामला दर्जकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## आप नेता संतोष यादव ने पुलिस का आभार जताया



**फरीदाबाद।** आप नेता संतोष यादव ने कोतवाली थाने और उच्च पुलिस अधिकारियों का बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए आभार जताया और कहा कि वासी हो या प्रवासी सबकी मदद के लिए हमारी टीम तैयार है और क्षेत्र में गुंडागर्दी करने वालों से आर पार की लड़ाई है। इस मौके पर कमलकांत ने बताया कि जब जिम गया तो सुबह ही बदमाश जिम से उठाकर गाड़ी में ले गए और मारपीट कर सोने की चेन छीन ले गए तथा 15 लाख की फिरौती मांगी न देने की सूरत में परिवार को जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने मदद करने वाले सभी समाजसेवी और पुलिस का आभार जता अपील की कि जल्दी से जल्दी आरोपी को पकड़ा जाए। इन बदमाशों पर पहले से भी दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं और बदमाशी इनका पेशा बन गया है।

## पलवल में मिला आठ वर्षीय बच्ची का शव

**पलवल।** चांदहट थाना क्षेत्र में रहीमपुर खादर गांव के निकट यमुना नदी में एक सात-आठ वर्षीय बच्ची का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। वहीं, पुलिस बच्ची की शिनाख्त में जुट गई है। चांदहट थाना प्रभारी कैलाशचंद के अनुसार उन्हें सूचना मिली कि रहीमपुर गांव के निकट यमुना में एक बच्ची का शव पड़ा हुआ है। वह सूचना मिलते ही अपनी टीम को लेकर मौके पर पहुंचे तो वहां एक बच्ची यमुना में पड़ी हुई थी। बच्ची की उम्र करीब सात-आठ वर्ष है और बच्ची पूरी तरह से अपाहिज है। बच्ची को रस्सी द्वारा पत्थरों से बांधकर किसी ने यमुना में डाला हुआ था। पुलिस ने बच्ची के शव को यमुना से निकालकर जिला नागरिक अस्पताल भिजवा दिया, जहां पोस्टमार्टम के बाद पहचान के लिए रखवा दिया है।

## फर्जी कागजात के आधार पर गाड़ी लेकर हुए फरार

**फरीदाबाद।** ऑनलाइन गाड़ी बुक करने के बाद मालिक को गाड़ी वापस नहीं करने का मामला सामने आया है। सभी आरोपियों ने योजना बनाकर धोखाधड़ी व फर्जी कागजात तैयार करके गाड़ी को लेकर फरार हो गए। थाना आदर्श नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरि विहार निवासी रुपेश कुमार ने बताया कि उसने जूमकार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ ऑनलाइन एग्रीमेंट किया हुआ है। एग्रीमेंट के अनुसार वह अपनी खुद की गाड़ी को किराये पर देते हैं। पहली बार जूमकार वालों ने उनकी गाड़ी को 21 नवंबर की सुबह आठ बजे किराए पर जयपुर निवासी मोहम्मद अलमस को दी थी। वह गाड़ी शाम को छह बजे वापिस देकर चला गया। उसी दिन रात को दोबारा उनकी गाड़ी को नई दिल्ली निवासी सूरज ने बुक किया और लेकर चला गया। 24 नवंबर तक उनकी गाड़ी सूरज वापस लेकर नहीं आया। जिसकी शिकायत जूमकार के कस्टमर केयर के नम्बर पर फोन करके की। उसके बावजूद भी उनकी गाड़ी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। इस समस्या को लेकर कई बार कंपनी से मेल के जरिए संपर्क किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। जिसके बाद उन्होंने अपने स्तर पर गाड़ी के बारे में पता किया, तो उनको पता चला कि गाड़ी अलमस, उदय, गजेंद्र, योगेश लेकर चले गए। आरोप है कि सभी आरोपियों ने जूमकार की करीब 18 गाड़ियों को इसी तरीके से चोरी करके ले गए। उन सभी गाड़ियों को चोरी करने के बाद जयपुर, अजमेर, जोधपुर फर्जी दस्तावेज को बनाकर बेच देते हैं।

## अशोका एंक्लेव में लगाया चिकित्सा शिविर



**फरीदबाद।** आरडब्ल्यूए अशोका एंक्लेव पार्ट-3 के सहयोग से अखिल भारतीय आयुर्वेदिक संस्थान दिल्ली के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। समय सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक आरडब्ल्यूए अशोका एंक्लेव-3 के कार्यालय परिसर में सभी प्रकार की बीमारियों की निशुल्क जांच की गई और निंशुल्क दवाएं वितरित की गईं। करीब 237 लोगों का पंजीकरण किया गया। जितेंद्र यादव और मुकेश मलिक अध्यक्ष आरडब्ल्यूए अशोका एंक्लेव पार्ट-3 ने डॉक्टर्स का स्वागत किया। इस अवसर पर रोहताश, मुकेश गुप्ता, एचके ठाकुर, कुलदीप खोसला, अश्वनी खोसला, श्रुति मलिक समन्वयक, एके पंडित भी इस मेगा आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित थे।

# तीन राज्यों में जीत पर भाजपाइयों ने किया डांस, बांटी मिठाई

## जनता ने कांग्रेस को नकार कर विकास की राजनीति पर लगाई मुहर

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम भाजपा कार्यालय में तीन राज्यों की जीत पर डांस करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

**राजस्थान,** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा की विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत होने पर गुरुग्राम पार्टी कार्यालय गुरुकमल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर और ढोल की थाप पर जमकर डांस किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

तीन राज्यों में हुई जीत पर जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि यह जीत जनता जनार्दन की जीत है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वास की जीत है। तीनों राज्यों में हुई भाजपा की जीत से उत्साहित जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी शाम 6.30 बजे मुख्यालय और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम से भी सैकड़ों कार्यकर्ता दिल्ली भाजपा मुख्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुनेंगे। भाजपा मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने कहा कि रविवार को शुरू के चुनावी रूझानों ने भाजपा की जीत पक्की कर दी थी। भाजपा की जीत होने पर कार्यकर्ताओं व समर्थकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। जिला में जगह-जगह समर्थकों ने जश्न मनाया। अजीत यादव ने बताया कि जनता के सिर मोदी का जादू चढ़कर बोल रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने राजस्थान, छत्तसीगढ़ और मध्य प्रदेश में हुई भाजपा की जीत को मोदी की गारंटी की जीत बताया।

उन्होंने कहा कि तीनों राज्यों की जनता ने मोदी की गरीब कल्याण की नीतियों पर मुहर लगाकर कांग्रेस का सुपड़ा साफ किया है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, सुनील कोहली, हरविंद कोहली, अरुण यादव, अरविंद सैनी, बेगराज यादव, मनीष गाडौली, राजेश अरोड़ा, अजीत बेनीवाल, कुलदीप यादव, ब्रह्म यादव, सोनाली मित्र, ज्योति डेमला सोनिया यादव, निधि राघव, जयवीर यादव, रमेश बेनीवाल समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जनता ने बताया देश का भविष्य भाजपा के हाथों में ही सुरक्षित: नवीन गोयल

### इन चुनावों में जीत के साथ आने वाले चुनावों में भी रखी गई जीत की नींव

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जनता ने जताया पूरा भरोसा



नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने कहा कि रविवार को जारी चुनाव परिणामों में तीन प्रदेशों में भारतीय जनता पार्टी की जीत ने यह तय कर दिया है कि अब भविष्य में होने वाले चुनावों के परिणाम भी भाजपा के पक्ष में ही रहेंगे। अगले साल लोकसभा और हरियाणा विधानसभा के चुनावों की भी जीत की नींव अब रखी जा चुकी है।

नवीन गोयल ने कहा कि देश ही नहीं दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रभाव है। भाजपा में उनका नेतृत्व देश को मजबूती दे रहा है। हर वर्ग के लिए विशेष योजनाएं बनाकर पीएम मोदी ने देश का दिल जीतने का काम किया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह जैसा मजबूत नेतृत्व ही देश को आगे लेकर जा रहा है। हर राज्य की जनता इसे देख रही है। राजस्थान, मध्यप्रदेश समेत अन्य राज्यों की जनता ने विपक्षी दलों के लुभावने वायदे नहीं देखे। जनता ने विकास और देश की मजबूती की बातों, वायदों पर विश्वास करके भारतीय जनता पार्टी को चुनाव है। नवीन गोयल ने कहा कि चुनाव रणनीति और चुनाव लड़ने की जो मजबूती है, यह अपने आप में अहम है। कार्यकर्ताओं को उचित ड्यूटी देकर पार्टी काम सौंपती है। चाहे बूथ की बात हो या पन्ना प्रमुख की। कार्यकर्ताओं की फौज तैयार करके देश में भाजपा ने जो प्रयोग किए हैं, वे सफल रहे हैं। पार्टी की नीतियों को किसी शहर, कस्बे तक नहीं बल्कि घर-घर और हर मतदाता तक, हर व्यक्ति तक पहुंचाने वाली भारतीय जनता पार्टी की जीत का यही फार्मूला अहम है।

## संक्षिप्त समाचार

### रतनपाल खटाना बनें मेवात चैंबर कॉमर्स ऑफ इंडस्ट्रीज के प्रधान



**सोहना।** रोजका मेव औद्योगिक क्षेत्र की मेवात चैंबर कॉमर्स ऑफ इंडस्ट्रीज के आम चुनाव में रतन सिंह खटाना को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया है। उपप्रधान के पद पर तन्नू अग्रवाल को चुना गया। नवनियक्त प्रधान ने मौके पर ही अपनी कार्यकारिणी का चयन करते हुए घोषणा कर दी। रविवार को रोजका मेव औद्योगिक क्षेत्र की मेवात चैंबर कॉमर्स ऑफ इंडस्ट्रीज की आम बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य चार साल पूरे हो जाने के बाद एसोसिएशन का चुनाव कराना था। जिसमें एसोसिएशन के सभी सदस्य और पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से रतन पाल खटाना को अपना प्रधान नियुक्त किया। नवनियुक्त प्रधान ने उपप्रधान की सहमति से मौके पर अपनी कार्यकारिणी का गंठन भी करते हुए घोषणा कर दी। जिसमें एसोसिएशन ऑपरेटर अधिकारी के पद पर गगन दीप सिंह, महासचिव पद पर प्रवीण भारद्वाज सचिव असीम दत्त, सहसचिव मोहित जांगड़ा कोषाध्यक्ष आशिश घोष, प्रवक्ता अरविंद चौरसिया अन्य पदों पर रंणजीत कराहना, विरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि। प्रधान बनने पर रतन पाल खटाना ने सभी उद्योगपतियों को आश्वासन देते हुए कहा कि जिस विश्वास पर उन्हें प्रधान बनाया है। एसोसिशन के उस भरोसे को बनाएं रखने का हमेशा प्रयास रहेगा। क्षेत्र की बंद पड़ी यूनिटों को चालू कराने और नये उद्योग लगाने का प्रयास किया जाएगा। ताकि उद्योग बढ़ने से यहा कारोबार बढ़ सके।

### दिव्यांग विद्यार्थियों ने जीत हासिल कर दिखाया हौसला



**सोहना।** शहर के राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर दिव्यांग और सामान्य विद्यार्थियों के बीच भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताएं कराई गई। दिव्यांग और सामान्य विद्यार्थियों को एक साथ पढ़ने और समझने का अवसर भी दिया गया। शनिवार को विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर स्थानीय राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में दिव्यांग विद्यार्थियों की ड्राइंग, पेंटिंग, जूडो, कैरम, डांस और निबंध प्रतियोगिताएं कराई गई। इन प्रतियोगिताओ में सैकड़ों की संख्या में दिव्यांग और सामान्य विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य सुरेंद्र वर्मा, मोहनलाल, धर्मबीर सिंह, कलैश चंद आदि गणमान्य लोगों ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया। दिव्यांग और सामान्य विद्यार्थियों की सयुक्त रुप से कक्षाएं चलाकर उनका शिक्षा के प्रति लगन और उत्साह बढ़ाने का कार्य किया। दिव्यांग विद्यार्थी सामान्य विद्यार्थियों के संग में काफी खुश नजर आए। यह देख दिव्यांग विद्यार्थियों के अभिभावकों के चेहरे खिल उठें। इस अवसर पर वक्ताओं ने दिव्यांग विद्यार्थियों को हमेशा हौसला बढ़ाने का संदेश दिया। दिव्यांग विद्यार्थियों को हर संभव मदद की आश्वासन दिया।

## जनता ने फिर से पीएम मोदी की नीतियों पर जताया विश्वास : विधायक सुधीर सिंगला



गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला के कार्यालय पर जीत का जश्न मनाते उनके समर्थक और भाजपा कार्यकर्ता।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी की तीन राज्यों में जीत पर खुशी जाहिर करते हुए गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा है कि यह देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का जलवा है। उनकी नीतियों पर विश्वास करते हुए सभी राज्यों ने भारतीय जनता पार्टी में विश्वास दिखाया और जीत झोली में डाल दी। इस जीत के साथ साफ हो गया है कि देश में अब कांग्रेस का कोई वर्चस्व नहीं रह गया है।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि उन्होंने राजस्थान के चुनावों में प्रचार के दौरान जनता का जो रुझान भारतीय जनता पार्टी की तरफ नजर आया। चुनाव परिणाम भी ठीक उसी के अनुरूप आए। उन्होंने कहा कि देश को भीतरी, बाहरी क्षेत्र से मजबूत बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया में दिखा दिखाया है कि नेक नीयति से अगर काम किया जाता है तो कितनी भी कठिनाइयां आएं उनसे पार पा सकते हैं। सीमाओं पर देश की रक्षा की बात हो या दुनियाभर में भारत की मजबूत आर्थिक, सामाजिक स्थिति। हर मोर्चे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के प्रभावशाली, मजबूत देशों को बताया है कि भारत अब मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा कि छोटे से लेकर बड़े चुनाव तक भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता जिस मजबूती से काम करते हैं, इस जीत में उनका बड़ा श्रेय है। पार्टी की जमीनी स्तर पर रणनीति, बूथ स्तर तक मजबूती, कार्यकर्ताओं में पार्टी के प्रति समर्पण की भावना समेत अनेक ऐसे फेक्टर हैं, जिनकी वजह से पार्टी आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनी है। हर चुनाव में सिर्फ और सिर्फ जीत के इरादे से भारतीय जनता पार्टी उतरती है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि 2024 में होने जा रहे लोकसभा और हरियाणा विधानसभा के चुनावों का नतीजा भी आज की जीत के साथ तय हो गया है। हरियाणा में भी अब भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार सरकार बनाकर विकास के रथ को जारी रखेगी।

## सब पर भारी पड़ी मोदी की गारंटी: बोधराज सीकरी



बोधराज सीकरी।

**गुरुग्राम।** पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष बोधराज सीकरी ने 3 राज्यों के चुनाव परिणामों को लेकर कहा कि तमाम पूर्वानुमानों को धता बताते हुए भाजपा ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शानदार और अप्रत्याशित जीत दर्ज की है। एक तरफ जहां राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने बड़े अंतर से कांग्रेस की अलोकप्रिय स्थिति कर दी है। बोधराज सीकरी ने कहा कि जनता ने कांग्रेस सरकारों को उखाड़ फेंका है तो, वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश में और अधिक बहुमत के साथ अपने अनवरत जीत के अभियान को बरकरार रखा है। इन तीनों ही राज्यों में कांग्रेस ने जनता को गुमराह करने के तमाम चुनावी हथकंडे अपनाए लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के सामने वो दूर-दूर तक कहीं भी टिक नहीं पाए और मोदी की गारंटी सब पर भारी पड़ी। भाजपा सामूहिक रूप में चुनाव लड़ती है लेकिन इन विधानसभा चुनावों में जीत का श्रेय पूरी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व भाजपा के नेतृत्व की जनकल्याणकारी नीतियों को जाता है। हरियाणा राजस्थान से लगा हुआ पड़ोसी राज्य है। यहां के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और भाजपा के सांसदों, विधायकों और लगभग तमाम बड़े नेताओं ने राजस्थान विधानसभा चुनाव में खूब मेहनत की जिसका असर भी नतीजों से झलकता है। इसका लाभ हरियाणा में भी आगामी लोकसभा, विधानसभा और नगर निगम चुनावों में भाजपा को स्वाभाविक रूप से मिलेगा। पार्टी कार्यकर्ताओं में भी इस जीत से अतिरिक्त जोश का संचार होगा और वो एकजुट होकर चुनाव में उतरेंगे।

## दौला और खरोदा में हुआ विकसित भारत संकल्प-जनसंवाद यात्रा का स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



राष्ट्र निर्माण की शपथ लेते ग्रामीण व बच्चे।

**विकसित** भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद यात्रा के रविवार को सोहना खंड के गांव दौला और खरोदा में जनसहयोग से शानदार कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दोनों गांवों में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए 16 से अधिक विभागों की स्टालें लगाई गई थीं। ग्रामीणों ने इस मौके का फायदा उठाते हुए अपने आवेदन पत्र योजना से संबंधित पोर्टल पर अपलोड करवाए।

दौला गांव में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव प्रदीप गुर्जर तथा गांव खरोदा में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय कोषाध्यक्ष सज्जन सिंह यादव मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। दोनों गांव के राजकीय विद्यालय के प्रांगण में आयोजित हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रदीप गुर्जर व सज्जन सिंह यादव ने ग्रामवासियों को राष्ट्र निर्माण का संकल्प करवाया। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम एवं लाभकारी योजनाओं से वंचित व्यक्ति का कल्याण करना इस यात्रा का प्रथम उद्देश्य है। यह यात्रा जिला गुरुग्राम में 26 जनवरी तक जारी रहेगी।

**वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया** : ग्रामवासियों ने ग्रामीणों ने शपथ ली कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सपने को साकार करने के लिए वर्ष 2047 तक देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का काम करेंगे। दोनों गांव में केंद्र व हरियाणा सरकार की उपलब्धियों पर आधारित वृत्त चित्र वीडियो वैन की स्क्रीन पर दिखाए गए। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से इस अवसर पर सरकार द्वारा विभिन्न वर्गों के लिए चलाई जा रही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रचार सामग्री का वितरण किया गया।

**मेरी कहानी मेरी जुबानी** : गांव खरोदा निवासी नीतू रानी ने बताया कि परिवार पहचान पत्र बनने के बाद स्वतः उसका अंत्योदय राशन कार्ड बन गया है, उसे कहीं भी पीला राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन नहीं करना पड़ा। वह सरकार की इस ठोस नीति से अत्यंत प्रसन्न है।

## साइकिल रैली निकालकर ब्रेन स्ट्रोक के प्रति किया जागरूक

### रैली में 600 से ज्यादा साइकिल सवारों ने लिया हिस्सा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में सेहत की खातिर आयोजित साईक्लोथोन में भाग लेकर खुशी जताते लोग।

**फोर्टिस** मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट ने ब्रेन स्ट्रोक अवेयरनेस साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन डीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र विज ने फोर्टिस गुरुग्राम के परिसर से किया। इस कार्यक्रम में 600 से ज्यादा साइकिल सवारों ने हिस्सा लिया और 13 किमी की दूरी तय की।

इस दौरान सभी साइकिल सवार गुरुग्राम के प्रमुख स्थानों से होकर गुजरे। इस प्रयास से न सिर्फ शारीरिक तंदरुस्ती को बढ़ावा मिला, बल्कि इसका उद्देश्य ब्रेन स्ट्रोक के बारे में लोगों के बीच जागरुकता बढ़ाना भी था। साइक्लोथॉन के अलावा लाइव ज़ुम्बा सेशन और अहम जानकारी देने वाली सेहत संबंधी चर्चा का भी आयोजन किया गया। जिसमें ब्रेन स्ट्रोक से बचाव और उसके प्रति जागरुकता बढ़ाने पर ज़ोर दिया गया। डॉ. प्रवीण गुप्ता डायरेक्टर एवं यूनिट हेड न्यूरोलॉजी ने इस सत्र का नेतृत्व किया। उन्होंने युवाओं के बीच ब्रेन स्ट्रोक के बढ़ते मामलों के चिंताजनक रुझान के बारे में कहा कि पुरानी मान्यता है कि स्ट्रोक मुख्य रूप से वृद्ध लोगों में ही होता है। ऐसा नहीं है।

डॉ. गुप्ता ने इस बात पर ज़ोर दिया कि सर्दियों के मौसम की वजह से स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। क्योंकि तापमान कम होने से खून गाढ़ा हो जाता है और धमनियां संकरी हो जाती हैं। उन्होंने बताया कि तनाव, सेहत को नुकसान पहुंचाने वाली खानपान की आदतें, दवाओं का गलत इस्तेमाल, धूम्रपान और व्यायाम की कमी, जोखिम के प्रमुख कारण हैं। खास तौर पर युवाओं में।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि नियमित साइकिलिंग, हर दिन कम से कम 20 से 30 मिनट तक व्यायाम करने, फास्ट फूड और शुगरी ड्रिंक्स से परहेज करने, नशीली दवाओं और एल्कोहॉल से बचने जैसी जीवनशैली में बदलाव लाने वाली आदतें अपनाने से स्ट्रोक का जोखिम काफी हद तक कम किया जा सकता है। डॉ. विजय कांत दीक्षित डायरेक्टर इंटरवेंशनल न्यूरोरेडियोलॉजी ने कहा कि हम देख रहे हैं कि इन दिनों खास तौर पर युवाओं में ब्रेन स्ट्रोक के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में यह आम लोगों को इस बारे में जानकारी देने के हमारे प्रयासों को गति देना महत्वपूर्ण हो गया है।

## सब्जी आढ़तियों ने अनाज मंडी में अपनी जगह छोड़ किसानों के लिए बने टीन सेड पर किया कब्जा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना अनाज मंडी में टीन सैड के नीचे लगती सब्जी की बोली।

**मार्केट** कमेटी प्रशासन की निष्क्रियता के चलते अनाज मंडी परिसर में जंगल राज बना हुआ है। सब्जी आढ़ती अपने निरधारित स्थानों को छोड़ किसानों के लिए बना टीन सेड के नीचे खुली बोल लगा रहे है। जिनमें सब्जी बेचने के लाइसेंस की आड़ में दुकानदार खुली बोली लगाने वालों की संख्या अधिक है। सरकारी फ्ड को किराए पर देकर आढ़ती मार्केट कमेटी के नियमों की धज्जियां उड़ाने में जुटे हुए हैं।

अनाज मंडी परिसर में (अंधेर नगरी चौपट राज) वाली उक्त कहावत पूरी पूर्ण रुप से चरितार्थ हो रही है। क्योकि मंडी परिसर में अवैध निर्माण कार्यों से लेकर अवैध कब्जे, अतिक्रमण और निरधारित स्थानों पर गैरकानूनी कारोबार धड़ल्ले से चल रहे है। मंडी परिसर में रेहड़ी व ठेला वालों ले लेकर खोखाधारकों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही हैं। जिससे मंडी परिसर में आम लोगों से लेकर किसानों को पैदल चलने के लिए भी खुले रास्ता तक नहीं है।

**सफाई व्यवस्था चरमराई** : मंडी परिसर में गंदगी के ढेर लगे हुए है। ठेकेदार के सफाई कर्मी केवल आम रास्तों पर ही सफाई करते है। जबकि खुले फ्डों के ऊपर लगे कूड़े के ढ़ेरों से उठती बदबू के कारण लोगों को इनके आसपास से निकलना भी मुश्किल हो रहा है। आवारा घूमने वाली गाय अपना मलमूंत्र ऐसे की गंदगी वाले स्थानों पर त्याग देने से बदबू और बढ़ जाती है।

**टीन सेड़ में सब्जी की खुली बोली** : सब्जी आढ़तियों लेकर सब्जी बेचने का लाइसेंस लेने वाले अब खुली बोली लगा रहे हैं। सब्जी आढ़तियों ने अपने निरधारित स्थानों को छोड़ किसानों के लिए बना टीन सेड के नीचे बैठ रहे हैं। टीन सेड के नीचे सब्जी की खुली बोली लगाने वालों स्थान निश्चित करके सब्जियों के भरे बारदाने 24 घंटे रखें हुए हैं।

**क्या कहते हैं किसान** : ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले किसान सतीश का कहना है कि किसानों को मंडी परिसर में कोई सुविधा नहीं मिल रही है। किसान अपने वाहन को निरधारित स्थान पर खड़ा नहीं कर सकता। जिससे किसानों के वाहन मंडी परिसर में से चोरी हो रहे है। किसाना द्वारा बिक्री के लिए लाया गया अनाज को टीन सेड के नीचे ढेरी न लगाकर खुले आसमान के नीचे लगाने का मजबूर हैं। इस संबंध में मार्केट कमेटी प्रशासन का कोई अधिकारी बोलने का तैयार नहीं होते।

## शादियों के मौसम एवं नए साल के जश्न को लेकर गुरुग्राम सेक्टर 77 स्थित आपनोघर रेजॉर्ट कर रहा लोगों को आकर्षित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शादियों** का मौसम जोरों शोरों में है और इस दौरान सभी को एक ऐसे स्थान की तलाश होती है जहां शानदार नजारे, आदर्श मनोरंजन, स्वादिष्ट भोजन और स्थानीय गानों की धुनों के साथ हर किसी को एक यादगार अनुभव मिले। इसी तलाश में, दिल्ली एनसीआर के गुरुग्राम सेक्टर 77 में स्थित आपनोघर आपका स्वागत कर रहा है। चाहे अपने साथी के साथ रोमांटिक पल बिताने हो, परिवार के साथ सुकून के पल बिताने हो अथवा शादी विवाह जैसे कार्यक्रम को भव्य बनाना हो सभी इसी एक छत के नीचे उपलब्ध हैं।

आपनोघर रेजॉर्ट की सुंदरता और आत्मीयता इसे विशेष बनाती हैं। यहां बिताई गई शामें जीवन भर के लिए यादगार बनती हैं। गुरुग्राम के सेक्टर 77 में स्थित यह रेजॉर्ट आपको शानदार नजारों के साथ अद्वितीय मनोरंजन प्रदान करता है। आपनोघर में 67 सुशोभित कमरे हैं, जिन्हें शानदार ढंग से डिजाइन किया गया है। इनमें सभी आवश्यक सुविधाएं हैं, जो आपकी रहने को आरामदायक बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं। रेज़ॉर्ट की खासियतों में से एक यह है कि यह आपको अनूठे अनुभव प्रदान करता है जो आपको अन्य कहीं मुश्किल से मिलेगा।

आपनोघर के बहु-व्यंजन बाजा रेस्तरां में आपको उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, चीनी, और महाद्वीपीय भोजन का विविध चयन मिलता है। यहां आप अपने स्वाद के अनुसार अनगिनत विकल्पों में से चयन कर सकते हैं। आपनोघर में मनोरंजन पार्क और वॉटर पार्क भी है, जहां आप रोमांचक सवारियों, साहसिक गतिविधियों, और पानी से भरे रोमांच का आनंद ले सकते हैं। यहां संगीतमय मंच कार्यक्रम, कठपुतली शो, और विभिन्न आकर्षणों से भरपूर दिन बिता सकते हैं। आपनोघर रेजॉर्ट एक आदर्श स्थान है जहां आप अपने खास मौके के समारोह की योजना बना सकते हैं। यहां दो हरे-भरे पार्टी लॉन और बैंक्वेट हॉल भी हैं जो विवाह, कॉर्पोरेट मीटिंग्स, सम्मेलन, जन्मदिन आयोजनों के लिए उपयुक्त हैं। आपनोघर ने अपने मेहमानों के लिए विभिन्न पैकेज पेश किए हैं, जो उनकी आवश्यकताओं और बजट के अनुसार अनुकूलित किए जा सकते हैं।

## अहमदाबाद के मारेंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने पश्चिम भारत में लिवर ट्रांसप्लांट के सर्वोत्तम केंद्र के रूप में बनाई अपनी पहचान

पायनियर समाचार सेवा। अहमदाबाद



**अहमदाबाद** के मारेंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल को सबसे जटिल ऑर्गन ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करने, तथा मरीज के उपचार में सर्वोत्तम नतीजों के साथ उन्हें नई ज़िंदगी देने के लिए जाना जाता है। इस देश के उन गिने-चुने अस्पतालों में से एक है, जहां हार्ट, लंग्स, लिवर, किडनी और बोन-मैरो जैसे कई तरह के ऑर्गन ट्रांसप्लांट की सुविधाएँ एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। बड़ी संख्या में मरीजों का लिवर ट्रांसप्लांट करने वाला मारेंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल, आज पश्चिम भारत में इस उच्च-स्तरीय सर्जरी के लिए सबसे पसंदीदा केंद्र के रूप में उभर कर सामने आया है। अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांट की टीम की कमान डॉ. पुनित सिंगला, क्लिनिकल डायरेक्टर, लिवर ट्रांसप्लांट एवं सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, मारेंगो एशिया हॉस्पिटल्स, संभाल रहे हैं।

शराब का सेवन वास्तव में सबसे बड़ा कारण है जिसकी वजह से ज्यादातर मरीजों को ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है, और इसी वजह से मरीज लिवर से संबंधित बीमारियों के अंतिम चरण में पहुंच जाते हैं। शराब का सेवन करना सेहत के लिए बेहद नुकसानदेह होने के साथ-साथ लिवर की क्षति का एक प्रमुख कारण है। लिवर हमारे शरीर का बेहद महत्वपूर्ण अंग है, जो शरीर से टॉक्सिक को निकालने, मेटाबॉलिज्म, और प्रोटीन के निर्माण जैसे कई तरह के काम करता है। लंबे समय तक शराब पीने से लिवर में कई तरह की समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें फैटी लिवर, अल्कोहलिक हेपेटाइटिस, लिवर सिरोसिस जैसे रोग शामिल हैं।

लिवर ट्रांसप्लांट एवं सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के क्लिनिकल डायरेक्टर, डॉ. पुनित सिंगला कहते हैं, शराब का अनियमित तौर पर सेवन करना, लिवर को गंभीर नुकसान होने और बीमारी के अंतिम चरण में पहुंचने की सबसे बड़ी वजह है। फैटी लिवर की बीमारी लिवर को होने वाले नुकसान का शुरुआती है, जिसमें लिवर की कोशिकाओं में फैट यानी वसा जमा होने लगता है। फैटी लिवर को ठीक किया जा सकता है, लेकिन लगातार शराब के सेवन की वजह से उस स्थिति गंभीर हो जाती है और इसे ठीक करना असंभव हो सकता है। इसके बाद मरीज के पास ट्रांसप्लांट के अलावा और कोई भी दूसरा विकल्प नहीं रह जाता है। अत्यधिक शराब के सेवन से होने वाली सूजन के चलते लिवर पूरी तरह खराब हो सकता है। मरीज को पीलिया, पेट दर्द और बुखार हो सकता है, जो लिवर फेल्योर की शुरुआत का संकेत हो सकता है।

वायरल संक्रमण (हेपेटाइटिस बी और सी), नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर रोग (NAFLD), ऑटोइम्यून हेपेटाइटिस, सिरोसिस और कुछ जेनेटिक कारणों की वजह से भी लिवर को नुकसान हो सकता है। लिवर की बीमारी के अंतिम चरण से जूझ रहे मरीजों के लिए लिवर ट्रांसप्लांट एक जटिल, लेकिन सबसे कारगर उपचार है। इस प्रक्रिया की सफलता कई बातों पर निर्भर है, जिसमें मरीज की सेहत, उपयुक्त डोनर की उपलब्धता और ट्रांसप्लांट के बाद की देखभाल शामिल है।

**तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत**

# प्रचंड बहुमत मिलने पर चौ. हुसैन ने भाजपा नेतृत्व व जनता को दी बधाई

**जाकिर हुसैन के नूंह निवास पर उनके पुत्र चौधरी ताहिर हुसैन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर और पटाखे चलाकर मनाई जीत की खुशी**



पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**सोमवार** को विधानसभा चुनावों के नतीजे जैसे-जैसे आए तो भाजपा कार्यकर्ताओं की खुशी बढ़ती चली गई। पूरे दिन भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल देखने को मिला। इसी कड़ी में नूंह में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन के नूंह निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने युवा भाजपा नेता चौधरी ताहिर हुसैन एडवोकेट के नेतृत्व में तीन राज्यों में भाजपा की ऐतिहासिक व प्रचंड जीत पर मिठाइयां बांटकर, पटाखे चलाकर व भाजपा के नारे लगाकर खुशियां मनाई। पूरे दिन नूंह में उनके निवास पर जश्न का माहौल दिखा।

भाजपा के दिग्गज नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने तीन राज्यों मिली भाजपा की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं के साथ खुशी बांटते हुए कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने तीन राज्यों (राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़) में ऐतिहासिक जीत कर प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने पर इन राज्यों के सभी मतदाताओं, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि ये भाजपा शीर्ष नेतृत्व व प्रत्येक मेहनती कार्यकर्ता की जीत है।

उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा व चुनावों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारी बहूमत से देश में तीसरी बार भाजपा की लोकप्रिय सरकार बनेगी तथा हरियाणा प्रदेश में भी यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। हुसैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी विश्व के सबसे शक्तिशाली प्रधानमंत्री व नेता हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने पिछले 9 वर्षों में विकसित देशों की सूची में स्थान बनाया है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में वो दिन दूर नहीं जब भारत विश्व के विकसित देशों की सूची में अव्वल नंबर पर होगा। जाकिर हुसैन ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की भी जमकर तारीफ करते हुए कहा कि उनकी अच्छी सोच व ईमानदारी की वजह से हरियाणा विकास बारे देश में अव्वल है।उन्होंने सबका साथ लेकर सबका विकास किया और हरियाणा एक हरियाणवी एक का नारा देकर उस पर अमल किया।

# विधायक नरेंद्र गुप्ता के कार्यालय पर बधाई देने पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता



**फरीदाबाद।** राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा की शानदार जीत पर भाजपा के ओल्ड फरीदाबाद मंडल महामंत्री सुनील कुमार व टोनी पहलवान के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं ने फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता का मुंह मीठा कराकर खुशी जताई। वहीं विधायक गुप्ता ने उक्त तीनों प्रदेशों में भाजपा सरकार बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि इन विधानसभा चुनावों में कांग्रेस द्वारा दी गई गारंटी को खारिज कर दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दी गई गारंटी पर आम जनता ने विश्वास कर भाजपा की सरकार बनाई है। राजस्थान में कांग्रेस सरकार का भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था। राजस्थान लोक सेवा आयोग और राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन कमीशन द्वारा आयोजित परीक्षाओं के पेपर पहले ही लीक हो जाते थे और योग्य उम्मीदवार नौकरी से वंचित रह जाते थे। वहीं कांग्रेस राज में प्रदेश में कानून व्यवस्था का हाल भी बेहाल था, महिलाएं अपने आपको सार्वजनिक जगहों पर असुरक्षित महसूस करती थीं। इन बातों से युवा वर्ग व खासकर महिलाएं कांग्रेस पार्टी से खासी नाराज थीं।

वहीं महामंत्री सुनील कुमार व टोनी पहलवान ने संयुक्त रूप से कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का मान सम्मान बढ़ा है। चंद्रयान और सूर्ययान की सपफलता, जी-20 का सपफल आयोजन, एशियन क्रिकेट कप में विजेता, एशियन गेम्स में 107 मेडल, एशियन पेरा गेम्स में 100 मेडल, चंद्रमा पर मानव भेजने की घोषणा आदि उपलब्धियों ने पूरे विश्व में मोदी के नेतृत्व में डंका बजा है। भाजपा नेताओं ने कहा है कि यह विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत से निश्चित हो गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्पष्ट बहुमत से तीसरी बार भाजपा सत्ता में आएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### रोजका मेव में अधिग्रहित पंचायती भूमि की राशि गबन मामले में पूर्व महिला सरपंच गिरफ्तार

**मेवात।** नूंह के इंडरी खंड के ग्राम पंचायत रोजका मेव की भूमि अधिग्रहण की करीब 25 करोड़ रुपये मुआवजा राशि गबन मामले में पुलिस ने अब पूर्व महिला सरपंच ख़ातूनी की भी गिरफ्तारी कर ली है। गिरफ्तार पूर्व महिला सरपंच को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर पांच दिन का रिमांड मांगा है। भ्रष्टाचार के इस मामले में अब तक पांच गिरफ्तारियां हो चुकी हैं, जिनमें से एक की जमानत भी हो गई है। माना जा रहा है कि रिमांड अवधि के दौरान पुलिस पूछताछ में सामने आएगा की कौन-कौन करोडों रुपयों को डकारने में शामिल रहे। पुलिस का दावा है कि पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ पता लगाया है कि गबन की गई करोड़ों रुपए की राशि कहां-कहां पर खर्च की। उसकी सारी जानकारी जुटा ली है। बता दें कि वर्ष ग्राम पंचायत रोजका मेव की करीब 20 एकड़ से अधिक भूमि का अधिग्रहण एचएसआईडीसी (हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन) ने किया था। भूमि की 24 करोड़ 27 लाख 90 हजार 726 रुपये तत्कालीन सरपंच व कई विभागों के अधिकारियों ने मिली भगत कर पूरी राशि को विभिन्न बैंक खातों व अलग-अलग फर्म के खातों में ट्रांसफर करा दी थी। जबकि बड़ी मात्रा में राशि को सरपंचों ने भी निकाल दिया था। सीएम विंडो में शिकायत के बाद तत्कालीन सरपंच रमजान उसके बाद चुनी गई महिला सरपंच खातूनी बेगम व वर्तमान सरपंच दीन मोहम्मद सहित अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। पांच नवंबर 2023 को मामला दर्ज होने के बाद सभी लापता हो गए थे। जिन्हें दबोचने के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही थी। शुक्रवार को मामले में पूर्व महिला सरपंच खातूनी की गिरफ्तारी हुई। जिन्हें न्यायालय में पेश कर पांच दिन पुलिस रिमांड मांगा है।

### चोरों ने मेट्रो स्टेशन की तार काटी, मामला दर्ज

**फरीदाबाद।** मेट्रो की तार काटने पर फरीदाबाद मैट्रो पुलिस ने किया मामला दर्ज किया है। मेट्रो सेक्शन इंजीनियर आशाराम शिकायत में कहा है कि एक नवंबर को सुबह एक बजकर पचास मिनट पर 28 सेक्टर व मेट्रो स्टेशन के बीच चोरी करने के लिए मेट्रो की 140 मीटर तार काट दी। मेट्रो स्टाफ की तत्परता से चोर तार को ले नहीं जा सके। उस तार को पिलर नंबर 635 के पास झाड़ियों में छिपा गए। बाद में यह तार स्टफ ने ढूंढ लिया।

### पत्रकारों और सरपंचों के क्रिकेट मैच में सरपंच जीते



**मेवात।** राजीव गांधी खेल परिसर पिनगवां में रविवार को पत्रकारों और सरपंचों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। इस मैच का टॉस पिनगवां थाना प्रभारी दलबीर सिंह के द्वारा कराया गया। टॉस पत्रकारों ने जीता, लेकिन इस मैच में सरपंचों ने जीत दर्ज की। इस मैच का मकसद युवाओं को नशा मुक्त करना है। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह बिजारनिया तथा उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के प्रयासों से अब जिले के सभी राजीव गांधी खेल परिसर की हालत सुधरने लगी है। उसी का नतीजा है कि खंडहर हो चले स्टेडियम में अब मैच आयोजित होने लगे हैं। पत्रकारों ने टॉस जीतकर रविवार को हुए इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 91 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सरपंचों की टीम ने आखिरी ओवर में यह मुकाबला जीत लिया। इस कड़े मुकाबले में खिलाड़ियों के साथ - साथ दर्शकों ने भी पूरा आनंद लिया। पत्रकारों में सरपंचों के बीच हुए इस मैच को देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक पहुंचे। कुल मिलाकर अब क्रिकेट के साथ - साथ अन्य खेल गतिविधियां भी इन खेल स्टेडियम में आने वाले समय में देखने को मिलेंगे। पुलिस कप्तान नरेंद्र सिंह बिजारनिया ने खेल स्टेडियमों की दशा सुधारने के लिए एक कमेटी का गठन किया हुआ है। जिसमें सरपंच सेवानिवृत अधिकारी - कर्मचारियों के अलावा पुलिस विभाग में होमगार्ड के जवान इत्यादि तैनात किए गए हैं। आपको बता दें कि नूंह जिले में तेजी से नशा में सामाजिक बुराइयां बढ़ रही हैं। युवाओं को इन बुराइयों से निजात दिलाकर खेल की तरफ रुझान करने के लिए जिला प्रशासन में एक अनूठी पहल की है। इस पहल का असर अब दिखाई देने लगा है। इससे न केवल खेल स्टेडियमों की दशा सुधर रही है बल्कि सैकड़ों युवा अब गलत कामों के बजाय खेलों की तरफ रुझान कर रहे हैं। जिससे न केवल युवा शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं बल्कि खेलों में जिले में प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं। कुल मिलाकर पुलिस कप्तान नरेंद्र सिंह बिजारनिया की यह अनोखी पहल पूरी तरह से सफल होती दिखाई दे रही है। इलाके के सरपंचों में पत्रकारों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों की इस मुहिम का स्वागत करते हुए कहा कि अगर इस तरह की सोच अधिकारियों की जिले को लेकर होगी तो वह दिन दूर नहीं जब यह जिला सामाजिक बुराइयों से दूर होगा और इस इलाके में भी मेडल की भरमार होगी।

# ब्राह्मण समाज ने दोहली जमीन का मालिकाना हक मिलने पर सीएम का जताया आभार



दोहली जमीन पर मालिकाना हक के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार सुनील शर्मा को आभार पत्र सौंपते समाज के लोग।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं डेयरी सहकारी प्रसंघ के पूर्व चैयरमेन जीएल शर्मा के नेतृत्व में गुरुग्राम के ब्राह्मण समाज ने दोहली जमीन का मालिकाना हक मिलने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया है। शक्ति नगर स्थित भगवान परशुराम वाटिका में आयोजित मुख्यमंत्री के धन्यवाद कार्यक्रम में उनके मीडिया सलाहकार सुनील शर्मा को ब्राह्मण समाज की ओर से एक आभार पत्र सौंपा गया।

जीएल शर्मा ने मुख्यमंत्री का आधार प्रकट करते हुए कहा कि सालों पहले दान में मिली दोहली की जमीन का मालिकाना हक व बेचने का अधिकार ब्राह्मण समाज को मिल गया है। इस संदर्भ में वित्तीय आयुक्त राजस्व एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा ने सभी जिला उपायुक्तों को पत्र लिखकर निर्देश भी दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल नेक इरादों के साथ अपने वादे निभा रहे हैं। साल 2014 के बाद प्रदेश की सत्ता पर भाजपा के सत्तासीन होने के बाद हर वर्ग को उसका उचित हक दिया जा रहा है।

यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भाजपा सरकार अंतोदय की भावना से समाज की अंतिम पंक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने एक साल के भीतर ही अपनी घोषणा को अमलीजामा पहना दिया। भगवान परशुराम महाकुंभ में मुख्यमंत्री की ओर से की गई घोषणाओं पर अमल के लिए ब्राह्मण समाज मुख्यमंत्री का आभारी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ब्राह्मण समाज के हित भाजपा के राज में सुरक्षित है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ब्राह्मण समाज की अधिकतर मांगो को पूरा कर दिया है।

# केंद्र सरकार की राष्ट्रव्यापी आउटरीच पहल है विकसित भारत संकल्प यात्रा: जेसी करन सिंह

**अंतिम व्यक्ति तक केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना यात्रा का मुख्य मकसद**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**पंक्ति** में खड़े अंतिम पात्र व्यक्ति केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसी सोच के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की है। नगर निगम फरीदाबाद के ज्वाइंट कमिश्नर करन सिंह भगोरिया रविवार को फरीदाबाद के शहरी क्षेत्र में मुजेसर तथा जनता कॉलोनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की राष्ट्रव्यापी आउटरीच की पहल विकसित भारत संकल्प यात्रा है। जिसके माध्यम से सरकार व प्रशासन खुद चलकर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देगा। इस प्रकार प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी जनसंवाद के माध्यम से जन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटान करने की पहल शुरू की, जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश के जनप्रतिनिधि लोगों के बीच पहुंचकर जनसंवाद के माध्यम से लोगों की परेशानियों को दूर करने का कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र की 17 योजनाओं सहित प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं व परियोजनाओं को हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के मकसद से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है, जोकि अपने मकसद में सफल होती दिखाई दे रही है। इस यात्रा के दौरान गरीब वर्गों के लोगों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग के लोगों के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की स्कीमों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाएगी ताकि लोग इसका लाभ उठा सकें। संयुक्त आयुक्त करण सिंह भगोरिया ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगाई गई विभिन्न विभागों की स्टॉलों का अवलोकन भी किया और कहा कि यह यात्रा देश के कोने-कोने में समाज के सभी वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है।

इस मौके पर संयुक्त आयुक्त दारा उपस्थित लोगों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई। इस संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा क्रियांवित किए जा रहे विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों को एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जा रहा है।

# सरकार की स्कीमों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**गांव डूंगरपुर व रजोलका में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा**

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**विकसित** भारत संकल्प यात्रा के दौरान गरीब वर्गों के लोगों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग के लोगों हेतु केंद्र व राज्य सरकार की स्कीमों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाएगी, ताकि सभी पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ उठाएं। विधायक हथीन के प्रतिनिधि सतीश डागर रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के गांव डूंगरपुर में पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

इस अवसर पर उनके साथ बीडीपीओ नरेश शर्मा भी मौजूद रहे। विधायक प्रतिनिधि सतीश डागर ने कहा कि यह यात्रा देश के कोने-कोने में समाज के सभी वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सतीश डागर व बीडीपीओ नरेश शर्मा ने उपस्थित लोगों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई और विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगाई गई विभिन्न विभागों की स्टॉलों का अवलोकन भी किया। इसके बाद विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव रजोलका में भी पहुंची।

इसके साथ-साथ कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने वाले नागरिकों नामत प्रख्यात बीन वादक हवा सिंह नाथ व रामबीरनाथ, स्वयं सहायता समूह में अच्छा कार्य करने वाली महिलाओं क्रमशः सुमन देवी, उमा देवी व विजय लक्ष्मी को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों की प्रतियोगिता करवाई गई, जिनके विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उज्जवला योजना की पात्र महिला नामत- धर्मवती, कश्मीरा, रजीया व सहीदन को गैस चूल्हा वितरित किया गया। इस संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा क्रियांवित किए जा रहे विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों को एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जा रहा है और योजनाओं से लाभान्वित हुए लोगों के विचार को मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से सांझा किया जा रहा है।

इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश भी एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर कृषि विभाग की ओर से ड्रोन की प्रदर्शनी भी की गई, जिसका विधायक प्रतिनिधि सतीश ने अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान जिला सूचना जनसंपर्क विभाग की भजन मंडली ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का गीतों व भजनों के माध्यम से गुणगान किया। ग्रामीणों ने विधायक प्रतिनिधि का फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर बीडीपीओ नरेश शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी मामराज रावत, डा. संजय, बीआरसी दयानंद रावत, डूंगरपुर सरपंच सद्दाम हुसैन, रजोलका सरपंच प्रतिनिध हरबंस, प्रधानाचार्य जैंदापुर स्कूल जगबीर सिंह सहित अन्य अधिकारीगण व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# धूमधाम के साथ मनाया लड्डू गोपाल का जन्मोत्सव

**कीर्तन की पावन बेला पर झूमते नजर आए श्याम प्रेमी**

चिराग गोयल। फिरोजपुर झिरका





मनमोहक एवं भव्य आकर्षक बाबा खाटू श्याम का दरबार। श्याम भजनों में झूमते और गाते श्रद्धालु।

**बाल** लड्डू गोपाल जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर गर्ग परिवार के सौजन्य से श्री श्याम सखा मंडल के तत्वाधान में सिविल लाइंस रोड पर स्थित अग्रवाल धर्मशाला में बाबा खाटू श्याम का संकीर्तन श्री श्याम परिवार महासंघ के संस्थापक ललित मोहन ओझा के सानिध्य में शाम सात बजे से लेकर मध्य रात्रि तक बड़े धूमधाम के साथ कराया गया।

इस अवसर पर बाबा खाटू श्याम का अति सुंदर एवं भव्य दरबार लगाया गया। जिसमें श्याम बाबा का मनमोहन श्रृंगार रंग-बिरंगे पुष्प चंपा, चमेली, गुलाब, मोगरा, गेंदा के फूलों से किया गया और बाबा श्याम को रिझाने के लिए 56 प्रकार के भोग बाबा श्याम के समक्ष लगाए गए। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में शहर के धर्म प्रेमी महिलाएं, पुरुष एवं बच्चों ने बाबा श्याम की कीर्तन की पावन बेला में हाजिरी लगाई और धार्मिक आयोजन का धर्म लाभ उठाया। इसी कड़ी में श्री श्याम सखा मंडल की टीम के लोगों ने कीर्तन में उपस्थित धर्म प्रेमियों के ऊपर इत्र वर्ष एवं पुष्प वर्षा की।

बाबा श्याम के कीर्तन में भक्तिमय एवं कर्णप्रिय भाजनों से अलवर राजस्थान से आमंत्रित कलाकारों ने बेहतरीन हाजिरी लगाई और श्याम भजनों से कीर्तन में उपस्थित धर्म प्रेमियों को नाचने गाने पर विवश कर दिया। इसके उपरांत तिजारा राजस्थान से पधारे ललित मोहन ओझा ने भी श्याम भजन गाकर पूरा वातावरण भक्तिमय कर दिया। इसके उपरांत कीर्तन में उपस्थित समस्त धर्म प्रेमियों में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम परिवार महासंघ के अध्यक्ष मनोज तायल, उपाध्यक्ष मूलचंद चावला, श्री श्याम सखा मंडल के प्रधान दीपक गोयल उर्फ मोनू, चेतन गोयल, बाबा भगवानदास सेन, ललित गोयल, शैंकी गर्ग, गौरव गर्ग, निखिल गर्ग, हर्षित सोनी, अनमोल सिंघल, हर्ष चावला, हेमराज गुप्ता, एडवोकेट हेमंत आहूजा, सचिन मंगला, रोहित गुप्ता, प्रिंस शर्मा सहित काफी संख्या में पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे मौजूद रहे।

**पायनियर क्लासीफाइड**

**बेदखली सूचना**

मैं सिताब सिंह पुत्र श्री शेरसिंह व संजोकिता पत्नी श्री सिताब सिंह निवासी गली नंबर 3, 4 हनुमान नगर भारत कॉलोनी के रहने वाले हैं हम अपने पुत्र पुनीत कुमार व उसकी पत्नी पूजा को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखाल करते है। भविष्य में इसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## मौतों वाली कार्य संस्कृति

**अंतरराष्ट्रीय** श्रम संगठन (आईएलओ) की ताजा रिपोर्ट बतलाती है कि दुनिया की एक बड़ी आबादी बहुत खराब हालात में काम करती है। स्थितियां इतनी बुरी हैं कि उनके कारण लाखों श्रमिक और कर्मचारी किसी न किसी वजह से दम तोड़ देते हैं, फिर वह चाहे काम का बोझ हो या कार्य स्थलों पर होता प्रदूषण। यह एक तरह से क्रूर पूंजीवाद के उसी चेहरे का प्रतिबिम्ब है जो मुनाफा कमाने के लिये अमानवीयता की तमाम सरहदें लांघता है। पिछले कुछ अरसे से पूंजी के मुकाबले श्रम की घटती महत्ता का भी यह साक्ष्य है। आईएलओ की इस 2019 की रिपोर्ट के मुताबिक काम से सम्बन्धित दुर्घटनाओं और विभिन्न तरह की बीमारियों के चलते विश्व में 30 लाख लोगों ने जान गंवाई। यह आंकड़ा साल 2000 के मुकाबले 12 फीसदी ज्यादा तथा 2015 की तुलना में 5 प्रतिशत अधिक है जो यह बतलाने के लिये पर्याप्त है कि लोगों का मरना बदस्तूर जारी है। जो तथ्य प्रमुखता से सामने आया वह यह है कि मौतों का सबसे बड़ा कारण है प्रति सप्ताह 55 घंटों से अधिक समय तक की काम की अवधि का होना। अकेले इसी कारण से करीब 7.5 लाख कर्मचारियों व श्रमिकों ने प्राण खोये। ऐसे में इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति के उस बयान का भी स्मरण हो आता है जिन्होंने हाल ही में एक चर्चा के दौरान कहा था कि अगर भारत को चीन से मुकाबला करना है तो यहां के प्रत्येक युवा को सप्ताह में कम से कम 60 घंटे काम करना चाहिये। दुनिया जब 55 घंटे से अधिक अवधि तक काम करने का नतीज़ा बड़ी संख्या में लोगों की मौत के रूप में देख रही है, तो नारायण मूर्ति का यह बयान निष्ठुर ही कहा जा सकता है। यह पूंजीवाद का वह विद्रूप पक्ष है जिसमें कारोबारियों को लोगों की जान की परवाह नहीं होती और वे आर्थिक लाभ को ही तरज़ीह देते हैं। ये वे मौतें हैं जिनकी रिपोर्ट हुई है या जानकारियां दस्तावेज़ों तक पहुंच सकी हैं। बड़ी संख्या में ऐसे गैर-संगठित क्षेत्र के लोग हैं जो जान तो गंवाते हैं परन्तु वे घोषित आंकड़ों के हिस्से नहीं बन पाते। यह पूरी दुनिया का हाल है, लेकिन तीसरी दुनिया कहे जाने वाले देशों में श्रमिकों की स्थिति बहुत ही दयनीय व चिंतनीय है जो 21वीं सदी में हासिल की गई वैज्ञानिकता, तकनीकी विकास एवं आधुनिक प्रबंधन शैली के भी विपरीत है। एशियाई, अफ्रीकी एवं लातिन अमेरिका के कई अविकसित व विकासशील देशों में लोगों को खतरनाक परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। ये मौतें व्यापक पैमाने पर मानवाधिकार की दुर्दशा को भी बयान करती हैं। वर्गीकृत मौतों के अलावा सोचे-समझे बिना थोपे जाने वाले सरकारी निर्णयों के कारण भी बड़ी संख्या में कार्य स्थलों पर मौतें होती हैं। भारत में नोटबंदी एक ऐसा ही उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सनक व अदूरदर्शिता से उपजे इस फैसले का नतीजा देश ने बैंकों के बाहर लोगों की तथा बैंकों के भीतर कर्मचारियों की मौतों के रूप में देखा था। इसी प्रकार कोरोना काल में भी लोगों से लिये जा रहे काम के दौरान भी हजारों लोगों ने जानें गंवाई थीं। उत्तर प्रदेश में कोविड के दौरान स्थानीय निकायों के चुनाव कराये गये थे। नौकरी खोने के डर से राज्य सरकार के हजारों कर्मचारियों व अधिकारियों ने दूर-दराज जाकर चुनावी ड्यूटी की थी। पर्याप्त ऐहतियात बरतने की सुविधा न होने और इलाज की अनुपलब्धता के कारण बड़ी तादाद में मौतें हुई थीं। आईएलओ की रिपोर्ट के अनुसार अन्य कारण तथा उनसे मरने वाले लोगों की संख्याएं इस प्रकार हैं- गैस रिसाव व आगजनी से 4.5 लाख, काम के दौरान घायल होकर 3.63 लाख, एसबेस्टस 2.09 लाख, सिलिका 42 हजार से ज्यादा, कार्य जनित अस्थमा लगभग 30 हजार, विकिरण 18 हजार, डीजल इंजिन एग्जास्ट 14700, अर्सेनिक 7600 एवं निकल से 7300। जो सेक्टर सर्वाधिक खतरनाक माने गये हैं और जिनमें सर्वाधिक घटनाएं हुई हैं, उनमें खनन, विनिर्माण, बिजली तथा प्राकृतिक गैस हैं। इस रिपोर्ट पर सिडनी में चल रही 23वीं कांग्रेस में चर्चा होगी जिसमें सुरक्षित कार्य पद्धति विकसित करने सम्बन्धी उपाय सुझाए जायेंगे। काम के दौरान घायल होने वालों की संख्या तो करोड़ों में है जो यह बतलाता है कि कामकाजी जनता के लिये सुरक्षित कार्य संस्कृति विकसित करने की दिशा में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

# रोजगार योग्य कौशल प्रशिक्षण

**प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना-पीएम केवीवाई को उद्योगों से जोड़ा जाना चाहिए। कुशल प्रशिक्षितों को रोजगार और स्थानीय आर्थिक आवश्यकताओं में समन्वय जरूरी है।**



**दिनेश सूद**
(लेखक, कौशल विकास क्षेत्र से संबद्ध हैं)



**वर्ष** 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना-पीएमकेवीवाई के अंतर्गत पिछले सात साल में 13.7 मिलियन उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया गया है। लेकिन इसमें से केवल 18 प्रतिशत या 2.4 मिलियन उम्मीदवार ही रोजगार प्राप्त करने में सफल हुए हैं। लोकसभा की एक स्थाई समिति ने इस कम 'प्लेसमेंट दर' पर चिन्ता प्रकट की है। समिति ने पैसे के उपयोग में कमी, ढांचागत कमियों, ड्रापआउट, उद्योगों से संपर्क के अभाव तथा राज्य की समुचित संलिप्तता के अभाव को महत्वपूर्ण समस्यायें माना है। कार्यक्रम की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए पीएमकेवीवाई को स्थानीय अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं से जोड़ा जाना चाहिए। वर्तमान समय में भारत के 530 मिलियन कार्यबल के केवल 2.4 प्रतिशत को ही औपचारिक व्यावसायिक शिक्षा या प्रशिक्षण प्राप्त है। इसका अर्थ है कि बहुसंख्य कार्यबल अकुशल है जिससे उसकी उत्पादकता कम है। इसके साथ ही भारत के कार्यबल के एक चौथाई की शिक्षा प्राथमिक स्तर से भी कम है। इससे बेरोजगारी दर घटाने में कौशल विकास कार्यक्रमों के महत्व पर जोर देने की आवश्यकता उजागर होती है। इसके बावजूद 'क्वार्टली पीरियाडिक लेबर फोर्स सर्वे'-पीएलएफएस रिपोर्ट के नवीनतम डेटा के अनुसार बेरोजगारी दर 6.8 प्रतिशत तथा 15 से 29 वर्ष आयुवर्ग वाले नौजवानों में बेरोजगारी दर 17.3 प्रतिशत है।

पीएमकेवीवाई के तीन रूप रहे हैं। पीएमकेवीवाई 2.0 में प्रशिक्षित व नौकरी प्राप्त उम्मीदवारों की संख्या सर्वाधिक है। इनकी नौकरी प्राप्त करने की दर 19.5 प्रतिशत है। लेकिन यह दर पीएमकेवीवाई 3.0 में घट कर 5.8 प्रतिशत रह गई जो अब तक सबसे कम है। कुल मिला कर लगभग 11 मिलियन प्रशिक्षित उम्मीदवारों को प्रमाणपत्र मिले हैं। सरकार को इनके सरोकारों को संबोधित करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए। इसके लिए पीएमकेवीवाई को स्थानीय अर्थव्यवस्था से जोड़ने तथा कार्यक्रम की प्रभावशीलता बढ़ाने की जरूरत है। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया गया है जिनकी संख्या 1.59 मिलियन है, लेकिन राज्य में उनकी प्लेसमेंट दर केवल 20 प्रतिशत है। दूसरी ओर तेलंगाना में सर्वोच्च प्लेसमेंट दर 35.1 प्रतिशत है और इसके बाद 34.6 प्रतिशत के साथ पुडुचेरी दूसरे स्थान पर है। हरियाणा और पंजाब भी बहुत पीछे नहीं हैं जिनकी प्लेसमेंट दर 31.7 व 29.6 प्रतिशत है। लेकिन महाराष्ट्र और केरल को प्लेसमेंट दर ठीक करने में बहुत कुछ करना है जिनकी यह दर निराशाजनक रूप से 9.3 प्रतिशत व 10.4 प्रतिशत है। उल्लेखनीय है कि एनएसडीसी ने मुख्यत: निजी व्यावसायिक प्रशिक्षणकर्ताओं से संबंध जोड़े थे क्योंकि उस समय निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों-आईटीआई की संख्या बहुत कम थी। लेकिन एनएसडीसी के 3-4 महीने के संक्षिप्त कोर्स आईटीआई के 1-2 साल के कोर्स की तुलना में एक बड़ी चुनौती हैं जिससे निपटा जाना चाहिए।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2016-17 में कार्यक्रम फंड का सही प्रयोग नहीं हुआ और आबंटित धन के केवल 56 प्रतिशत का प्रयोग हुआ। हालांकि, इस आंकड़े में 2020-21 में सुधार हुआ और यह बढ़ कर 98 प्रतिशत हो गया, पर 2021-22 में यह गिर कर 72 प्रतिशत रह गया। लोकसभा स्थाई समिति के अनुसार कोविड-19 के कारण प्रशिक्षण व प्लेसमेंट आपरेशन को स्थगित रखना पड़ा जिससे भर्ती तथा प्रमाणन में काफी कमी आई। इसके परिणामस्वरूप पैसे का आबंटन और प्रयोग घटा।


उम्मीद की जाती है कि जनवरी, 2023 से लागू पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत जारी प्रशिक्षण से इसके पूरे होने तक खर्च में बढ़ोत्तरी होगी। 2008 में स्थापित एनएसडीसी साझा प्रशिक्षकों के साथ कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहयोग करती है। लेकिन उद्योगों की सहभागिता तथा एनएसडीसी व उद्योगों के बीच समुचित संपर्कों का अभाव दूर किया जाना चाहिए। वर्तमान कौशल विकास कार्यक्रम कौशल की वास्तविक मांगों के अनुरूप नहीं हैं जिससे प्रशिक्षण व स्थानीय आर्थिक आवश्यकताओं में असंगति पैदा होती है। इसके कारण प्रदान किए जाने वाले कौशलों तथा बाजार की आवश्यकताओं में अंतर है। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता तथा खास कौशल का चयन बाजार मानकों के अनुसार होना चाहिए। दुर्भाग्य से कौशल केन्द्र व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए उपयुक्त तरीके से लैस नहीं हैं जिसके कारण सैद्धान्तिक प्रशिक्षण को बहुत कम प्रायोगिक अवसर मिल पाते हैं। यह अस्वीकार्य है और इस खाई को दूर करने के कदम तत्काल उठाए जाने चहिए। लोकसभा की स्थाई समिति ने इस संबंध-विच्छेद को रेखांकित करते हुए सुझाव दिया है कि आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझने के लिए उद्योग प्रतिनिधियों का सर्वेक्षण किया जाना चाहिए। समय आ गया है कि कौशल विकास कार्यक्रमों को उद्योगों की आवश्यकताओं से जोड़ना सुनिश्चित किया जाए तथा दिए जाने वाले कौशल व बाजार आवश्यकताओं के बीच की खाई पाटी जाए।

इंडियन इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा 2016 व 2021 के बीच कराए एक अध्ययन से स्पष्ट होता है कि पीएमकेवीवाई में पंजीकृत 20 प्रतिशत उम्मीदवारो ने बची में ही इसे छोड़ दिया। इसके कारण चिकित्सकीय मुद्दे, परिवार की जिम्मेदारियां, सामाजिक चुनौतियां, आजीविका की बढ़ती मांग, रोजगार के सीमित अवसर तथा कौशल में ठहराव हैं। महिला उम्मीदवारों का ड्रापआउट गर्भावस्था या विवाह के कारण भी था। स्थाई समिति ने सुझाव दिया कि मंत्रालय को उम्मीदवारों के ड्रापआउट के कारणों को तत्काल संबोधित करना चाहिए जिनमें प्रशिक्षण केन्द्रों की दूरी तथा रोजगार तक पहुंच शामिल हैं। महिला ड्रापआउट के लिए समिति का सुझाव था कि मंत्रालय को आशा व आंगनबाड़ी केन्द्रों से संपर्क कर कौशल के लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करनी चाहिए तथा महिलाओं को प्रसव के बाद यथाशीघ्र इनमें शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। भारत के सभी जिलों में 818 प्रधानमंत्री कौशल केन्द्रों-पीएमकेकेएस में से केवल अब तक 722 स्थापित हुए हैं। यह स्थिति अस्वीकार्य है। बाकी केन्द्रों में से 58 पीएमकेकेएस को निजी वेंडरों द्वारा आपरेशनल कठिनाइयों के कारण सरकार को वापस कर दिया गया। इस मुद्दे पर सरकार को तत्काल ध्यान देना चाहिए। सक्षम प्रशिक्षकों की कमी से भी अनेक केन्द्र आपरेशनल नहीं हो पाए हैं। समस्या समाधान के लिए सरकार को पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत राष्ट्रीय आंकलनकर्ताओं व प्रशिक्षकों का एक पूल बनाना चाहिए। सरकार को यह सुनिश्चित करने के आवश्यक कदम उठाने चाहिए कि पीएमकेवीवाई कार्यक्रम एक कुशल कार्यबल गठित करने तथा भारत में बेरोजगारी घटाने में सफल हो।

विभिन्न आर्थिक व रोजगार इतिहास के चलते राज्यों की भिन्नतायें सीमित राज्य सहभागिता का कारण हैं। कृषि कार्यबल पर निर्भरता के कारण कुछ राज्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना पर ज्यादा निर्भर रहते हैं, वहीं महाराष्ट्र या तमिलनाडु जैसे राज्यों में रोजगार के ज्यादा अवसर हैं। इसलिए स्थानीय, मांग-आधारित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है ताकि रोजगार योजनाओं का विस्तार महानगरों से दूसरे और तीसरे दर्जे के शहरों तक किया जा सके। इससे खास क्षेत्रीय चुनौतियों से निपटने में आसानी होगी। 2016-20 में पीएमकेवीवाई ने राज्य सहभागिता शुरू की थी ताकि प्रशिक्षण को स्थानीय आवश्यकताओं और महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप ढाला जा सके। लेकिन इस माडल में अनेक समस्यायें सामने आईं। आनलाइन प्रबंधन आवश्यक होने के कारण केवल 15 राज्य व संघशासित क्षेत्र ही केन्द्र सरकार से समन्वय बना सके। इस व्यवस्था का सभी राज्यों तक विस्तार करने की आवश्यकता है ताकि कार्यक्रम सुगमता से चल सके। कार्यक्रम की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए पीएमकेवीवाई को उद्योगों से जोड़ा जाना चाहिए। इससे कौशल प्रशिक्षित उम्मीदवारों को रोजगार मिलना सुनिश्चित होगा। समय आ गया है कि कार्यक्रम के समक्ष उपस्थित चुनौतियों से निपटने के लिए साहसी कदम उठाए जांए ताकि इसकी लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित हो सके।

# खेल में खनकती पूंजी

> "विश्वकप और उससे पहले हुए एशिया कप के मुकाबलों ने श्राद्ध-पक्ष में भी टीवी की रिकार्ड बिक्री से धमाकेदार शुरुआत करा दी थी तो बाजार की उम्मीद काफी होना स्वाभाविक है"



**अरविन्द मोहन**

**विश्वकप** और उससे पहले हुए एशिया कप के मुकाबलों (वैसे यह टूर्नामेंट बारिश के चलते बहुत बाधित हुआ) ने श्राद्ध-पक्ष में भी टीवी की रिकार्ड बिक्री से धमाकेदार शुरूआत करा दी थी तो बाजार की उम्मीद काफी होना स्वाभाविक है। उसने बेमौसम कोल्ड ड्रिंक की बिक्री बढ़ाने का अनुभव किया तो कोल्ड ड्रिंक के नए विज्ञापन ही नहीं बढ़े, दो-तीन ब्रांड भी बहुत धूम-धड़ाके से लांच कर दिए गए।

विश्वकप क्रिकेट में कमेंटरी करने भारत आए पूर्व आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज रिकी पोंटिंग की यह टिप्पणी अभी भी सोशल मीडिया पर चर्चा और विवाद का विषय बनी है कि आस्ट्रेलिया की फाइनल की जीत क्रिकेट माफिया के खिलाफ न्याय की जीत है। उनका इशारा ही नहीं, साफ कहना है कि क्रिकेट पर माफिया काबिज है, वही अधिकांश फैसले कराने लगा है और आस्ट्रेलिया ने अपने खेल के दम पर इसक्रम को पलटा है। इस बयान से उन लोगों की बाछें खिल गई हैं जो गृहमंत्री अमित शाह और भारतीय क्रिकेट प्रशासन पर हावी जमात के आलोचक रहे हैं। यह आलोचना अभी से नहीं डालमिया, बिन्द्रा और पवार राज के दिनों से हो रही है और इधर यह शोर बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर भारतीय क्रिकेट और क्रिकेट प्रशासन का दबदबा बढ़ा है-निश्चित रूप से बढ़ा है, भारत की मर्जी के खिलाफ ज्यादा उल्टा फैसला होना बंद हुआ है। ऐसा भारत में क्रिकेट के बढ़ने, लोकप्रिय होने और क्रिकेट में बाजार की तरफ से भारी पैसा आने की वजह से ज्यादा हुआ है, किसी माफिया के चलते उतना नहीं। स्वयं पोंटिंग से लेकर आस्ट्रेलिया के ही नहीं, दुनिया के सारे बड़े खिलाड़ियों का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने को लालायित रहना इसका ही प्रमाण है। जब से यह बदलाव हुआ है तब से भारत का माफिया प्रभावी हुआ हो या नहीं, भारतीय क्रिकेट प्रशासकों का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से जुड़े फैसलों पर दबदबा बना है या नहीं, लेकिन इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों के क्रिकेट प्रशासकों का



दबदबा खत्म जरूर हुआ है। भारत ही नहीं तीसरी दुनिया के कमजोर देशों के क्रिकेट प्रशासकों और खिलाड़ियों को उस दबदबे के चलते क्या-क्या भुगतना पड़ा है इसका किस्सा लिखना शुरू हो तो पूरा पुराण बन जाएगा। अपने अनुकूल पिच बनाने जैसी आलोचना तो बहुत ही हल्की है।

अब ऐसा भी नहीं है कि क्रिकेट प्रशासन बहुत लोकतान्त्रिक ढंग से चलता हो या वहां सारा कुछ पाक-साफ ही हो। इस बार ही आयोजन स्थल, मैदान, खेल के दिन से लेकर टिकट की ब्लैकमेलिंग और होटल या विमान भाड़ा तक में जो-जो हुआ उसे हेल्दी हैबिट तो कदापि नहीं कहा जा सकता। खिलाड़ियों से ज्यादा क्रिकेट प्रशासकों की अय्याशी की भी चर्चा खेल के लिए स्वस्थ नहीं है। क्रिकेट के प्रसारण राइट्स की कहानी भी गंदली है और दर्शक बढ़ने का ज्यादा लाभ खिलाड़ी और प्रशासन की जगह बाजार उठाता जा रहा है। इसी का प्रमाण है कि भारत के अंदर भी नेट के जरिए मैच देखने/दिखाने का कारोबार सामान्य टीवी प्रसारण से अलग किया गया है। तब भी वहां साढ़े पांच करोड़ तक दर्शक पहुंचे ही नहीं हैं, ज्यादा समय तक क्रिकेट देखने का रिकार्ड भी दर्ज हो रहा है। दसियों भाषाओं में कमेंटरी हो रही है। दस सेकेंड के विज्ञापन का रेट तीस लाख रुपये तक पहुंचने की चर्चा है। एक फोटो इस्तेमाल करने की कीमत चुकानी पड़ती है।

क्रिकेटरों के बल्ले से लेकर वर्दी तक पर कितनी कंपनियों के विज्ञापन का बोझ होता है इसकी गिनती मुश्किल हो गई है। कैमरा कहां फोकस करे इसको लेकर झगड़ा होता है। क्रिकेट दिखाने का सामान्य शिष्टाचार पीछे चला गया है। बाजार और ब्रांड के अलावा पर्सनल खुराक और ट्रेनर भी ब्रांड बनाते जा रहे हैं। कमेंटेटरों तक को मिलने वाले पैसे आंख फाड़ने वाले हैं, उपहार और अन्य सुविधाओं का तो हिसाब ही अलग है।

अलबत्ता, क्रिकेट प्रसारकों को भारत के फाइनल में हारने से ही नहीं, धमाकेदार ढंग से लगातार दस मैच जीतकर फाइनल पहुंचने से भी शिकायत रही है। भारतीय गेंदबाज इस बार फाइनल के अलावा लगभग सभी मैचों में सफल रहे और पूरे पचास ओवर की जगह छब्बीस, सत्ताईस ओवर में ही विपक्षी दल को समेट देते थे। विपक्ष के कम स्कोर को धमाकेदार भारतीय बल्लेबाज पचीस-तीस ओवर में ही पूरा कर लेते थे। ऐसा प्रतियोगिता के ज्यादातर मैचों में हुआ और नजदीकी मुकाबले देखने के लिए दर्शक भी तरसे। ऐसे मुकाबलों में बाजार के लोगों को विज्ञापन के लिए कम समय मिलता है। अगर पचास ओवर की पारी चालीस ओवर से पहले निपट जाए तो 7000 से लेकर 7500 सेकेंड के विज्ञापन समय का नुकसान होता है। यह समय कीमती है और यह नुकसान बड़ा। जब विश्वकप और उससे पहले हुए एशिया कप के मुकाबलों ने श्राद्ध-पक्ष में भी टीवी की रिकार्ड बिक्री से धमाकेदार शुरूआत करा दी थी तो बाजार की उम्मीद काफी होना स्वाभाविक है। उसने बेमौसम कोल्ड ड्रिंक की बिक्री बढ़ाने का अनुभव किया तो कोल्ड ड्रिंक के नए विज्ञापन ही नहीं बढ़े, दो-तीन ब्रांड भी बहुत धूम-धड़ाके से लांच कर दिए गए। इस बार स्टेडियम ही नहीं सड़कों पर भी भारतीय जर्सी का रंग छाया रहा, पर उससे ज्यादा सड़क के किनारे सस्ते ब्रांड और आनलाइन बिक्री में ब्रांडेड माल की धूम रही। देश में सौ करोड़ की एक ब्रांड की जर्सी बिकने का अंदाजा है।

# गोल्ड बॉन्ड बंद करने की जल्दबाजी न की जाए

**डॉ.अजीत रानाडे**
(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं।)



**डीमैट** गोल्ड बॉन्ड बेचकर सरकार सोने के लिए भारतीयों की अतृप्त भूख को कम करने की उम्मीद कर रही थी। हर साल भारत लगभग 1000 टन सोने का आयात करता है जिस पर औसत 50 से 80 अरब डॉलर की कीमती विदेशी मुद्रा खर्च होती है। सरकार ने सोने पर 12.5 प्रतिशत का आयात शुल्क लगाया है। यह अफसोस की बात है कि गोल्ड बॉन्ड स्कीम और कड़े आयात शुल्क जैसे दो कदम उठाने के बावजूद सोने के आयात पर कोई असर नहीं पड़ा है।

केंद्र सरकार ने 8 साल पहले सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड पेश किया था। उस समय से भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से बेचे जाने वाले इन बॉन्डों को समय-समय पर हर कुछ महीनों में बेचा जाता रहा है। अब तक ऐसी 62 किस्तें बेची जा चुकी हैं। प्रत्येक बॉन्ड की समयावधि 8 साल की है इसलिए पहली किस्त में बेचे गए बॉन्ड अपनी परिपक्वता तक पहुंच गए हैं। उन्हें वास्तविक नकदी के लिए भुनाया जा सकता है। सरकार बॉन्ड की वापसी स्वीकार करेगी और निवेशक के खाते में नकद रकम जमा करेगी। निवेशक इन बॉन्डों को पांच हजार रुपये (एक ग्राम के बराबर) या कुछ करोड़ रुपये (प्रति व्यक्ति 4 किलोग्राम सोने के बराबर) के रूप में खरीद सकते हैं।

इन बॉन्डों के कई फायदे हैं। पहला फायदा यह है कि वे डीमैट फॉर्म में हैं इसलिए पुराने किसान विकास पत्र या ऐसे अन्य किसी बॉन्ड के विपरीत किसी भी कागज को भौतिक रूप से रखने की कोई आवश्यकता नहीं है। दूसरे, यह बॉन्ड सोने की वास्तविक इकाइयों का प्रतिनिधित्व करता है इसलिए यह केवल डीमैट रूप में सोना खरीदने जैसा ही है। जिसका मतलब है कि जब आप बॉन्ड को भुनाते हैं तो यह वास्तविक सोने को भुनाने जैसा है। आपको सोने में मूल्य वृद्धि से लाभ होता है। सोने की कीमत दो कारणों से बढ़ जाती है। सोना तब महंगा होता है जब अंतरराष्ट्रीय सट्टेबाज और बुलियन निवेशक एक सुरक्षित आश्रित साधन के रूप में इसे भारी मात्रा में खरीदना शुरू कर देते हैं। रुपये की डॉलर विनिमय दर में गिरावट के बावजूद भारत में सोने की कीमत बढ़ सकती है। गोल्ड बॉन्ड का तीसरा फायदा यह है कि इसे लोन के लिए समानान्तर साधन के तौर पर गिरवी रखा जा सकता है। चौथा लाभ यह भी है कि बॉन्ड की अंतिम बिक्री पर किए गए पूंजीगत लाभ को करों से छूट दी गई है। पांचवां लाभ यह है कि निवेशक को न केवल मूल्य में वृद्धि का दोगुना मूल्य वृद्धि लाभ मिलता है बल्कि सरकार द्वारा निवेशक को दिया 2.5 प्रतिशत ब्याज का टॉपअप भी मिलता है। जब पहली



किस्त के निवेशक अपने गोल्ड बॉन्ड को भुनाएंगे तो उन्हें 8 साल में सालाना 12 प्रतिशत से अधिक का कर लाभ होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि नवंबर 2015 में सोने की कीमत 2684 रुपये प्रति ग्राम थी जो अब दोगुने से ज्यादा बढ़कर करीब 6000 रुपये हो गई है। इसके अलावा डॉलर के मुकाबले रुपया 33 फीसदी की गिरावट के साथ 62 से 82 पर आ गया है। इस प्रकार निवेशक ने पिछले आठ वर्षों में प्रति वर्ष लगभग 13.8 प्रति सैकड़ा के शेयर बाजार रिटर्न की तुलना में 8 वर्षों के लिए कर-बाद के आधार पर 12 प्रतिशत का शानदार वार्षिक लाभ कमाया है। यह ध्यान रखने वाली बात है कि सोने का रिटर्न जोखिम मुक्त है और शेयर बाजार में तेजी आई है तब भी सोने ने शानदार फायदा दिया है। डीमैट गोल्ड बॉन्ड बेचकर सरकार सोने के लिए भारतीयों की अतृप्त भूख को कम करने की उम्मीद कर रही थी। हर साल भारत लगभग 1000 टन सोने का आयात करता है जिस पर औसत 50 से 80 अरब डॉलर की कीमती विदेशी मुद्रा खर्च होती है। सरकार ने सोने पर 12.5 प्रतिशत का आयात शुल्क लगाया है। यह अफसोस की बात है कि गोल्ड बॉन्ड स्कीम और कड़े आयात शुल्क जैसे दो कदम उठाने के बावजूद सोने के आयात पर कोई असर नहीं पड़ा है। यह सही है कि 2022-23 में सोने का आयात पिछले साल की तुलना में 24 फीसदी कम रहा और खर्च अब लगभग 40 अरब डॉलर है जो पहले की तुलना में कम है लेकिन सोने का आयात विदेशी मुद्रा पर के निकास का प्रतिनिधित्व करता है जो व्यापार घाटे वाले देश के लिए अच्छा नहीं है। डॉलर का निर्यात देश में आने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के शुद्ध लाभ को भी कम करता है। सरकार को उम्मीद थी कि निवेशकों को काफी आकर्षक शर्तों पर गोल्ड बॉन्ड बेचकर वह कम से कम कुछ निवेशकों को तो वास्तविक सोने से दूर कर सकेगी। गोल्ड बॉन्ड द्वारा प्रतिनिधित्व किए गए सोने का बकाया स्टॉक अब तक लगभग 110 टन है जो हमारे वार्षिक आयात का सिर्फ दसवां हिस्सा है। गोल्ड बॉन्ड की बिक्री के कारण सरकार द्वारा कुल उधार लगभग 64,000 करोड़ रुपये है किन्तु इस उधार की लागत प्रति वर्ष 10 प्रतिशत से अधिक रही है जो उस लागत से बहुत अधिक है जो सरकार राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए उधार लेने के लिए भुगतान करती है। 2008 से 2020 के बीच की अधिकांश अवधि के दौरान पश्चिमी देश अपने संप्रभु ऋण पर एक फीसदी की लागत का भुगतान करते थे जबकि भारत लगभग छह प्रतिशत की दर से भुगतान कर रहा था। अब मुद्रास्फीति और मौद्रिक सख्ती के कारण संप्रभु ऋण जुटाने की लागत बढ़ गई है फिर भी अभी स्वर्ण बॉन्ड बेचने की लागत से काफी कम है।

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर विश्वास किया : नायब सैनी

## विधानसभा चुनावों में जनता ने सरकार की गरीब कल्याण नीतियों पर लगाई मुहर

### झज्जर में मां भीमेश्वरी देवी के दर्शन के बाद बोले सैनी- मोदी का साथ दे रही जनता

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़।

**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भाजपा की हुई भव्य जीत पर कहा कि देश में एक ही गारंटी चलती है और वो है प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी। तीनों राज्यों की जनता जनार्दन ने मोदी जी की गारंटी पर विश्वास जताया है। भाजपा के पक्ष में चुनाव परिणाम आने पर श्री सैनी ने कहा कि यह प्रचंड जीत जनता जनार्दन की जीत है। उन्होंने राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मप्र के भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता का आभार जताया।

नायब सैनी रविवार को जिला झज्जर के बेरी स्थित मां भीमेश्वरी देवी के दर्शन करने पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, सांसद अरविंद शर्मा भी मौजूद थे। माता से देश प्रदेश की तरक्की की प्रार्थना करने के बाद श्री सैनी ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने तीनों राज्यों में हुई भाजपा की जीत पर बोलते हुए कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों का परिणाम है। प्रधानमंत्री ने गरीब, किसान, महिला और युवाओं के उत्थान से देश के उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोगों के मन में पीएम मोदी बसे हैं और मोदी के मन में लोग बसें हैं। प्रधानमंत्री मोदी देश की 140 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हैं। पूरा देश पीएम मोदी की गारंटी पर विश्वास करता है। देश को विकसित बनाने के लिए मोदी के संकल्प में देश की जनता शामिल होना और समर्थन करना चाह रही है। रविवार को आए नतीजों से स्पष्ट हो गया है कि लोग मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प में भागीदार हो रहे हैं।

मप्र में फिर से कमल खिलने पर नायब सैनी ने कहा कि ऐसे नतीजे एक दिन में नहीं आते, इसके लिए लगातार बेहतर काम करना होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब कल्याण नीतियों और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की योजना और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की संगठनात्मक कुशलता का परिणाम है कि जनता ''कमल'' पर बार-बार विश्वास जता रही है।



### राजस्थान, एमपी और छत्तीसगढ़ में जनता जर्नादन की जीत हुई: ओपी धनखड़

राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा को भारी जनसमर्थन मिलने पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने जनता जनार्दन की जय बोलते हुए कहा कि यह जनता की जीत है, देवतुल्य कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। श्री धनखड़ ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि तीनों राज्यों की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और जनकल्याणकारी नीतियों पर मुहर लगाई है। बेरी में माता भीमेश्वरी देवी का आशीर्वाद लेकर धनखड़ ने कहा कि आज का दिन बेहद खास दिन है और उत्सव मनाने का दिन है।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** राजेंद्र नगर स्थित श्रीअद्वैत स्वरूप अनंत आश्रम नंगली वाली कुटिया में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। आश्रम के संचालक संत प्रकाश पुरी एवं संत अगम पुरी ने दीप प्रज्वलित करके कथा का शुभारंभ किया।

इससे पहले कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर व सिर पर कलश लेकर शामिल हुए। कथा व्यास संत वेदांत पुरी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है , जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है। इससे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दृष्ट प्रवृतियों से मुक्त होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा महापुराण के श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। मंच का संचालन चंद्र प्रकाश धमीजा ने किया। इस अवसर पर आश्रम के संत निर्विकार पुरी, संत संतोष पुरी, आत्म विभोर पुरी पिहोवा, संत त्याग पुरी, संत सहज पुरी, संत सनातन पुरी, संत आनंद पुरी, महात्मा सुखधमार्नंद, आश्रम के प्रवक्ता महात्मा दिव्यानंद, महात्मा हरदेवानंद, महात्मा अवेधाषानंद एवं भक्तगण मौजूद थे।

# माइक्रो मैनेजमैंट से तिजारा पर लहराया भाजपा की जीत का परचम: नांदल

## चुनाव के हर पहलू पर दिया गया ध्यान

### भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

**भाजपा** की बंपर जीत पर रोहतक भाजपा कार्यालय में जश्न मनाया गया तो कांग्रेस कार्यालय के साथ साथ कांग्रेस खेमे में सन्नाटा छाया रहा। प्रारंभिक रुझानों के आने से ही स्पष्ट होने लगा था कि भाजपा की विधान सभा चुनावों में बंपर जीत होने वाली है। स्थिति स्पष्ट होते ही भाजपा कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाना आरंभ कर दिया है। जैसे-जैसे भाजपा की स्थिति मजबूत होती गई और पार्टी ने रुझानों के अनुसार स्पष्ट बहुमत के आंकड़े का छू लिया वैसे ही भाजपा कार्यकर्ताओं का पार्टी कार्यालय पहुंचना आरंभ हो गया था।

कार्यकर्ता ढोल ढमाकों के बीच नाच-गाकर एकदूसरे को मिठाई खिला रहे थे। रोहतक से भाजपा के कद्दावर नेता सतीश नांदल बाबा बालक नाथ की तिजारा सीट के प्रभारी बनाये गये थे। जिला उपाध्यक्ष व मंड़ल अध्यक्षों को भी अलग-अलग मंडलों की जिम्मेदारी दी गई थी। भाजपा नेता सतीश नांदल ने तिजारा सीट की जीत की बधाई देते हुए कहा कि रोहतक टीम ने तिजारा सीट पर जो चुनाव प्रबंधन में सहयोग दिया है वो काबिले तारीफ है।

बाबा बालक नाथ के अस्थल बोहर से गये सभी साधु समाज को धन्यवाद करते हुए भाजपा नेता सतीश नांदल ने कहा कि चुनाव में भाजपा की नीतियों के साथ साथ पन्ना प्रमुख व संगठन के आला पदाधिकारियों की मेहनत का परिणाम है कि हम भाजपा की नीतियों को जन जन तक पहुंचानें में कामयाब रहे और आमजन ने विपक्षी दलों की झुठ की राजनीति को समझते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान किया। उल्लेखनीय है कि तिजारा सीट के मंडल प्रभारी बने रोहतक जिला उपाध्यक्ष अभिनंदन भारद्वाज व जितेंद्र ठेकेदार के मंडल से बाबा बालक नाथ को बीस हजार वोट से ज्यादा की जीत हुई। राजस्थान व अन्य प्रदेशों में भाजपा की जीत के साथ साथ रोहतक में बाबा बालक नाथ की जीत पर बाबा बालक नाथ के अठगामें में खुशी की लहर है। ग्रामीणों का कहना है कि बाबा बालक नाथ की इस राजनैतिक पारी में उनको राजस्थान विधान सभा में बड़ी भुमिका मिलने के प्रबल आसार है। भाजपा कार्यालय के साथ साथ राजनैतिक गलियारों में राजस्थान के चुनावों का हरियाणा की राजनीति में क्या प्रभाव पड़ेगा इसकी चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।



तिजारा सीट पर जीत के बाद विक्टरी चिन्ह बनाते विधायक बाबा बालकनाथ और तिजारा प्रभारी सतीश नांदल।

# शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सुशासन देने का काम कर रही है हरियाणा सरकार: मंत्री कंवरपाल

### गांव मुजाफत व भगेड़ा में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' कार्यक्रम का स्कूल शिक्षा मंत्री ने किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

**स्कूल** शिक्षा, वन एवं पर्यावरण मंत्री कंवरपाल ने कहा कि विकसित भारत का सपना केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या किसी सरकार का नहीं बल्कि भारत के हर नागरिक का सपना है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश के लोगों के सपने को साकार करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वाभिमान, सेवा, स्वावलंबन और सुशासन देने का काम कर रहे हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री ने रविवार को प्रताप नगर खंड के गांव मुजाफत व भंगेड़ा में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। स्कूल शिक्षा मंत्री के संकल्प यात्रा में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। स्कूल शिक्षा मंत्री ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में भागीदारी करते हुए ग्रामीणों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया, साथ ही उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए अविलंब समाधान के निर्देश दिए। स्कूल शिक्षा मंत्री ने नागरिकों को विकसित भारत बनाने की शपथ भी दिलाई तथा कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया।



# निदेशिका बनने पर डॉ. सुशीला का किया नागरिक अभिनंदन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के विधि विभाग की निदेशिका बनने पर डॉक्टर सुशीला चौहान का नागरिक अभिनंदन किया गया। भगवान श्री विश्वकर्मा पांचाल एजुकेशन सेवा समिति के सदस्यों ने उनका अभिनंदन करते हुए उन्हें बधाई दी। इस दौरान कर्मवीर एडवोकेट ने बताया कि मैडम सुशीला चौहान विनम्र और मृदभाषी व्यक्तित्व की धनी है।

उन्होंने यह पद अपनी मेहनत और लगन से पाया है। उनके नेतृत्व में विधि संस्थान और भी ज्यादा ऊंचाइयों को छूएगा। शिक्षा समिति समाज मे शिक्षा और सहयोग के लिए विशेष कार्य कर रही है और समय समय पर प्रतिभाओं का सम्मान करती है। सुशीला चौहान ने बताया कि वह पिछले 17 वर्षों से इस विभाग में अध्यापन कार्य कर रही हैं और विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, उसे वह ईमानदारी और लगन से पूरा करेंगी। इसके लिए उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर सोमनाथ सचदेवा एवं सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार जताया। उन्होंने समिति द्वारा संचालित पुस्तकालय में पुस्तकें और जरूरी शिक्षण सामग्री व हर प्रकार से सहयोग देने घोषणा की।



## मोदी की जनहितकारी योजनाओं का परिणाम है भाजपा की जीत : सुभाष

**शाहाबाद मारकंडा।** पांच राज्यों के चुनावी मतदान के परिणाम में तीन राज्यों में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलने पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस यूथ फाउंडेशन के संरक्षक व छात्र संगठन एबीवीपी के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुभाष कलसाना ने अपने समर्थकों के साथ खुशी का इजहार किया।

सुभाष कलसाना ने कहा कि यह जीत राष्ट्रवाद की जीत है। उन्होंने कहा कि आज पंक्ति में खड़े हर अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है और समाज का कोई भी वर्ग इससे अछूता नही है। जनता का साथ और विश्वास निरंतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कायम है और ये उसी का परिणाम है कि राजस्थान, मप्र और छत्तीसगढ़ में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिला है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीसी ने कर्मवीर को तीसरा स्थान प्राप्त करने पर दी बधाई



**यमुनानगर।** अखिल भारतीय सिविल सेवा हॉकी टूर्नामेंट कर्मबीर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 15 नवंबर से 24 नवंबर 2023 तक भुवनेश्वर उड़ीसा में आयोजित की गई थी। इस उपलब्धि पर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने विजेता खिलाड़ी को बधाई दी और कहा कि हमें खेलों में अधिक से अधिक भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलना केवल स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है बल्कि अब यह आय का साधन भी बन गया है। अच्छे खेलों का प्रदर्शन करने पर खिलाडि़यों को सरकार द्वारा लाखों रुपये का आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है।

### तनाव से ब्रेन के रोगों को मिलता है बढ़ावा : डॉ. जैन



मरीज का चेकअप करते डा. हिमांशु जैन।

**कुरुक्षेत्र।** आर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीसपेसिलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र द्वारा गांव ज्योतिसर में निशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। इसमे ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन ने कहा कि हमें अपने ब्लड प्रेशर की समय समय पर जांच करवाते रहना चाहिए, ताकि उच्च रक्तचाप से होने वाले रोगों से बचा जा सके। उन्होंने ब्रेन से सम्बंधित रोगों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई। उन्होंने बताया कि मनुष्य में अल्जाइमर रोग एसीटिलकोलीन की कमी से सम्बन्धित होता है। इस रोग में मस्तिष्क कोशिकाएं (न्यूरॉन) नष्ट हो जाती हैं, जिसके कारण प्राथमिक स्मृति, निर्णय एवं तर्क की क्षमता, गति समन्वय एवं पहचाने की क्षमता इत्यादि का ह्रास हो जाता है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ यादाश्त कमजोर होना आम बात है। कुछ लोग इसे अल्जाइमर समझ कर परेशान हो जाते हैं, जबकि ये तनाव या फिर अकेले रहने के डिप्रेशन से भी जुड़ा हो सकता है। डॉ जैन ने बताया कि यादाश्त को बढ़ाने के कई तरीके उपलब्ध हैं, जिससे इस बीमारी पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है। किताब पढ़ने, सुडोकू, क्रॉसवर्ड, पजल्स या फिर बोर्ड गेम्स जैसी चीजें खेलने को देते हैं। इसके अलावा सोशल एक्टिविटी बढ़ाने और लाइफ स्टाइल को बेहतर बनाने पर जोर दिया जाता है। इसमें फिजिकल एक्टिविटी, अच्छी डाइट और अच्छी नींद शामिल हैं। गांव के सरपंच प्रवीण शर्मा ने गांव की तरफ से ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन, एडमिनिस्ट्रेटिव हॉस्पिटल डॉ संजय शर्मा, डॉ इमरान नजीर व डॉ रमन सैनी का फूलमालाओ से स्वागत किया। सरपंच ने कहा कि आज के कैंप से आने वाले रोगियों व ग्राम वासियो को अच्छी जानकारी मिली है। भविष्य में भी वे ग्रामवासियो के स्वास्थ्य हेतु कैंपस का आयोजन करवाते रहेंगे। डॉ संजय शर्मा ने बताया कि इस कैंप में 112 मरीजों का निशुल्क चैक अप, परामर्श, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन व ब्लड प्रेशर इत्यादि चैक किए गए। सभी रोगियों को फ्री में दवाइयां भी बांटी गई।

# सफल उद्यम स्थापित करने व चलाने वाले युवा होंगे सम्मानित : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

**हरियाणा** राज्य में स्थित सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षित युवाओं में स्वरोजगार स्थापित करने की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा सफल उद्यमियों को पुरस्कृत करने की योजना लागू की है, जिसके तहत अपना सफल उद्यम स्थापित करने एवं चलाने में प्रथम विजेता उम्मीदवार को 10 हजार रुपये, द्वितीय विजेता उम्मीदवार को 7500 रुपये और तृतीय विजेता उम्मीदवार को 5 हजार रुपये की नकद राशि एवं प्रमाण पत्र प्रत्येक जिले में 26 जनवरी 2024 को होने वाले गणतंत्र दिवस के अवसर पर देकर सम्मानित किया जाएगा।

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि इन सभी पुरस्कृत उद्यमियों में से सर्वश्रेष्ठ तीन उम्मीदवारों राज्य स्तरीय समारोह में प्रथम विजेता उम्मीदवार को 50 हजार रुपये, द्वितीय विजेता उम्मीदवार को 40 हजार रुपए और तृतीय विजेता उम्मीदवार को 30 हजार रुपये की नकद राशि एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 31 दिसंबर 2023 से पहले आवेदन जमा करवा सकता है। आवेदन प्रपत्र एवं योजना के नियम व शर्तें कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा की वेबसाइट से डाऊनलोड कर सकते हैं।



## 350 लोगों ने उठाया नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का लाभ

**शाहाबाद मारकंडा।** नर नारायण सेवा समिति एवं लाईटसन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर व जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन श्रीमद भगवती बाला सुंदरी मंदिर धर्मशाला में किया गया।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि गुमटी वाले माता जी माता देवा जी, प्रसिद्ध समाजसेवी संदीप गर्ग, पूर्व नपा प्रधान हरीश कवात्तरा व नगर के गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ. भरत वीर मनचंदा, ब्रेस्ट कैंसर विशेषज्ञ डॉ. सलोनी मनचंदा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुभव बावेजा व स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. कनिका बावेजा ने मरीजों की जांच की। शिविर में गठिया के 100, ब्रेस्ट कैंसर के 50, स्त्री रोग के 50 तथा आंखों के 150 मरीजों की जांच की गई तो वहीं 75 लोगों को चश्मे व दवाइयां नि:शुल्क वितरित की गई।

# भारत को आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने में युवा पीढ़ी का अहम योगदान : बलवंत सिंह

### ग्रामीणों को दिलाई 'हमारा संकल्प-विकसित भारत' की शपथ

पायनियर समारर सेवा। सढौरा/यमुनानगर

**पूर्व** विधायक बलवंत सिंह ने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार व राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में जागरूकता पैदा करना और उनकी शत-प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करना है। यह यात्रा प्रदेश के कोने-कोने में समाज के सभी वर्गों विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है।



वे रविवार को सढौरा क्षेत्र के गांव रसूलपुर व ठसका में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के विकास में युवाओं की अहम भूमिका होती है, हमें अपने बच्चों को अच्छी संस्कारित शिक्षा देकर उन्हें अच्छा नागरिक बनाना है। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' कार्यक्रम में आमजन की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। इतना ही नहीं देश को आत्मनिर्भर बनाने में युवा पीढ़ी अच्छी शिक्षा लेकर राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे।

इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों के सहयोग से उनका समाधान करवाया। यदि किसी का आयुष्मान कार्ड, बीपीएल कार्ड, परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता या अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं बनी है तो उनका मौके पर ही पंजीकरण किया जा रहा है।

# न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी ने 100 दिन पूरे होने उत्सव मनाया

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**देश** की अग्रणी नियो-टैक् यूनिवर्सिटी न्यूटन स्कूल द्वारा ऋषिहुड यूनिवर्सिटी के सहयोग से इस साल जुलाई में लांच किए गए 'न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी' (एनएसटी) ने शनिवार, 23 नवंबर को अपनी शुरुआत के पहले 100 दिन पूरे किए। यह संस्थान कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में ऑन-कैम्पस अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम लेकर आया है, जो कि भारत में इस किस्म का पहला पाठ्यक्रम है।

ये 100 दिन इस संस्थान के विद्यार्थियों, शिक्षकों व स्टाफ की उपलब्धियों, प्रतिभा एवं उत्कृष्टता के परिचायक बने हैं। बेहतरीन शिक्षकों और उद्योग जगत के पेशेवरों के साथ एक असाधारण फैकल्टी बनाई गई और यह फैकल्टी विद्यार्थियों को कौशल-आधारित वह शिक्षा दे रही है जो आज तेजी से बदलते आईटी उद्योग में सफलता हासिल करने के लिए बेहद जरूरी है। इस उत्सव के तहत एक दिन का समारोह आयोजित किया गया जिसमें ऐसी गतिविधियों को शामिल किया गया जो सहयोगात्मक और प्रभाव-केन्द्रित थीं। इस मौके पर विद्यार्थियों ने 100 पौधे लगाए। इसके बाद एक इंट्रैक्टिव ओपन सैशन हुआ जिसमें स्कूल के दोनों संस्थापक सिद्धार्थ माहेश्वरी और निशांत चंद्रा शामिल थे। स्कूल के सह-संस्थापक सिद्धार्थ माहेश्वरी ने कहा, ''शिक्षकों और विद्यार्थियों की कडी मेहनत की वजह से ही हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं कि कामयाब 100 दिनों का उत्सव मना रहे हैं।



# भाजपा की यह जीत कार्यकर्ताओं एवं संगठन की जीत : राजीव जैन



तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर खुशी मनाते भाजपाई।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**राजस्थान**, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत पर कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व मंत्री कविता जैन व मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन के सेक्टर-15 स्थित कार्यालय पर ढोल नगाड़ों के साथ नाचते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई एवं आतिशबाजी करके अपनी खुशी का इजहार किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और भाजपा वरिष्ठ नेताओं के जिंदाबाद के नारे लगाए।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि इस जीत से निश्चित ही कार्यकर्ताओं के अंदर नई ऊर्जा व उत्साह का संचार हुआ है। तीनों राज्यों की जनता ने भाजपा को अपना आशीर्वाद देकर एक बार फिर से इतिहास रचने का काम किया है। पूर्व मंत्री कविता जैन व मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने जीत की खुशी में लड्डू बांटे।

# अमेजन फ्रेश सुपर वैल्यू डेज के साथ क्रिसमस शॉपिंग को बनाएं आनंदमय और फायदेमंद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**क्रिसमस** का सीजन शुरू हो चुका है, ऐसे में 7 दिसंबर तक अमेजन फ्रेश पर सुपर वैल्यू डेज के दौरान अपनी किराना जरूरतों को पूरा करना सुनिश्चित करें। सर्दियों के मौसम का लुत्फ उठाएं और अपने पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंग मंच पर नीविया, डेल मोंटे, एरियल, आईटीसी और सफोला जैसे लोकप्रिय ब्रांड्स के रोमांचक ऑफर्स के साथ किराना, दैनिक जरूरी सामान, पैकेड बंद फूड, स्नैक्स, पेय पदार्थ और अनाज-दालों सहित उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला पर पाएं 45 प्रतिशत तक की छूट प्राप्त करें।

उपभोक्ता 1 से 4 दिसंबर तक आईसीआईसीआई बैंक डेबिट और क्रेडिट कार्ड से न्यूनतम 2500 रुपए की खरीदारी पर इंस्टेंट 10 प्रतिशत (300 रुपए तक) का डिस्काउंट हासिल कर सकते हैं। नए ग्राहक अपने पहले चार ऑर्डर पर 400 रुपए के कैशबैक ऑफर का फायदा उठा सकते हैं। प्राइम रिपीट ग्राहक 200 रुपए तक के कैशबैक रिवॉर्ड के साथ इस त्योहारी सीजन में बड़ी बचत का आनंद ले सकते हैं।

amazon fresh

आप अमेजन फ्रेश पर विशेष रूप से तैयार किए गए विंटर स्टोर से सर्दियों की जरूरत का सामान भी खरीद सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आप गर्म रहें और आगे आने वाले ठंडे महीनों के लिए तैयार हैं। जरूरी चीजों पर सुपर सेवर ऑफर्स- नीविया शिआ स्मूथ बॉडी लोशन, 600 एमएल नीविया शिआ स्मूथ बॉडी लोशन से अपनी त्वचा की सर्वोत्तम देखभाल करें और हाइड्रेशन प्रदान करें।

गहरे मॉइस्चराइजिंग अवयवों से समृद्ध, यह त्वचा के भीतर गहराई से काम करता है और परत दर परत शुष्कता को दूर करता है और आपको कोमलता और सुरक्षा प्रदान करता है। मलाईदार और चिकने इस 24 घंटे तक चलने वाले इस गहन मॉइस्चराइजर को विशेष रूप से शुष्क त्वचा की जरूरतों को पूरा करने के लिए विकसित किया गया है। इसे अमेजन डॉट इन पर 574 रुपए में खरीदें। डेल मोंटे टोमैटो केचअप क्लासिक ब्लेंड स्पाउट पैक, 500 ग्राम डेल मोंटे टोमैटो केचअप क्लासिक ब्लेंड के साथ इस बार सर्दियों को व्यंजनों का उत्सव बनाएं, जहां प्रत्येक व्यंजन में टमाटर की अच्छाई के लिए परंपरा का नवीनता के साथ मिलन होता है।

### आरक्षण की समीक्षा की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका

# हरियाणा सरकार और एनसीबीसी को नोटिस जारी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़




**पंजाब** और हरियाणा हाईकोर्ट में दाखिल एक याचिका मे जाति आधारित आरक्षण की समीक्षा की मांग को गई है। हाईकोर्ट को बताया गया कि एनसीबीसी की गाइड लाइन के अनुसार और इंदिरा साहनी व राम सिंह मामले में सुप्रीम कोर्ट स्पष्ट कर चुका है कि आरक्षण की हर 10 साल में समीक्षा होनी चाहिए। बावजूद इसके आज तक समीक्षा नहीं को गई है।

इस याचिका पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार व राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। स्नेहांचल चैरिटेबल ट्रस्ट ने याचिका दाखिल में हाईकोर्ट को बताया था कि एनसीबीसी की गाइड लाइन के अनुसार और इंदिरा साहनी व राम सिंह मामले में सुप्रीम कोर्ट स्पष्ट कर चुका है कि आरक्षण की हर 10 साल में समीक्षा होनी चाहिए। बावजूद इसके आज तक समीक्षा नहीं की गई है।

भारत में आजादी के बाद जब संविधान में आरक्षण का प्रावधान किया गया तब से लेकर अब तक राजनीति के लिए, इसका इस्तेमाल किया गया है। वोट बैंक के लिए आरक्षण पाने वाली जातियों की संख्या में बढ़ोत्तरी तो कर दी जाती है परंतु किसी जाति को इससे बाहर नहीं किया जाता है। याची ने कहा कि आरक्षण लागू करते हुए हर 10 वर्ष में समीक्षा करने का प्रावधान रखा गया था लेकिन यह कार्य किसी ने भी नहीं किया। हरियाणा में आरक्षण के लिए मंडल कमिशन की रिपोर्ट को 1995 में अपनाया गया और इस रिपोर्ट के आधार पर शेड्यूल ए और बी तैयार किया गया था।

इस रिपोर्ट में भी यह कहा गया था कि 20 साल में पिछड़े वर्ग को दिए गए आरक्षण की समीक्षा की जाए। याची ने कहा कि इस आयोग की रिपोर्ट को 15 साल बाद 1995 में अपनाया गया था और ऐसे में 2000 में इसकी समीक्षा होनी चाहिए थी। परंतु 2017 तक 37 साल बीत गए हैं लेकिन किसी भी स्तर पर समीक्षा का प्रयास नहीं किया गया। याची ने कहा कि एनसीबीसी और सुप्रीम कोर्ट ने इंदिरा साहनी मामले में आरक्षण व्यवस्था के लिए आंकड़े एकत्रित करने और समीक्षा करने के लिए प्रक्रिया को स्पष्ट किया है लेकिन राजनीतिक दलों ने हित साधने के लिए इसे अपनाया ही नहीं। 1993 में कंबोज कमिशन बनाया गया तो वहीं 1999 में गुरनाम सिंह कमिशन बनाया गया। इन सभी में कुछ जातियों को पिछड़ा वर्ग में शामिल करने की बात तो कही गई परंतु आंकड़ों के आधार पर किसी को बाहर करने की बात नहीं कही गई। याची ने कहा कि 1951 से लेकर अभी तक केवल जातियों को शामिल ही किया गया है। हाईकोर्ट ने इस पर याची से पूछा था कि इस बारे में क्या किया जा सकता है।

याची ने कहा कि नए सिरे से आंकड़े एकत्रित करते हुए यह देखा जाना चाहिए किस जाति को आरक्षण की जरूरत है और किसे नहीं। यह प्रक्रिया हर 10 साल में अपनाई जानी चाहिए। याची ने उदाहरण के साथ कहा कि 1951 से 71 जातियों को पिछड़ा वर्ग के तहत आरक्षण लाभ प्राप्त है और क्या अभी तक इन में से कोई एक जाति भी आगे नहीं बढ़ पाई है।

# लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ लड़ने के लिए तैयार : मनोहर लाल

### जनता ने नारों की राजनीति को दूर फेंका



पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि तीन प्रदेशों में भाजपा की जीत ने पार्टी की नीतियों व जनता के हित के लिए किए गए कार्यों पर मुहर लगा दी है। जनता ने नारों की राजनीति को उखाड़ फेंका है। मुख्यमंत्री रविवार को हिसार में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

हरियाणा में लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव करवाए जाने के प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि केंद्रीय चुनाव समिति तथा चुनाव आयोग निर्णय करेगा तो वे लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा चुनाव के लिए भी तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा निचले स्तर तक योजनाओं को पहुंचा रही है।

हरियाणा में जजपा से गठबंधन के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नीतिगत विषय है। समय आने पर ही इस पर कोई फैसला होगा। उन्होंने कहा कि पन्ना प्रमुखों तक के संगठन ने बूथ लेवल पर काम करके सब प्रदेशों में बीजेपी को बेहतर परिणाम दिये हैं। कांग्रेस जैसा कह रही है कि इन नतीजों का असर 2024 के चुनाव में आएगा, तो मैं भी कहता हूं कि इनका परिणाम आयेगा।

इन चुनाव के पीछे कई कारण गिनाये जा सकते हैं, लेकिन केंद्र सरकार की योजनाओं पर जनता ने मोहर लगायी है। इसके साथ ही चुनाव घोषणा पत्र पर वहां की जनता ने भरोसा किया है। उन्होंने कहा कि हम हरियाणा में अंत्योदय की भावना से काम कर रहे हैं, अंतिम व्यक्ति तक परिणाम पहुंचे, इसमें हम लगे है। विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है, जनता की समस्याओं का हल कर रहे हैं, जिन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, उन्हें देने की कोशिश है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस ने सोचा तक नहीं है कि देश को विकसित करना है। विकासशील देशों की श्रेणी में आते है, 100 वर्ष आजादी के पूरे होने पर हमारा देश विकसित देशों में शामिल हो जाएं, इसके लिए सरकारों को काम करना है, जनता को भी योगदान देना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र सरकार का कार्यक्रम हैं, संसाधनों का कोई दुरुपयोग नहीं हो रहा है। 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जब समय पर योजनाएं बनती हैं, हर प्रदेश की अपने हिसाब से योजनाएं होती है।

## 10 किलो डोडा पोस्त के साथ आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

साढ़े 10 किलो मादक पदार्थ डोडा पोस्त सप्लाई मामले की जांच थाना सीवन पुलिस के एसआई जसवंत सिंह की टीम द्वारा करते हुए सप्लायर कच्ची पिसौल निवासी वकील उर्फ विक्की को काबू कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 15 जून को एंटी नारकोटिक सेल द्वारा कच्ची पिसोल निवासी संदीप के मकान पर दबिश देकर आरोपी संदीप को काबू किया गया था। उसके कब्जे से 10 किलो 500 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ था। इस बारे थाना सीवन दर्ज मामले की आगामी जांच एसआई जसवंत द्वारा अमल में लाई गई। आरोपी संदीप ने कबूल किया था कि उसको यह डोडापोस्त वकील द्वारा उपलब्ध करवाया गया था। आरोपी वकील के कब्जे से ड्रगमनी बरामद की गई है। आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## नशीला पदार्थ पिला किया दुष्कर्म

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

जिले में 30 वर्षीय विवाहिता ने साथ काम करने वाले एक युवक पर दुष्कर्म करने और उसकी अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर रुपये मांगने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। विवाहिता ने पुलिस को शिकायत दी कि वर्ष 2019 में वह शहर के एक निजी स्कूल की बस पर बतौर सहायक कार्य कर रही थी। विकास गौतम नामक युवक उस बस में चालक था। उनकी आपस में जान-पहचान हो गई। दो फरवरी 2019 को आरोपी उसे ढांड रोड स्थित एक होटल में ले गया। आरोपी ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही आरोपी ने अपने मोबाइल में उसकी अश्लील वीडियो बना ली। बाद में आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे रुपये मांगने लगा। किसी को इस बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## महिला सफाई कर्मी ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

**कैथल।** वेयरहाउस के गोदाम में सफाई का कार्य करने वाली एक महिला ने गोदाम के प्रबंधक, सुपरवाइजर और एक अन्य युवक पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शहर के साथ लगते एक गांव निवासी 36 वर्षीय विवाहिता ने पुलिस को शिकायत दी कि वह कुतुबपुर रोड स्थित वेयरहाउस के गोदाम में सफाई का काम करती है। 29 नवंबर को शाम करीब 5-6 बजे जब वह गोदाम में सफाई कर रही थी तो वहां के प्रबंधक त्यागी, सुपरवाइजर योगेश व एक अन्य आरोपी विकास ने अचानक गोदाम के अंदर आकर दरवाजा बंद कर दिया। योगेश ने उसके दोनों हाथ पकड़ लिए और विकास उसके साथ छेड़खानी करने लगा।

उसने अपना बचाव करने की कोशिश की तो प्रबंधक ने उसका मुंह दबा दिया और धमकी देने लगा कि जो हम चाहते हैं वो हमें करने दो नहीं तो उसे किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ेंगे। जब शोर मचाने की कोशिश की तो त्यागी धमकी देने लगा कि इसके मुंह में सल्फास डाल दे। डीएसपी उमेद सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## आज के भौतिकतापूर्ण जीवन में परमार्थ से ही आनंद मिल सकता है: मंत्री सिंह

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

निस्वार्थ सेवा वह है जहां आप अपनी खुशी के बारे में सोचे बिना, दूसरे की खुशी के बारे में सोचे। जहां आप ये अपेक्षा न रखें कि बदले में हमें भी प्यार मिलेगा या बदले में मुझे प्यार क्यों नहीं मिल रहा है, सेवा मानव जीवन का सर्वश्रेष्ठ धर्म है। सेवा की संस्कृति ही भारतीय संस्कृति है। इसी चिंतन एवं भावना को मातृभूमि सेवा मिशन चरितार्थ कर रहा है।

यह उद्गार मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र द्वारा समाज के असहाय एवं जरूरतमंद बच्चों के लिए निःशुल्क संचालित मातृभूमि शिक्षा मंदिर के रामायण सदन के लोकार्पण समारोह में हरियाणा सरकार के राज्यमंत्री संदीप सिंह ने मातृभूमि सेवा मिशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संदीप सिंह एवं मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने भारतमाता एवं योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन एवं दीपप्रज्वलन से संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मातृभूमि शिक्षा



मातृभूमि शिक्षा मंदिर के रामायण सदन के लोकार्पण करते हरियाणा सरकार के राज्यमंत्री संदीप सिंह एवं अन्य।

मंदिर के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि संदीप सिंह ने कहा कि आज के भौतिकता पूर्ण जीवन में परमार्थ द्वारा ही मानव जीवन को शांति एवं आनंद प्राप्त हो सकता है। आपने लिए तो जीवन में हम सब सबकुछ करते हैं, लेकिन दूसरों के लिए कार्य करना ही मानव जीवन की सार्थकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा कि समाजसेवा करना संसार के सभी मनुष्यों का नैतिक उत्तरदायित्व है। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव यशपाल, झांसा के सरपंच पुनीत मल जसूजा, प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य आचार्य सतीश कौशिक, वीरेन्द्र गोलन, कुरुक्षेत्र संस्कृत वेद विद्यालय के आचार्य नरेश कौशिक, डॉ. आशुतोष वशिष्ट, गुरप्रीत सिंह, मास्टर बाबू राम, रवि पंवार, अशोक वर्मा, रमन कम्बोज सहित गणमान्यजन मौजूद रहे।

## मेगा स्वास्थ्य जांच कैंप में 122 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

### शिविर में 33 लोगों ने किया रक्तदान


स्वास्थ्य जांच में मरीज का टेस्ट करते हुए डॉक्टर।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**सेफ** इंडिया फाउंडेशन व अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला सोनीपत इकाई, महिला व युवा जिला इकाई, श्री श्याम बाला जी सेवा मंडल, रोटरी क्लब ऑफ़ सोनीपत एक्सीलेंस, कृष्णा सेवी श्याम मिष्ठान भण्डार द्वारा शंभूदयाल स्कूल में आयोजित मेगा स्वास्थ्य जांच कैंप का 122 मरीजों ने लाभ लिया।

सेफ इंडिया फाउंडेशन के प्रधान संजय सिंगला व चेयरमैन बाई के त्यागी ने बताया कि हर महीने के पहले रविवार को यह कैंप लगाया जाता है, जिसमें जरूरतमंद लोग इस कैंप में स्वास्थ्य जांच करवाते हैं। अनिल गुप्ता व महासचिव एडवोकेट अरविन्द मित्तल ने बताया कि सिग्नस हस्पताल की टीम द्वारा 122 मरीजों के शुगर, बीपी, ईसीजी व स्वास्थ्य जांच की गई। डॉक्टर वरुण शर्मा द्वारा 27 मरीजों के दांतों का चेकअप किया गया। इस मौके पर 33 रक्तदाताओं ने रोटरी ब्लड बैंक की टीम को रक्तदान किया व रोटरी द्वारा रक्तदाताओं को उपहार में हेलमेट दिया गया। वर्मा लैब द्वारा मुफ्त में टेस्ट किये गए। कैंप में मरीजों को तीन दिन की दवाई मुफ्त में दी गई। सिग्नस हस्पताल के विशेषज्ञ द्वारा 38 मरीजों की आंखों की जांच की गई। जिसमें 4 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। शिविर में हरि कौशिक, आनन्द अग्रवाल, नरेश गर्ग, डॉक्टर कैलाश, संदीप शर्मा, बबीता जिंदल, सिग्नस हस्पताल से डॉक्टर कविता, डॉक्टर मिंटू, आंखों के डॉक्टर सुरेश आदि ने लोगों की जांच की।

## तीन राज्यों में विजय के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

पायनियर समाचार सेवा। करनाल।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की वजह से आज भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की है। जीत का यह कर्म यूं ही आने वाले दिनों में हरियाणा में भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में जारी रहेगा। मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने जीत का जश्न मनाते हुए कहे।

इस दौरान उन्होंने समस्त भारतीय जनता पार्टी परिवार, प्रदेशवासियों व देशवासियों को इस जीत की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और कुशल नेतृत्व का असर है कि निरंतर अलग-अलग राज्यों में भाजपा की सरकारें बन रही हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह हरियाणा में भी आगामी नगर निगम चुनावों, लोकसभा चुनावों और विधानसभा चुनावों में जीत का सिलसिला जारी रहेगा और पुनः मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी।

मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने कहा कि इस जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पूरे देश के मन में मोदी है। इस जीत ने साबित कर दिया है कि देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी में कितना विश्वास करती है। यह जीत गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल नेतृत्व की जीत है। जगमोहन ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं।

## विदेश भेजने के नाम पर लाखों हड़पने के मामले दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**विदेश** भेजने के नाम पर लाखों रुपये हड़पने के मामले की जांच इकनॉमिक सैल के एएसआई महेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी बडोदरा गुजरात निवासी जयेश भाई पटेल तथा अनिल कुमार पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव ढुंढवा निवासी जशमेर की शिकायत के अनुसार अगस्त 2019 में कैथल बस स्टैंड पर उनका मुलाकात श्याम सिंह, विजय शर्मा, सतीश शुक्ला, यमन शर्मा से हुई जिन्होंने अपने आप को दिल्ली व देहरादून के रहने वाले बताया। वो आपस में परिचित बन गए। मोबाइल नंबर दे दिया। कुछ दिन बाद उनका फोन आया कि हम आपको 10 लाख में कनाडा भेज सकते हैं। इस झांसे में आकर उन्होंने


दोनों आरोपी इकनॉमिक सेल पुलिस की गिरफ्त में।

10 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद आरोपियों ने ना तो उसे कनाडा भेजा और ना पैसे वापस किए। पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई। दोनों आरोपियों को गुजरात से काबू किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 51 हजार रुपये तथा आई-20 गाड़ी बरामद की गई है।

## गुरु ब्रह्मानंद आश्रम में ऋग्वेद के 1011 मंत्रों के साथ हवन में डाली आहुति

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

ब्रह्मसरोवर स्थित जगद गुरु ब्रह्मानंद आश्रम में गुरु ब्रह्मानंद की जयंती के उपलक्ष्य में शुरू हुए 24 दिवसीय चतुर्वेद महायज्ञ के तीसरे दिन का शुभारंभ पूर्व सांसद कैलाशो सैनी ने किया। कैलाशो सैनी ने कहा कि जगद गुरु ब्रह्मानंद ने नारी शिक्षा की अलख उस समय जगाई जब महिलाओं को पढ़ाने का विरोध होता था। उन्होंने बच्चियों को पढ़ाने का संदेश दिया इसके साथ ही लाखों किलोमीटर पैदल चलकर वेदों का प्रचार किया।

वर्तमान में समाज को उनके दिखाए रास्ते पर चलने की जरूरत है। जगद गुरु ब्रह्मानंद ट्रस्ट की अध्यक्षा संत दर्शना देवी ने बताया कि तीसरे दिन ऋग्वेद के 1011 मंत्रों का जाप करके


गुरु ब्रह्मानंद आश्रम में ऋग्वेद के 1011 मंत्रों के साथ हवन में आहुति डालते पूर्व सांसद कैलाशो सैनी व साध्वी देव अभिलाषानंद सरस्वती।

हवन यज्ञ में आहुतियां डाली गई। उन्होंने बताया कि नौ दिसंबर तक ऋग्वेद के मंत्रों का जाप किया जाएगा। इसके बाद 10 से 14 दिसंबर तक यजुर्वेद, 15 से 19 दिसंबर तक सामवेद और 20 से 24 दिसंबर तक अथर्ववेद के मंत्रों का जाप किया जाएगा। साध्वी रामदेवी और साध्वी देव अभिलाषानंद सरस्वती ने बताया कि चारों वेदों में 20 हजार से अधिक मंत्र हैं। इन सभी मंत्रों का जाप करके हवन यज्ञ में 24 दिसंबर को पूर्ण आहुति डाली जाएगी। इस अवसर पर बिजली निगम को एसडीओ रेखा बत्तान, रोशन लाल पवनावा, धर्मपाल गोलपुरा, नन्ही देवी मौजूद रहे।

## विश्व का सबसे बड़ा पेपर शो, पेपरेक्स 2023, वैश्विक पेपर उद्योग के सबसे बड़े नामों की मेजबानी करने के लिए तैयार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दुनिया** के सबसे बडे पेपर शो, पेपरेक्स का 16वां संस्करण, वैश्विक पेपर उद्योग के सबसे बडे ब्रांडों और कंपनियों की मौजूदगी का वादा करता है। यह इवेंट 6 से 9 दिसंबर 2023 को इंडिया एक्सपो सेंटर, दिल्ली एनसीआर, भारत में आयोजित किया जाएगा, जिसमें पेपर उत्पादन की नवीनतम तकनीक के साथ-साथ कुछ सबसे अद्भुत और पर्यावरण- सहयोगी उत्पाद भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

पेपरेक्स 2023 को उद्योग जगत से जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है और यह 2022 से 20 देशों के 700 से ज्यादा अग्रणी प्रदर्शकों और दुनिया के हर कोने से 30,000 से अधिक व्यापार आगंतुकों के साथ सफलता




की कहानी को बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। यह एक्सपो थोक सौदों, संयुक्त उद्यमों, वितरण संबंधित समझौतों, ज्ञान-साझा करने, सामान्य नेटवर्किंग और अन्य बहुत कुछ की सुविधा प्रदान करता है।

भारत में पेपर की खपत की संभावित वार्षिक वृद्धि 6 से 7 प्रतिशत होने के साथ वित्तीय वर्ष 2026-27 तक 30 मिलियन टन तक पहुंचने की संभावना है, जो मुख्य रूप से संगठित खुदरा क्षेत्र में वृद्धि के साथ-साथ शिक्षा और साक्षरता पर बढ़ावा मिलने से हो रहा है। वर्तमान में, भारत में 861 पेपर मिलें हैं, जिनमें से 526 संचालन में हैं, जिनकी कुल स्थापित क्षमता 27.15 मिलियन टन है। हाल ही में हुए एक उद्योग अनुसंधान के अनुसार, भारत विश्व स्तर पर पेपर के लिए सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार है।

इस वैश्विक कार्यक्रम के आयोजक हाइवे इंडिया के निदेशक गगन साहनी कहते हैं, "पेपरेक्स सभी पेपर और संबद्ध उद्योगों के लिए आमने-सामने बातचीत, कई आपूर्तिकर्ताओं की खोज, नए आपूर्ति और निर्यात गंतव्यों की पहचान करना के साथ-साथ ही इस शो में विभिन्न प्रकार के पेपर से परिचित होने के लिए एक एकीकृत व्यापार मंच प्रदान करता है।"

# जल संरक्षण के लिए अरावली की तलहटी में बनाएं जाएं छोटे तालाब

### मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों द्वारा दिए गए कार्यों को जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में चल रही जल संरक्षण योजनाओं की समीक्षा करते हुए रविवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चालू परियोजनाओं का तय समयावधि में क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को इन परियोजनाओं का लाभ जल्द से जल्द मिल सके।

मुख्यमंत्री यहां सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ बजट 2023-24 में घोषित विभिन्न परियोजनाओं, राज्य में जल संरक्षण के लिए जल निकायों और जन संवाद कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अब तक चिह्नित



किए गए 1000 एकड़ क्षेत्रफल वाले लगभग 100 जल निकायों पर जल्द से जल्द काम शुरू करने और मानसून 2024 की शुरुआत से पहले इसे पूरा करने के निर्देश दिए ताकि बारिश के अतिरिक्त पानी के भंडारण के लिए पर्याप्त क्षमता उत्पन्न की जा सके।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि जल संरक्षण के लिए अरावली की तलहटी में छोटे तालाब बनाये जाएं। इसके अलावा उन्होंने जन संवाद कार्यक्रमों में ग्रामीणों द्वारा दिए गए कार्यों को भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार (सिंचाई) देवेंद्र सिंह ने बताया कि पहले मिकाडा और सिंचाई विभाग बजट का केवल 50 प्रतिशत ही खर्च कर सकता था, जबकि वर्ष 2023-24 में बजट आवंटन का लगभग 80 प्रतिशत तक खर्च कर सकता है, जोकि चालू वित्त वर्ष के लिए यह लगभग 2000 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015-2016 की तुलना में वाटर कोर्स के निर्माण में 250 प्रतिशत की वृद्धि और सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं में 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सिंचाई कार्यों को निर्धारित अवधि में पूरा करें और योजना की बाधाओं को कम करने और परियोजना निष्पादन में तेजी लाने के लिए बैंक ऑफ सेक्शन की निरंतर समीक्षा करें।

मिकाडा के प्रशासक डॉ सतबीर सिंह कादियान ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सूक्ष्म सिंचाई के लिए मिकाडा पोर्टल पर 1.5 लाख एकड़ के लिए 46,512 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 27,341 आवेदनों पर काम पूरा हो चुका है और 7,198 आवेदनों के लिए सहायता राशि जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने लंबित आवेदनों के लिए भी शीघ्र सहायता वितरण का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने जिला सिरसा में खरीफ चैनलों के विस्तार/निर्माण की मांगों के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि इस संबंध में व्यवहार्यता की जांच कर आगामी कार्यवाही की जाए, ताकि मानसून के दौरान अतिरिक्त बाढ़ के पानी का उचित उपयोग किया जा सके। बैठक में ओट्टू में 22 दिन से 54 दिन तक उपलब्ध पानी की मांग पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने इस पानी का भी समुचित उपयोग करने के लिए एक योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

# आरोपी को जमानत का हकदार बताकर भी राहत देना गैरकानूनी: सुप्रीम कोर्ट

**पीठ ने कहा, इस तरह के आदेश स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन करते हैं**

एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने कहा है कि जब कोई अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंचती है कि किसी आरोपी को मुकदमा लंबित रहने के दौरान जमानत पाने का अधिकार है तो केवल सीमित अवधि के लिए यह राहत देना अवैध है और इस तरह के आदेश स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन करते हैं।

शीर्ष अदालत स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी तत्व (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत कथित अपराधों के लिए मुकदमे का सामना कर रहे एक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उसने कहा कि इस तरह के आदेशों से वादी पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है, क्योंकि उसे पहले दी गई राहत के विस्तार के लिए नई याचिका दायर करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने 29 नवंबर को पारित आदेश में कहा, जब कोई अदालत कहती है कि आरोपी को मुकदमा लंबित रहते हुए जमानत का अधिकार है तो केवल सीमित अवधि के लिए ही जमानत देना अवैध है। इस तरह के आदेश संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन करते हैं। व्यक्ति ने उड़ीसा उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश का अध्ययन करने से पता चलता है कि न्यायाधीश ने यह निष्कर्ष निकाला था कि अपीलकर्ता को जमानत पर रिहा होने का अधिकार है। पीठ ने कहा कि हालांकि, उसे 45 दिन के लिए अंतरिम जमानत दी गई।

### हाईकोर्ट के आदेश का किया जिक्र

**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि हमने देखा है कि यह पांचवां या छठा आदेश है जो उसी हाईकोर्ट से आया है, जिसमें आरोपी को लंबे समय तक जमानत पर रिहा करने के योग्य माना गया था लेकिन इसके बावजूद याचिकाकर्ता को कम समय के लिए जमानत दी गई।



## अभिनेता जूनियर महमूद पेट के कैंसर से पीड़ित

**मुंबई।** चरित्र अभिनेता जूनियर महमूद पेट के चौथे चरण के कैंसर से पीड़ित हैं। प्रसिद्ध कॉमेडियन जॉनी लीवर ने रविवार को यह जानकारी दी। जूनियर महमूद का असली नाम नईम सैयद है और वह कारवां , हाथी मेरे साथी और मेरा नाम जोकर जैसी फिल्म में अभिनय कर चुके हैं।

67 वर्षीय अभिनेता ने 1966 में आई फिल्म मोहब्बत जिदंगी है और नौनिहाल (1967) में बाल कलाकार के तौर पर अपने अभिनय के करियर की शुरुआत की थी। जानेमाने कॉमेडियन दिवंगत महमूद ने सैयद को जूनियर महमूद का नाम तब दिया था जब दोनों ने 1968 में आई फिल्म सुहागरात में एक साथ काम किया था। जॉनी लीवर ने कहा कि उन्हें हाल ही में वरिष्ठ अभिनेता की बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति के बारे में पता चला।

कहा, वह (जूनियर महमूद) पेट के कैंसर से पीड़ित हैं। मैं नियमित रूप से उनके संपर्क में था, लेकिन उन्होंने कभी भी अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का जिक्र नहीं किया। मेरी उनसे डेढ़ महीने पहले ही मुलाकात हुई थी।

# भारत ने सीओपी 28 समझौते पर हस्ताक्षर से परहेज किया

### कोयले का इस्तेमाल चरणबद्ध तरीके से बंद करने की थी शर्त: सूत्र

एजेंसी। दुबई

**भारत** ने 2030 तक वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करने के संकल्प पर हस्ताक्षर करने से परहेज किया क्योंकि मसौदा पत्र में कोयले के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने का उल्लेख था, जिसका भारत समर्थन नहीं करता है। सम्मेलन में शामिल होने आए भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सूत्रों ने यह जानकारी दी।



भारत और चीन दोनों ने शनिवार को सीओपी28 जलवायु शिखर सम्मेलन में 2030 तक दुनिया की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करने के संकल्प पर हस्ताक्षर करने से परहेज किया। हालांकि, भारत पहले ही जी20 की उसकी अध्यक्षता में हुई बैठक में इस संबंध में अपनी प्रतिबद्धता जता चुका है।

यहां संयुक्त राष्ट्र की जलवायु वार्ता के दौरान, 118 देशों ने 2030 तक वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करने की प्रतिबद्धता जताई।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल के एक सूत्र ने कहा कि भारत ने प्रतिबद्धता मसौदे पर हस्ताक्षर करने से परहेज किया क्योंकि मसौदा में कोयले के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से खत्माबंद करने का उल्लेख था, जिसका वह समर्थन नहीं करता है। भारत देशों से कोयले के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से कम करने के लिए एक संकीर्ण समझौते के बजाय सभी जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से बंद करने के लिए सहमत होने के लिए कह रहा है। भारत सितंबर में दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करने पर पहले ही एक समझौता कर चुका है और देशों के एक समूह द्वारा ली गई प्रतिज्ञा जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र रूपरेखा समझौते (यूएनएफसीसीसी) के दायरे से बाहर थी।

सीओपी28 के दौरान जताई गई प्रतिबद्धता में रोकटोक के बिना कोयला आधारित बिजली उत्पादन को चरणबद्ध तरीके से बंद करने और नए कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के वित्तपोषण को समाप्त करने का आह्वान किया गया है।

## दिव्यांगों ने अवसर मिलने पर प्रतिभा का परिचय दिया: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि दिव्यांगजनों को जब भी अवसर मिला उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। यहां जारी एक अधिकारिक बयान के अनुसार योगी ने रविवार को डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के अटल प्रेक्षागृह में आयोजित विश्व दिव्यांग दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों को जब भी अवसर मिला उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि ऋषि अष्टावक्र, मध्यकालीन संत सुकरात, वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग और जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य इसके उदाहरण हैं। योगी ने कहा, चीन में संपन्न हुए पैरा एशियाई खेलों को ही देखें तो हमारे पैरा खिलाड़ियों ने 111 मेडल जीते हैं।

उन्होंने कहा कि सामान्य नागरिक की तुलना में दिव्यांगजनों का प्रदर्शन हमेशा बेहतरीन रहता है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनियाभर के दिव्यांगजनों को सम्मान देने के लिए उन्हें विकलांग की जगह एक नया शब्द दिव्यांग दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम देश में लागू किया था। उसी कड़ी में राज्य सरकार के द्वारा भी इस अधिनियम को पूर्ण रूप से अंगीकार किया गया।

# मुंबई में मुआवजे के लिए समुद्र में खड़े होकर प्रदर्शन



**जवाहरलाल पोर्ट पर आने वाले शिप्स को रोका**

एजेंसी। मुंबई

**नवी** मुंबई के जवारह लाल नेहरू पोर्ट पर शनिवार को समुद्र में जाकर प्रदर्शन किया। पानी में खड़े होकर आंदोलन कर रहे इन प्रदर्शनकारियों ने शिप्स का मूवमेंट रोक दिया। इन लोगों की जमीन का अधिग्रहण पोर्ट बनाने के लिए सरकार ने 1984 में किया था, लेकिन अभी तक इसका मुआवजा नहीं मिला है। रविवार को पुलिस ने बताया कि प्रदर्शन करने वाले हनुमान कोलिवाड़ा गांव के हैं। इनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

प्रदर्शनकारियों के गांव हनुमान कोलिवाड़ा के सरपंच परमानंद कोली बताया- मुआवजे के लिए हम 38 सालों से मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं किया गया है। 1984 में भारत सरकार ने जवाहरलाल नेहरू पोर्ट के निर्माण के लिए रायगढ़ जिले के शेवा गांव के 256 मछुआरों की जमीन का अधिग्रहण किया। उसके बाद से ये सभी परिवार हनुमान कोलिवाड़ा में ट्रांजिट कैंप में रह रहें है।



जमीन अधिग्रहण के बदले परिवारों को मुआवजा दिया गया था। रायगढ़ के कलेक्टर ने इन परिवारों को उरान में 17 एकड़ की जंगल की जमीन अलॉट की। मगर लोगों ने इसे लेने से इंकार कर दिया। उनका कहना था, पेड़ों को काटने पर हमारी परेशानियां और बढ़ सकती थी, ऐसे में गांव वालों ने उस जमीन को लेने से मना कर दिया। इसके बाद प्रशासन की तरफ से उन्हें दूसरी जमीन देने का आश्वासन तो दिया गया, मगर जमीन नहीं मिली। 2021 में तत्कालीन शिपिंग मिनिस्टर नितिन गडकरी और महाराष्ट्र के मौजूदा डिप्टी सीएम अजित पवार की गांव वालों के साथ मीटिंग हुई थी तब भी कोई समाधान नहीं निकला।

## यूक्रेन के पूर्व राष्ट्रपति को देश छोड़ने से रोका गया

**कीव।** यूक्रेन के पूर्व राष्ट्रपति पेत्रो पोरोशेंको को हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन से प्रस्तावित मुलाकात के लिए यूक्रेन छोड़ने की इजाज़त नहीं दी गई है। यूक्रेन की सुरक्षा सेवा ने शनिवार को यह जानकारी दी। पोरोशेंको ने बताया था की कि संसद से देश छोड़ने की अनुमति मिलने के बावजूद उन्हें सीमा से वापस भेज दिया गया। मार्शल लॉ के तहत यूक्रेन में 18 से 60 साल की उम्र के पुरुषों को बिना विशेष अनुमति के देश छोड़ने पर रोक है। पोरोशेंको (58) 2019 का राष्ट्रपति चुनाव, राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से हार गए थे। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉनसन और पोलैंड के संसदों से मिलने की योजना थी। लेकिन सुरक्षा अधिकारियों कहा कि उन्होंने ओर्बन से मिलने पर सहमति जताई थी जिन्होंने पूर्व में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तारीफ की थी और यूरोपीय संघ में शामिल होने की यूक्रेन की कोशिश को समर्थन नहीं दिया था।

## यूपी में होगी मदरसों के शिक्षकों, कर्मचारियों की योग्यता की जांच

एजेंसी। लखनऊ



**उत्तर प्रदेश** सरकार ने सरकारी अनुदान प्राप्त प्रदेश के सभी मदरसों के शिक्षकों तथा अन्य कर्मचारियों की शैक्षिक योग्यता और वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की जांच करने के आदेश दिए हैं।

उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष इफ्तिखार अहमद जावेद ने इस पर नाखुशी जाहिर करते हुए कहा कि मदरसों की जांच अब एक नियमित प्रक्रिया बन गई है और बार-बार जांच होने से मदरसों में शिक्षण कार्य तथा अन्य गतिविधियों में व्यवधान पड़ता है। प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा ने एक दिसंबर को राज्य के सभी विभागीय मंडलीय उपनिदेशकों और सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को पत्र भेजा था। इस पत्र में उन्होंने लिखा कि मदरसों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए गुणवत्ता परक शिक्षा सुनिश्चित करने और उनमें अन्वेषणात्मक, रुचि पूर्ण एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित किए जाने तथा समाज की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए मदरसों में आधारभूत सुविधाएं एवं योग्य शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराया जाना नितांत आवश्यक है। पत्र में उन्होंने इसको सुनिश्चित करने के लिए सबसे पहले प्रदेश सरकार द्वारा अनुदान प्राप्त मदरसों के भवनों, आधारभूत सुविधाओं एवं कार्यरत शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के शैक्षिक अभिलेखों की जांच करा ली जाए। पत्र में यह जांच पूरी करके 30 दिसंबर तक मदरसा शिक्षा बोर्ड के रजिस्ट्रार को रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश में इस वक्त लगभग 25,000 मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त मदरसे संचालित किए जा रहे हैं। इनमें से 560 को राज्य सरकार से अनुदान मिलता है।

## प्लेसमेंट सत्र: पहले दिन आईआईटी खड़गपुर में 700 से अधिक प्लेसमेंट की पेशकश

एजेंसी। कोलकाता

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर को प्लेसमेंट सत्र 2023 के पहले ही दिन प्री-प्लेसमेंट ऑफर (पीपीओ) सहित 700 से अधिक प्लेसमेंट पेशकश मिले हैं। संस्थान ने एक बयान में यह जानकारी दी। प्लेसमेंट अभियान के पहले दिन छात्रों को 19 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पेशकश मिली, जिनमें से कुछ को एक करोड़ रुपये से अधिक सीटीसी (कंपनी की लागत) की पेशकश की गई है।

संस्थान की ओर से शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया है, 61 से अधिक कंपनियों ने हमारे छात्रों को मुख्य रूप से सॉफ्टवेयर, एनालिटिक्स, वित्त-बैंकिंग, परामर्श और कोर इंजीनियरिंग के प्रोफाइल में विभिन्न भूमिकाओं की पेशकश की, जिसमें ऐप्पल, आर्थर डी लिटिल, दा विंची, कैपिटल वन, डीई शॉ, ईएक्सएल सर्विसेज, ग्लीन, गूगल, ग्रेविटॉन, माइक्रोसॉफ्ट, मैकिन्से, क्वांटबॉक्स, डेटाब्रिक्स, स्क्वायर पॉइंट, टीएसएम, पालो ऑल्टो और कई अन्य के प्री-प्लेसमेंट शामिल हैं।



देश के इस प्रमुख संस्थान के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनियां हाइब्रिड मोड में साक्षात्कार आयोजित कर रही हैं, जिसमें बड़ी संख्या में कंपनियां प्रत्यक्ष रूप से भी मौजूद हैं।

## एनिमल ने दो दिन में कमाए 236 करोड़

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने दुनियाभर में 236 करोड़ रुपये की कमाई की है। निर्माता ने रविवार को यह जानकारी दी। फिल्म कबीर सिंह के निर्देशन के लिए मशहूर संदीप रेड्डी वंगा ने एनिमल का निर्देशन किया है, जो शुक्रवार को हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज हुई।

फिल्म के निर्माता टी-सीरिज ने दो दिनों की कमाई से जुड़े आंकड़ें साझा किए हैं। फिल्म को उसकी रिलीज से पहले केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने ये प्रमाण पत्र दिया था। टी-सीरिज ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सफलता की नई इबारत लिखी जा रही है।

## मेघालय सरकार पुनर्वास योजना को लेकर क्षेत्र के निवासियों से मुलाकात करेगी



एजेंसी। शिलॉन्ग

**मेघालय** सरकार पुनर्वास योजना पर शिलॉन्ग के विवादित पंजाबी लेन क्षेत्र के निवासियों के साथ अगले सप्ताह बैठक करेगी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उच्च न्यायालय के समक्ष 29 सितंबर को प्रस्तुत अपनी योजना में राज्य सरकार ने विवादित क्षेत्र से 342 परिवारों को शिलॉन्ग नगर बोर्ड के स्वामित्व वाली भूमि पर स्थानांतरित करने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, परिवारों ने मांग की कि सरकार उनके लिए भी मकान बनाए।

शहरी विकास प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हमने सात दिसंबर को हरिजन पंचायत समिति (एचपीसी) के साथ एक बैठक तय की है। हमें उम्मीद है कि बैठक में दोनों पक्ष अपने मतभेदों को सुलझाने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि इन परिवारों का प्रतिनिधित्व करने वाली एचपीसी ने राज्य सरकार द्वारा तैयार की गई योजना को संशोधित करने का अनुरोध किया था और सरकार कुछ समायोजनों के खिलाफ नहीं है। राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय को यह भी बताया था कि वह परिवारों के अनुरोध के अनुसार भूखंड़ों का आकार बढ़ाएगी। पंजाब के जिन लोगों को लगभग 200 साल पहले सफाईकर्मी के रूप में काम करने के लिए अंग्रेज शिलॉन्ग लाए थे, वे इसी क्षेत्र में रहते आ रहे हैं।

## नेपाल ने संक्रामक रोगों को रोकने के लिए यूएसएऐड से हाथ मिलाया

एजेंसी। काठमांडू

**नेपाल** सरकार और अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएऐड) ने उभरते संक्रामक रोगों को रोकने, उनका पता लगाने और उनपर तीव्रता से कार्वाई करने के लिए रविवार को रणनीतिक साझेदारी शुरू की।

अमेरिका दूतावास की ओर से जारी एक बयान के अनुसार यूएसएऐड ग्लोबल हेल्थ सेक्युरिटी नामक यह कार्यक्रम वन हेल्थ पहल के माध्यम से लागू की जाएगी। वन हेल्थ पारिस्थितिकी, वन्यजीव, घरेलू जानवरों एवं इंसान के स्वास्थ्य के बीच परस्पर निर्भरता पर आधारित एक समन्वित बहुविषयक पहल है।

बयान में कहा गया है कि यूएसएऐड का ग्लोबल हेल्थ सिक्योरिटी वर्क हाल में कोविड महामारी से उत्पन्न फासले को दूर करने में मदद कर रहा है तथा इसके लिए वह किसी बीमारी के खतरे को महामारी का रूप लेने से पहले उसे रोकने, उसका पता लगाने और उसपर कार्वाई करने के विभिन्न देशों की क्षमता को मजबूत बना रहा है।



नेपाल में स्वास्थ्य सुरक्षा कार्यक्रम के मार्फत यूएसएऐड स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्रालय को वन हेल्थ मंच एवं निगरानी प्रणाली को मजबूत करने के लिए निधि प्रदान करेगा। यूएसएऐड विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और खाद्य एवं कृषि संगठन के माध्यम से भी काम करेगा।

# ओडिशा में भारी बारिश का अनुमान, पांच को आंध्र प्रदेश के तट से टकराएगा चक्रवात

एजेंसी। भुवनेश्वर

**बंगाल** की खाड़ी के ऊपर गहरा दबाव क्षेत्र रविवार को चक्रवाती तूफान मिगजॉम में बदल गया और पांच दिसंबर तक इसके नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच दक्षिण आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की संभावना है। इस दौरान 80-90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान (आईएमडी) ने एक बुलेटिन में यह जानकारी दी।

बताया कि इस च्रक्रवात के प्रभाव के कारण दक्षिणी ओडिशा के अधिकतर हिस्सों में एवं राज्य के तटीय क्षेत्र में भारी बारिश की संभावना है। चक्रवात मिगजॉम नाम म्यांमा ने सुझाया है और इसका अर्थ ताकत या लचीलापन है। मौसम एजेंसी ने कहा कि दबाव क्षेत्र के कारण बनी प्रणाली पिछले छह घंटों के दौरान पांच किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ी और एक चक्रवाती तूफान में बदल गई जो सुबह साढ़े पांच बजे पुडुचेरी से लगभग 300 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व, चेन्नई से 310 किलोमीटर दक्षिणपूर्व, नेल्लोर से 440 किलोमीटर दक्षिणपूर्व, बापटला से 550 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व और मछलीपट्टनम से 550 किलोमीटर दक्षिणपूर्व में केंद्रित थी। इसके उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए और तेज होने और चार दिसंबर की दोपहर तक दक्षिणी आंध्र प्रदेश और उत्तरी तमिलनाडु तटों के पास पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में पहुंचने की संभावना है। बुलेटिन में कहा गया है, इसके बाद यह उत्तर की ओर दक्षिणी आंध्र प्रदेश तट के लगभग समानांतर एवं करीब बढ़ेगा तथा पांच दिसंबर को पूर्वाह्न में 80-90 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से एक चक्रवाती तूफान के रूप में नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच दक्षिण आंध्र प्रदेश तट से टकराएगा।

### ओडिशा में अधिकांश स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना

इसके प्रभाव से ओडिशा में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी तथा चार से छह दिसंबर के दौरान दक्षिण तटीय और आसपास के दक्षिण आंतरिक ओडिशा में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है और पांच दिसंबर को उसी क्षेत्र में कुछ स्थानों पर बहुत भारी वर्षा होने का अनुमान है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, भुवनेश्वर के एक अधिकारी ने कहा, इसके प्रभाव से ओडिशा में तीन दिसंबर को बारिश फिर से शुरू हो सकती है और अगले तीन दिनों में इसकी तीव्रता बढ़ जाएगी। रविवार को तटीय ओडिशा, नबरंगपुर, कालाहांडी और कंधमाल जिलों में एक या दो स्थानों पर या मलकानगिरी, कोरापुट, रायगडा, गजपति और गंजाम में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी।



## ज्ञानवापी परिसर के सर्वेक्षण का आदेश देने वाले जज के भाई को दी सुरक्षा

एजेंसी। शाहजहांपुर

**शाहजहांपुर** जिले में तैनात दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) को प्रशासन ने उनके आग्रह पर सुरक्षा उपलब्ध कराई है। दीवानी न्यायाधीश सीनियर डिवीजन (त्वरित न्यायालय) दिनेश कुमार दिवाकर के बड़े भाई न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने वाराणसी के ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले की सुनवाई की थी।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) अशोक कुमार मीणा ने रविवार को बताया कि शाहजहांपुर में तैनात दीवानी न्यायाधीश सीनियर डिवीजन (त्वरित न्यायालय) दिनेश कुमार दिवाकर ने इससे पूर्व पत्र लिखकर उन्हें अवगत कराया था कि उनके बड़े भाई रवि कुमार दिवाकर वाराणसी में दीवानी न्यायाधीश थे जिन्होंने ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले की सुनवाई करते हुए वर्ष 2022 में ज्ञानवापी परिसर में वीडियोग्राफी सर्वेक्षण के आदेश दिए थे। बताया कि पत्र में दीवानी न्यायाधीश ने इस बात का जिक्र किया है कुछ दिन पहले लखनऊ में उनके आवास के पीछे प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का एक एजेंट भी पकड़ा गया था, लिहाजा यहां उन्हें तुरंत सुरक्षा मुहैया कराई जाए। न्यायाधीश ने पत्र में यह भी कहा है कि उच्च न्यायालय ने उन्हें तथा उनके पूरे परिवार को सुरक्षा प्रदान करने के लिए पूर्व में आदेश भी दिया था।



# जेवर एयरपोर्ट तक चलेगी नमो भारत ट्रेन

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने प्रोजेक्ट रिपोर्ट उत्तर प्रदेश सरकार को भेजी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**अब** तक ट्रेन सेवा से वंचित रहे नोएडा और ग्रेटर नोएडा की जनता को ट्रेन की सेवा मिल सकती है। आरआरटीएस कॉरिडोर को जेवर एयरपोर्ट तक नमो भारत ट्रेन चलाए जाने का खाका सरकार द्वारा तैयार किया जा रहा है।

जल्द ही इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू होने की उम्मीद भी जताई जा रही है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के माध्यम से प्रोजेक्ट रिपोर्ट सरकार यूपी सरकार को भेज दी गई है।

आपको बता दें कि देश के पहले आरआरटीएस कॉरिडोर के साहिबाबाद से दुहाई तक के प्रथम खंड पर नमो भारत ट्रेन का संचालन शुरू किए जाने के कार्यक्रम के दौरान ही इस कॉरिडोर को गाजियाबाद से जेवर तक ले जाने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद एनसीआरटीसी ने फिजिकल रिपोर्ट तैयार करने के लिए सर्वे शुरू कर दिया था। गाजियाबाद के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने भी इस प्रोजेक्ट की सिफारिश की थी।

एनसीआरटीसी के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स बताते हैं कि फिजिकल रिपोर्ट बनाकर यीडा को भेज दी गई है। अब यह रिपोर्ट प्रदेश सरकार के पास भेजी जाएगी। प्रदेश सरकार के निर्णय के बाद प्रोजेक्ट पर आगे काम किया जाएगा। इस रिपोर्ट में दो रूट सुझाए गए हैं।

उधर, सांसद वीके सिंह का कहना है कि आरआरटीएस कॉरिडोर की प्रारंभिक रिपोर्ट आने के बाद अब जल्द ही निर्णय होने की उम्मीद है। गाजियाबाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा के लोगों को जल्द ही एक नया तोहफा मिल सकता है।


विश्व दिव्यांगजन दिवस पर दिव्यांगजनों ने नमो भारत ट्रेन में यात्रा की।

## देश की पहली रैपिड रेल में घूमे दिव्यांग

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

विश्व दिव्यांगजन दिवस पर दिव्यांगजनों ने नमो भारत ट्रेन में यात्रा की। सभी दिव्यंगों ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से दुहाई डिपो आरआरटीएस स्टेशन तक का एक राउंड ट्रिप लगाया। एनसीआरटीसी ने उनके लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया। जिसमें आरआरटीएस की विशेषताओं और उन प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई जो आरआरटीएस को सभी के लिए सुलभ परिवहन का साधन बनाते हैं। एनसीआरटीसी के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स ने बताया कि इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली गाजियाबाद मेरठ आरआरटीएस परियोजना के लिए एनसीआरटीसी को प्रदान किए गए एडीबी ऋण के संयोजन में जापान फंड ऑफ प्रॉसपरस एंड रिर्ज़िलिएंट एशिया एंड द पेसिफिक जेएफपीआर पहल के तहत किया गया। दिव्यांगजनों के इस समूह में सभी उम्र के लोग शामिल थे। जिनमें से अधिकांश बच्चे थे। उन्होंने इस पूरे यात्रा अनुभव का भरपूर आनंद लिया और आरआरटीएस की इस पहल की सराहना की। नमो भारत ट्रेन की गति और आरामदायक यात्रा से बेहद प्रभावित हुए। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स ने बताया आरआरटीएस स्टेशनों पर, व्हीलचेयर की सुविधा उपलब्ध है और आवश्यकतानुसार लोग इसका उपयोग कर सकते हैं। स्टेशनों पर व्हीलचेयर और स्ट्रेचर को आसानी से लाने ले जाने लिए रैंप एवं बड़ी लिफ्टें लगाई गई हैं। साथ हीए दृष्टिबाधित यात्रियों की सुविधा के लिए, स्टेशन के डिजाइन में टैकटाइल पाथ को शामिल किया गया है, जो नेविगेशन में सहायता करने के साथ.साथ उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इसकी मदद से यात्री स्टेशन में प्रवेश से लेकर ट्रेन में चढ़ने तक की यात्रा आसानी से कर सकते हैं। साथ ही नमो भारत ट्रेनों के अंदर, व्हीलचेयर और स्ट्रेचर के लिए विशिष्ट स्थान प्रदान किया गया है। प्रत्येक कोच में दिव्यांग यात्रियों के लिए आरक्षित सीटें हैंए जो उनकी आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करती है। इसके अतिरिक्त, सभी यात्रियों को सहायता और सुविधा के लिए प्रत्येक आरआरटीएस ट्रेन में एक ट्रेन अटेंडेंट भी उपलब्ध है। एनसीआरटीसी का उद्देश्य लोगों को निजी वाहनों की बजाए सार्वजनिक परिवहन के साधनों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे निजी वाहनों पर निर्भरता कम हो सके और सतत शहरी गतिशीलता को बढ़ावा मिले। एनसीआरटीसी सभी के लिए समावेशी और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि आरआरटीएस सार्वजनिक परिवहन में सभी वर्ग के लोग आसानी से यात्रा कर सकें।

# मुआवजा वितरण मामले में जांच शुरू

● एसआईटी को अपनी रिपोर्ट चार सप्ताह में कोर्ट में देनी है

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** प्राधिकरण में मुआवजा वितरण में हुए कथित फर्जीवाड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट के एक निर्देश के बाद स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम एसआईटी ने जांच शुरू कर दी है। कोर्ट ने 15 साल के मुआवजा वितरण और जमीन अधिग्रहण की जांच करने को कहा है।

एसआईटी को अपनी रिपोर्ट चार सप्ताह में कोर्ट में देनी है। जांच विस्तार से होती है तो इसमें प्राधिकरण के भू लेख, वित्त से लेकर आला अधिकारियों के फंसने की नौबत आ सकती है। एसआईटी के एक प्रतिनिधि ने प्राधिकरण दफ्तर में आकर फाइलों की जांच शुरू की।



एक सप्ताह के अंदर एसआईटी के सभी सदस्यों के भी नोएडा आने की उम्मीद है। इसके बाद जांच में और तेजी आएगी। इस साल सितंबर में प्रदेश सरकार ने गेझा मुआवजा से संबंधित प्रकरण में तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की थी। इनमें बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के चेयरमैन हेमंत राव, एडीजी मेरठ राजीव सभरवाल और मेरठ मंडल की कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे को जांच की जिम्मेदारी दी गई। एसआईटी ने चार दिन तक नोएडा प्राधिकरण में रहकर मामले की जांच की थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब दोबारा से जांच शुरू की गई। इसके लिए संबंधित रिकार्ड और डेटा के लिए मेरठ मंडल की कमिश्नर के प्रतिनिधि के रूप में अपर आयुक्त बच्चू सिंह को नोएडा भेजा गया है। प्राधिकरण अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि अपर आयुक्त की तरफ से मुआवजा प्रकरण से संबंधित ग्राम और साल के हिसाब से जो फाइलें मांगी जा रही हैं, उनको मुहैया कराना शुरू कर दिया है। प्राधिकरण के बोर्ड रूम में अधिकारी ने जांच शुरू की है। दरअसल, पूर्व के शासन के काल में अतिरिक्त मुआवजे का खेल किया गया।

करीब 100 करोड़ अतिरिक्त मुआवजा प्राधिकरण अधिकारियों ने किसानों के साथ मिलकर बांटा और आर्थिक लाभ कमाया। ये मामला 2015 के आसपास का है। जांच का दायरा अब बड़ा होगा। बात करे 30 मार्च 2002 से लेकर अब तक एसआईटी को मुआवजा और जमीन अधिग्रहण से जुड़े करीब 12 हजार से ज्यादा फाइलों की जांच करनी होगी। फिलहाल अभी 2010 की फाइलों को मंगाया गया है।

## ग्रेनो में मेट्रो की मांग को लेकर निवासियों ने किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा वेस्ट में मेट्रो की मांग को लेकर निवासियों ने जमकर हल्ला बोला। नेफोवा के नेतृत्व में ग्रेटर नोएडा वेस्ट मेट्रो परियोजना, केंद्र सरकार द्वारा अस्वीकार करने और परियोजना में अनावश्यक देरी के विरोध में ग्रेटर नोएडा वेस्ट निवासियों द्वारा प्रदर्शन किया गया।

आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे दीपांकर कुमार का कहना है कि अगर हमारी बात नहीं सुनी जाती तो आंदोलन का विस्तार किया जायेगा। प्रदर्शन के दौरान मीटिंग में 10 दिसंबर को जंतर मंतर पर किए जाने वाले प्रदर्शन की रूप रेखा पर भी चर्चा हुई। प्रदर्शन कर रहे लोगों का साफतौर पर कहना है कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 5 लाख से ज्यादा लोगों की आबादी रहती है लेकिन उसके बावजूद भी यहां पर मेट्रो की सुविधा नहीं है।

आंदोलन में शामिल आर सी भट्ट, ज्योति जायसवाल, अनुपमा, महेश यादव, शैलेश सिंह आदि का कहना है कि सार्वजनिक परिवहन की कमी और ट्रैफिक जाम और प्रदूषण से लोग बीमार पड़ रहे हैं, ऑफिस और घर में पर्याप्त समय नहीं दे पा रहे हैं। एक दशक इंतजार के बाद अब जबतक कार्य शुरू नहीं होता हम प्रदर्शन जारी रखेंगे।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस के गवाह को धमकी मिली

**गाजियाबाद।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि और ईदगाह विवाद प्रकरण में वादी गाजियाबाद के सत्यम शर्मा को जान से मारने की धमकी मिली है।

पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के नाम से उनके घर में एक चिट्ठी पड़ी मिली है, जिसमें सिर तन से जुदा करने जैसी बातें लिखी हुई हैं।

पुलिस ने मामले में दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पटेलनगर द्वितीय निवासी सत्यम शर्मा ने बताया 2 दिसंबर की सुबह 10 बजे शंभूदयाल कॉम्प्लेक्स स्थित कार्यालय खोला तो वहां एक चिट्ठी पड़ी मिली। उसमें मुझे उक्त केस में पैरवी करने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। मैंने तत्काल मदद हेतु 112 पर पुलिस को फोन किया।

## संक्षिप्त समाचार


गिझौड़ पंचायत के दौरान किसान।

### किसानों ने मांगों को लेकर की पंचायत

**नोएडा।** प्राधिकरण के खिलाफ किसानों ने मोर्चा खोल दिया है। रविवार को किसान एकता संघ ने पंचायत आयोजित की। ये पंचायत गिझौड़ में आयोजित की गई। पंचायत में किसानों ने साफ कहा कि प्राधिकरण ने किसानों के साथ अन्याय किया है। 1976 से 1997 तक के किसानों को 10 प्रतिशत भूखंड और एक समान नीति से सभी को 297 प्रति गज की दर से मुआवजा दिया जाए। ऐसा नहीं करने पर किसान प्राधिकरण पर धरना प्रदर्शन करेंगे। पंचायत चौधरी बाली सिंह के नेतृत्व में की गई। इसकी अध्यक्षता लिखी राम शर्मा ने की। यह पंचायत 1976 से 1997 तक के किसानों के साथ नोएडा प्राधिकरण द्वारा किए गए अन्याय और अपने हक को लेकर की गई। इस दौरान किसानों ने कहा कि उनकी जमीन अधिग्रहीत की गई। इसके बदले समान मुआवजा दिया जाए। साथ ही बेरोजगार हुए गांव के विभिन्न जातियां के लोगों के लिए भी 50 मीटर प्लाट दिया जाए। राजेंद्र चौहान ने किसानों की समस्या से भी पंचायत को अवगत कराया। पंचायत में गांव गिझोड के सुरेश प्रधान व पंचायत में पहुंचे सभी लोगों ने प्राधिकरण पर आंदोलन के फैसले का स्वागत किया। इस मौके पर अर्जुन प्रजापति, कमल यादव, रामकुमार नेताजी, महेंद्र कुमार, सुनील कुमार चौहान आदि किसान नेता मौजूद रहे।

### आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस को लेकर कांक्लेव

**नोएडा।** आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफमैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी एआईएमटी ग्रेटर नोएडा ने मानव संसाधन कॉन्क्लेव का आयोजन किया। जिसका शीर्षक था. एक्सीलेंस इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट हारनेसिंग दी पावर ऑफआर्टिफीसियल इंटेलिजेंस। सम्मेलन में देश भर के विभिन्न उद्योगों के प्रतिष्ठित मानव संसाधन पेशेवरों ने भाग लिया। सम्मेलन की शुरुआत श्लोक पाठ और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद एआईएमटी के निदेशक एयर कमोडोर डॉ जेके साहू ने सभी गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित किया। परिचयात्मक वक्तव्य में मेजर जनरल सुमित मेहता, वी इस एम्एचीफ ऑफ स्टाफ दिल्ली एरिया, चेयरमैन एआईएमटी ने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी उन्नति को टाला नहीं जा सकता। अपने व्याख्यान में केनबॉक्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ राजेश त्रिपाठी ने एचआर सिस्टम और एआई को परिभाषित करने के बारे में बात की। मुख्य मानव संसाधन प्रबंधक गेल इंडिया लिमिटेड ने कॉर्पोरेट जगत में कुशलता की अहमियत पर प्रकाश डाला। सत्र का समापन डॉ अनुभव वर्मा, अकादमिक हेड द्वारा सभी वक्ताओं एवं अतिथियों को धन्यवाद देने क साथ हुआ।

### कार सवार युवकों ने स्कूटी सवार को जमकर पीटा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में मोदीनगर.हापुड मार्ग पर रेलवे फाटक के पास देर रात को रोडरेज के चलते कार सवार चार युवकों ने स्कूटी सवार युवक की बेहरमी से पिटाई कर दी। इतना ही नहीं स्कूटी में भी जमकर तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार कर शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया है। गांव गदाना निवासी आदिल देर रात को किसी काम से स्कूटी से मोदीनगर आया था। वह रात नौ बजे के आसपास वापस अपने गांव गदाना जा रहा था। जब वह मोदीनगर हापुड मार्ग पर रेलवे फाटक के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही कार व स्कूटी की टक्कर हो गई। इस बात को लेकर कार से चार युवक बाहर निकले और स्कूटी सवार युवक आदिल को धक्का मारकर पहले नीचे गिरा दिया। आरोप है कि युवकों ने आदिल की बेहरमी से पिटाई कर दी। इतना पीटा गया कि वह बेहोश हो गया। इतना ही नहीं युवकों ने स्कूटी में भी जमकर तोड़फोड़ की। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस युवकों को पकड़कर मोदीनगर थाने ले आई और सभी को हवालात में डाल दिया। आरोपी युवक एक शादी समारोह में शामिल होकर आ रहे थे।

## सौंदर्यीकरण के लिए अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

● लोगों के विरोध के चलते मौके पर तैनात किया गया पुलिस बल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** के डासना क्षेत्र में तालाब सौंदर्यीकरण के लिए शनिवार को अवैध निर्माण करके बनाए गए 20 घरों पर यूपी सरकार का बुलडोजर चला। यूपी प्रशासन ने दावा किया है कि 20 घरों को ध्वस्त कर दिया गया है और अब यहां तालाब का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।

गाजियाबाद के डासना क्षेत्र में 20 घरों के टूटने से चारों तरफकोहराम मच गया। प्रशासन और भारी संख्या में पुलिस बल के साथ 20 घरों के अवैध निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया।



आपको बता दें कि लंबे अरसे से अवैध निर्माण को हटाने की मांग चल रही थी लेकिन प्रशासन की नाक के नीचे अभी तक यह अवैध निर्माण बने हुए थे। लेकिन शिकायतकर्ता ने एनजीटी में तालाब क्षेत्र से अवैध निर्माण हटाने के लिए याचिका डाल दी थी और जिसका असर यह हुआ कि एनजीटी ने अपना निर्णय देते हुए एनजीटी द्वारा शिकायतकर्ता की याचिका पर कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण हटाने का आदेश दिया। जिसके तहत शनिवार को डासना क्षेत्र में तालाब पर बड़ी कार्रवाई की गई और बीस अवैध निर्माण को गिराने का कार्य किया गया। नगर पंचायत डासना द्वारा लगातार 2006 से इन अवैध निर्माणों को हटाने के लिए नोटिस दिए जा रहे थे। बावजूद वहां पर इन घरों पर कब्जे बरकरार थे।

जानकारी के मुताबिक डासना में नगर पंचायत स्थित खसरा नंबर 2076, 2077, 2078 तालाब की भूमि निश्चित है, यह भूमि 6.7530 हेक्टेयर में बताई गई है। नगर पंचायत तालाब के पास अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला कर अवैध निर्माण का ध्वस्तीकरण का कार्य किया गया। प्रशासन द्वारा उक्त स्थल पर तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जाएगा और यह जमीन तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए ही उल्लेखित थी।

## चुनाव परिणामों के बाद गाजियाबाद में बीजेपी कार्यकर्ताओं का जश्न

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

चार में 3 राज्यों में बीजेपी को प्रचंड बहुमत मिलता नजर आ रहा है। ऐसे में देशभर में भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश से भरा हुआ है। मिल रहीं जीत पर गाज़ियाबाद की बीजेपी इकाई भी खुशी मना रहीं है।

कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी को देश का असली हीरो बताया। गाजियाबाद में तीन राज्यों में मिल रहीं जीत से बीजेपी कार्यकर्ता जोश से भर गए हैं। गाजियाबाद में भी इस प्रचंड बहुमत से खुश भाजपा कार्यकर्ता नारेबाजी कर रहे हैं और एक दूसरे का मुंह मीठा कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं के मुताबिक नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह जीत हासिल हुई है। अब उन्हें 2024 का रण भी भारी नहीं लग रहा। इस मौके पर यूपी के पूर्व मंत्री और गाजियाबाद शहर सीट से बीजेपी विधायक बोले किसी जमाने में गांधी पूरे देश को अपनी तरफ आकर्षित किया था और किसी जमाने में कांग्रेस के विरुद्ध अटल बिहारी वाजपेई देश को आकर्षित किया था इस समय मोदी ने देश को आकर्षित किया हुआ है।

## एडवोकेट के मकान का ताला तोड़कर चोरी

**गाजियाबाद।** मोदीनगर की ऋषभ विहार कॉलोनी में बदमाशों ने एक एडवोकेट के मकान का ताला तोड़कर सोने के जेवरात व पांच हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली। वारदात के समय पीड़ित किसी काम से हरियाणा के गुरुग्राम गए हुए थे।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। नगर की ऋषभ विहार कॉलोनी निवासी करन राघव एडवोकेट हैं और दिल्ली में प्रैक्ट्रिस करते हैं। दो दिन पूर्व वह किसी काम से हरियाणा के गुरुग्राम गए हुए थे। सुबह उनके पास कॉलोनी के लोगों ने फोन करके सूचना दी कि आपके मकान का ताला टूटा पड़ा है। करन राघव ने बताया कि बदमाश मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर आए और एक सूटकेस चोरी करके ले गए।

## नोट उड़ाकर रील बनाना पड़ गया भारी, लगा जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सोशल मीडिया पर फैमस होने के लिए लोगों में रील बनाने का खुमार सिर चढ़ कर बोल रहा है। चार दिन पहले ग्रेटर नोएडा में आई एक बारात में शामिल कारों से नोट उड़ाकर रील बनाना वाहन मालिकों को भारी पड़ गया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने चार और कारों की पहचान कर ली है।

इन पर लाखों रुपये का जुर्माना नोएडा की यातायात पुलिस द्वारा ठोका गया है। आपको बता दें कि इस मामले में नोएडा पुलिस 14 कारों पर कुल चार लाख रुपये का चालान कर पांच वाहन जब्त कर चुकी है। पुलिस ने मामले में वाहन स्वामियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की है। आपको बता दें कि पिछले माह 26 नवंबर 2023 की रात नोएडा के सेक्टर-37 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट की तरफ आने के दौरान शाहीन बाग से आई बारात के बारातियों के कई वाहन हूटर बजाते हुए निकले थे।

कारों में सवार बराती सड़क पर नोट उड़ा रहे थे। इससे सड़क पर नोट उठाने के लिए लोग दौड़ पड़े थे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों से हासिल फुटेज की मदद से पांच वाहनों को पकड़कर मुकदमा दर्ज किया था। बिसरख कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले में साकिब, आसिफ, शोएब अली, आबिद समेत कई आरोपियों पर केस दर्ज किया गया।

## दहेज हत्या के मामले में पति गिरफ्तार

**नोएडा।** जबरन गर्भपात और दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति को आशीष तोमर को थाना-113 पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक दिन पहले ही मृतका के परिजनों ने सेक्टर.14ए कंट्रोल रूम पर प्रदर्शन कर इंसाफ की गुहार लगाई थी। उसकी गिरफ्तारी पर्थला सीएनजी पंप के पास से की गई। इस मामले में फरार चल रहे आरोपियों की भी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। दरअसल, सेक्टर.122 पर्थला निवासी रितु की मौत 20 नवंबर को हो गई थी। परिवार ने आरोप लगाया था कि रितु को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। उनकी मेटी का जबरन गर्भपात कराया गया। जिससे ज्यादा ब्लीडिंग हुई और दोनों किडनी सिकुड़ गई। ससुराल वालों ने इलाज नहीं कराया। इससे उसकी मौत हो गई।



जबरन गर्भपात और दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति पुलिस गिरफ्त में।

## सुपारी किलर गैंग लीडर समेत तीन पर गुड़ा एक्ट

● तीन की अचल संपत्तियों को चिन्हित किया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में सुपारी देकर हत्या कराने वाले गिरोह के लीडर व शॉर्प शूटर मेंहदी हसन समेत तीन लोगों के खिलाफ नोएडा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। जिन दो अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई है। उनमें सलारपुर निवासी अकील और दिल्ली के बदरपुर निवासी पूजा शामिल हैं।

पुलिस तीनों की चल और अचल संपत्ति को चिह्नित कर रही है। इसके बाद तीनों की संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी। बीते साल सुपर नोवा बिल्डिंग के पास हुई हत्या


फाइल फोटो

के मामले में सेक्टर.126 पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया था। पूजा के प्रेमी अकील के कहने पर शूटर मेंहदी हसन ने उसके पति की हत्या 50 हजार रुपए लेकर की थी।

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि तीनों की कई संपत्तियों को चिह्नित भी कर लिया गया है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। नोएडा पुलिस कुख्यात बदमाशों की पहचान कर उनके खिलाफ सिलसिलेवार तरीके से गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई सुनिश्चित कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि 14 मई 2022 को सेक्टर-94 स्थित सुपरनोवा बिल्डिंग के पास मेंहदी हसन ने ऋषि पाल नामक व्यक्ति की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी।

अवैध संबंधों और प्रॉपर्टी के लालच के चलते ऋषि पाल की पत्नी ने ही उसकी हत्या कराई थी। घटना के बाद नोएडा पुलिस ने पूजा और मेंहदी हसन पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोपी महिला ने बेटे विशाल को भी योजना में शामिल किया था। हत्या के लिए अकील ने मेंहदी को 50 हजार रुपए दिए थे।

## नकली नोट मामले में भी सात पर गैंगस्टर एक्ट लगा

**नोएडा।** सोशल मीडिया के माध्यम से नकली भारतीय करेंसी का कारोबार कर सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान पहुंचाने वाले गिरोह के सात आरोपियों को सेक्टर-24 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया है। इनकी संपत्ति को चिह्नित करने के बाद कुर्क किया जाएगा।

## गेनो-नोएडा में गले की फांस बन रही लिफ्ट, लोगों ने लगाया जाम

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** और ग्रेटर नोएडा की विभिन्न सोसाइटियों में लगी लिफ्ट यहां रहने वाले लोगों के गले की फांस बन रही है। कभी भी किसी भी सोसाइटी की लिफ्ट बंद हो जाती है।

बिल्डरों की लापरवाही का खामियाजा यहां रहने वाले लोग ही भुगत रहे हैं। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की महागुन मायवुड्स सोसाइटी के नागरिकों ने बिल्डर के नोएडा सेक्टर-63 स्थित कार्यालय पर प्रदर्शन किया, लेकिन नागरिकों की बात न सुने जाने पर लोगों ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आकर सोसाइटी के बाहर जाम लगा। प्रदर्शनकारी नागरिकों का कहना है बिल्डर प्रबंधन मेंटेनेंस शुल्क लेने के बाद भी कार्य नहीं करा रहा है। सोसायटी की कई लिफ्ट लंबे समय से बंद हैं। पानी और बिजली का बिल भी बकाया है।

इससे नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। करीब दो घंटे तक जारी रहे विरोध प्रदर्शन के बाद बिसरख पुलिस ने समस्याओं को दूर कराने का आश्वासन दिया। जिसके बाद निवासियों ने विरोध प्रदर्शन बंद कर दिया। महागुन मॉयवुड सोसायटी के नागरिकों का कहना है कि सोसायटी के रखरखाव में लापरवाही बरती जा रही है। हर माह मेंटेनेंस का पैसा दिया जाता है, लेकिन कोई काम नहीं होता है। कई लिफ्ट लंबे समय से बंद पड़ी है और निवासियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

# देश के 12 राज्यों में भाजपा की सत्ता, कांग्रेस तीन में सिमटी

## चार राज्यों बीजेपी सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा है



**एजेंसी। नई दिल्ली**


**चार** राज्यों के विधानसभा चुनावों में से तीन में स्पष्ट जीत हासिल कर ली है। भाजपा अब अपने दम पर 12 राज्यों में सत्ता में है। जबकि दूसरी सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हारने के बाद तीन राज्यों में सिमट जाएगी।

दिल्ली और पंजाब में अपनी सरकार के साथ आम आदमी पार्टी (आप) राष्ट्रीय दलों में तीसरे स्थान पर है। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा उत्तराखंड, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, गोवा, असम, त्रिपुरा, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश में सत्ता में है और आज जारी मतगणना के रुझान यदि परिणामों में बदल जाते हैं तो वह मध्य प्रदेश में सत्ता बरकरार रखेगी तथा राजस्थान और छत्तीसगढ़ को कांग्रेस से छीन लेगी। इसके अलावा, भाजपा चार राज्यों-महाराष्ट्र, मेघालय, नगालैंड और सिक्किम में सत्तारूढ़ गठबंधन का भी हिस्सा है।

कांग्रेस अब अपने दम पर तीन राज्यों-कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में सत्ता में होगी। तेलंगाना में कांग्रेस अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को हराकर जीत की राह पर है। कांग्रेस बिहार और झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन का भी हिस्सा है और तमिलनाडु में शासन करने वाली द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की सहयोगी है। हालांकि, वह राज्य सरकार का हिस्सा नहीं है। नतीजों ने एक प्रमुख विपक्षी दल के रूप में आप की स्थिति को मजबूत किया। वह दो राज्यों में सरकार के साथ दूसरी सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बन गई है, क्योंकि कांग्रेस की हिस्सेदारी में गिरावट आई है। आप नेता जैस्मीन शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज के परिणामों के बाद, आम आदमी पार्टी दो राज्य सरकारों - पंजाब और दिल्ली के साथ उत्तर भारत में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के रूप में उभरी है। वर्तमान में भारत में छह राष्ट्रीय दल: भाजपा, कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी (बसपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और आप हैं। विधानसभा चुनाव का अगला दौर 2024 में होगा जब सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में चुनाव होंगे।

## मध्य प्रदेश में मामा का जादू चला

### इमोशनल कार्ड



इस चुनाव में भाजपा ने मध्यप्रदेश में शिवराज को बतौर सीएम उम्मीदवार नहीं उतारा। चुनाव प्रचार के दौरान इस बात के कयास लगाये जा रहे हैं कि अगर एमपी में भाजपा जीतती भी है, तो शिवराज सीएम नहीं बनेंगे। इससे ये संदेश गया कि शिवराज की स्थिति कमजोर है। लेकिन इस मुद्दे पर शिवराज इमोशनल कार्ड खेल गए। शिवराज ने प्रचार के दौरान साफ साफ मतदाताओं-महिलाओं से पूछा कि क्या आप नहीं चाहते हैं कि आपका मामा, आपका भाई मुख्यमंत्री बने? शिवराज के इस सवाल पर वोटर्स ने भारी शोर के साथ उनके पक्ष में जवाब दिया। अब तो आंकड़े ये भी बता रहे हैं कि न सिर्फ मतदाताओं ने जवाब दिया, बल्कि शिवराज को भारी वोट दिया।

### राज्य में खुद ही बने ब्रांड

**मध्यप्रदेश** में 16 साल तक मुख्यमंत्री रहने वाले शिवराज वोटर के सामने खुद भी ब्रांड बन गए। इस दौरान उन्होंने एमपी को बीमारू राज्यों की कैटेगरी से बाहर निकला है। कई शहरों का कायाकल्प किया। लोगों ने काम करने के इस तरीके को पसंद किया, उन्हें ब्रांड शिवराज पर भरोसा नजर आया, इसलिए लोगों ने शिवराज को वोट दिया। यहां भाजपा का डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर का सिद्धांत शिवराज के काम आया। जब योजनाओं का फायदा सीधे जनता के हाथ में पहुंचता है, तो सरकार और सिस्टम पर उनका यकीन बढ़ जाता है। यही वजह रही कि जनता उन्हें 5 बार वोट दे रही है।

## सिंधिया ने जीत का श्रेय डबल इंजन सरकार और कल्याणकारी नीतियों को दिया



**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की मतगणना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बढ़त पर रविवार को कहा कि लोगों ने केंद्र और राज्य में पार्टी की डबल इंजन सरकार को उसकी कल्याणकारी और विकास की नीतियों के कारण आशीर्वाद दिया है। निर्वाचन आयोग के पास उपलब्ध नवीनतम रुझानों के अनुसार, मध्य प्रदेश की कुल 230 सीट में से भाजपा 161 सीट पर आगे है, जबकि कांग्रेस को 66 सीट पर बढ़त प्राप्त है। सिंधिया ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैंने आपसे हमेशा कहा है कि जहां तक मध्य प्रदेश का सवाल है, कल्याणकारी एवं विकासोन्मुखी नीतियों के कारण लोगों ने (केंद्र में) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार को अपना पूरा आशीर्वाद दिया है।

## जनता ने कांग्रेस के कुशासन को नकारा: वसुंधरा



**जयपुर।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता वसुंधरा राजे ने प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना के रूझानों में उनकी पार्टी की जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रविवार को कहा कि जनता ने कांग्रेस के कुशासन को नकार दिया है। राजे इस चुनाव में झालरापाटन सीट से जीत गई हैं। रुझानों में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलने के बीच राजे ने कहा, राजस्थान की ये शानदार जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास की जीत है। उनकी दी हुई गारंटी की जीत है। यह जीत हमारे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति की जीत है और यह जीत हमारे (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल नेतृत्व की जीत है। उन्होंने कहा, सबसे महत्वपूर्ण, यह जीत हमारे कार्यकर्ताओं की है। उनके अथक प्रयासों की जीत है। उन्होंने दिन-रात हमारे माननीय प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने की पूरी कोशिश करते हुए उस दिशा में मेहनत की।

## हम खामियों का विश्लेषण करेंगे: कमलनाथ



**कमलनाथ** ने कहा, इस मुकाबले में हम मध्यप्रदेश के मतदाताओं का फैसला स्वीकार करते हैं। विपक्षी दल के नाते हम अपने कर्तव्य पर डटे रहेंगे। मैं भाजपा को जीत की बधाई देता हूं। हम खामियों का विश्लेषण करेंगे। देखेंगे कि हम मतदाताओं को अपनी बात क्यों नहीं समझा पाए।

## मध्यप्रदेश के मन में मोदी : शिवराज




**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान ने कहा, एमपी के मन में मोदी है और मोदी के मन में एमपी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा, मैं मानता हूं कि भाजपा अब तक की सर्वाधिक सीट जीतकर मध्यप्रदेश में इतिहास बनाएगी। कैलाश विजयवर्गीय बोले, अब ईवीएम और चुनाव आयोग कांग्रेस के निशाने पर होंगे।

## राजस्थान में मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण सात को संभव

**बीजेपी** से जुड़े सूत्रों के अनुसार नए सीएम पर फैसला जल्द होने के आसार हैं। सात दिसंबर को नए सीएम का शपथ ग्रहण हो सकता है। इसके लिए जयपुर में सार्वजनिक समारोह किया जाएगा। दो बार वसुंधरा राजे सीएम बनीं, तब विधानसभा के सामने जनपथ पर शपथ ग्रहण समारोह किया गया था, एक बड़ी सभा का रूप दिया गया था। नए सीएम के शपथ ग्रहण में वहीं, परंपरा निभाई जा सकती है। नए सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित वरिष्ठ नेता शामिल हो सकते हैं।

## राजस्थान में इन सीटों पर हुआ विवाद



**एजेंसी। जयपुर**

**डीडवाना** सीट पर बीजेपी के बागी यूनुस खान की जीत के बाद विवाद हो गया। कांग्रेस के चेतन डूडी ने रिकाउंटिंग की मांग की। डूडी ने डीडवाना एसडीएम पर आरोप लगाते हुए 6 नंबर राउंड की दोबारा मतगणना की मांग की है। विवाद के बाद अब मतगणना केंद्र को बंद कर बाहर पैरामिलिट्री फोर्स लगा दी गई है। यूनुस खान काउंटिंग रूम के अंदर मौजूद है। काउंटिंग के दौरान प्रत्याशियों और समर्थकों के बीच भी कुछ विवाद हुआ।

वहीं, बहरोड़ विधायक और निर्दलीय प्रत्याशी बलजीत यादव के साथ मारपीट की गई। काउंटिंग के बाद जब वे बाहर निकले तो मैदान में उन्हें लोगों ने घेर लिया और थप्पड़ मारे। राजस्थान में 199 विधानसभा सीटों के लिए 25 नवंबर को मतदान हुआ था। श्रीकरणपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गुरमीत कुन्नर के निधन के कारण वहां चुनाव नहीं हुए हैं।

**नवलगढ़ में पहली बार खुला भाजपा का खाता**

झुंझुनूं जिले की नवलगढ़ विधानसभा सीट पर पहली बार भाजपा का खाता खुला है। भाजपा प्रत्याशी विक्रम सिंह जाखल ने कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमार शर्मा को 23 हजार 180 वोट से हराया है। विक्रम सिंह को एक लाख 12 हजार 37 वोट मिले, वहीं शर्मा को 88 हजार 857 वोट मिले।

## चार राज्यों के नतीजों का इंडिया गठबंधन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा: पवार

**इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के नेतृत्व में 25 से अधिक विपक्षी दल शामिल हैं**



**एजेंसी। मुंबई**

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि चार राज्यों में विधानसभा चुनावों के नतीजों का विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के नेतृत्व में 25 से अधिक विपक्षी दल शामिल हैं।

चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए रविवार को जारी मतगणना के अब तक आए रुझानों के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मध्य प्रदेश में सत्ता में वापसी करती दिख रही है, वहीं राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे कांग्रेस शासित राज्यों को वह उससे छीनती नजर आ रही है। इन चुनावों में कांग्रेस के लिए राहत सिर्फ तेलंगाना से मिलती दिख रही है जहां वह भारी बहुमत की ओर अग्रसर है। पवार ने कहा, मुझे नहीं लगता कि इससे इंडिया गठबंधन पर कोई असर पड़ेगा। हम दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर बैठक करेंगे। हम उन लोगों से बात करेंगे जो जमीनी हकीकत जानते हैं। हम बैठक के बाद ही इस पर टिप्पणी कर पाएंगे। तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) कांग्रेस से पिछड़ रही है, इस पर पवार ने कहा कि अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। पवार ने दावा किया, पहले, यह माना गया था कि बीआरएस तेलंगाना में सत्ता बरकरार रखेगी। हालांकि, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की रैली के बाद, जिन्हें भारी समर्थन मिला था, हमें एहसास हुआ कि राज्य में बदलाव होगा।

## छत्तीसगढ़ में सच हुई पीएम मोदी की भविष्यवाणी

### भूपेश को ले डूबा महादेव एप

**एजेंसी। नई दिल्ली**



**धान** का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में फिर से भाजपा काबिज होने जा रही है। हालांकि भाजपा की तरफ से मुख्यमंत्री कौन होगा यह अभी साफ नहीं हैं। अगले कुछ दिनों में इसका निर्णय हो जाएगा। भाजपा के इस जीत के पीछे की वजह पार्टी का साइलेंट कैंपेन बताया जा रहा है। छत्तीसगढ़ का ये परिणाम इसलिए भी अप्रत्याशित बताया जा रहा हैं, क्योंकि कांग्रेस को यहां पर मजबूत माना जा रहा था और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चुनावी कैंपेन के आगे भाजपा कमजोरी दिख रही थी, लेकिन भाजपा ने चुनावी प्रचार में जबरदस्त तरीके से वापसी की और पांच सालों से बघेल सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया।

दरअसल, भाजपा के लिए छत्तीसगढ़ का चुनाव किसी भी अग्निपरीक्षा से कम नहीं था। क्योंकि यहां पर बघेल सरकार के खिलाफ कोई भी नाराजगी नहीं दिख रही थी। शुरुआत में भाजपा के पास मुद्दों की भी कमी दिखी। लेकिन चुनाव प्रचार के आखिरी दौर में भाजपा ने मोदी कार्ड चला। पूरा चुनाव उनके चेहरे को आगे रखकर लड़ा। पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ में आक्रामक कैंपेन की शुरुआत की। चुनाव के दौरान पीएम मोदी ने करीब 6 चुनावी रैलियां की थीं। पीएम मोदी ने महासमुंद की रैली में कहा था, मैं आपको भाजपा सरकार की शपथ ग्रहण का निमंत्रण देने आया हूं। पीएम मोदी ने दावा किया था, राज्य में भाजपा की सरकार बनना तय है। छत्तीसगढ़ में आचार संहिता लगने के बाद पीएम मोदी ने पहली रैली कांकेर में की थी। कांकेर बस्तर का इलाका है। बस्तर इलाके में बीजेपी 2018 के मुकाबले अच्छा प्रदर्शन किया है।

छत्तीसगढ़ के चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा महादेव एप का रहा। इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले उठाया। पीएम मोदी ने भी कहा था कि कांग्रेस ने भगवान शिव के नाम महादेव को भी नहीं छोड़ा। इसके बाद पूरी भाजपा इस मुद्दे को उठाने लगी। भाजपा ने पूरा चुनाव कैंपेन महादेव एप पर ही रखा, जिसे लेकर सीएम भूपेश बघेल कई बार असहज भी हुए। हालांकि वह हमेशा कहते रहे कि मेरा कोई लेना-देना नहीं है। बावजूद इसके भाजपा माहौल बनाने में कामयाब रही।

## मध्य प्रदेश में भारत आदिवासी पार्टी ने दर्ज की अपनी पहली जीत

**भोपाल।** भारत आदिवासी पार्टी ने रतलाम जिले की सैलाना विधानसभा सीट जीतकर मध्यप्रदेश में अपनी पहली जीत दर्ज की। सैलाना सीट पर भारत आदिवासी पार्टी के कमलेश्वर डोडियार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी और कांग्रेस उम्मीदवार हर्ष विजय गहलोत को 4,618 मतों के अंतर से हराया। यह पहली बार है जब भारत आदिवासी पार्टी ने मध्यप्रदेश के किसी भी चुनाव में कोई जीत दर्ज की है, जबकि इस पार्टी का मुख्यालय राजस्थान में है। रतलाम की सैलाना सीट राजस्थान की सीमा पर स्थित है।

## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस से इनको मिली जीत

**पाटन** से भूपेश बघेल, कोंटा से कवासी लखमा, बिल्हा से अंबिका मरकाम, खरसिया में मंत्री उमेश पटेल, बीजापुर से विक्रम मंडावी, धरमजयगढ़ से लालजीत सिंह राठिया, सरायपाली से चातुरीनंद, कसडोल से संदीप साहू, खुज्जी से भोला राम साव जीते हैं।

### भाजपा से जीतने वाले प्रत्याशी

**कुरुद** से अजय चंद्राकर, रायपुर दक्षिण से बृजमोहन अग्रवाल, ग्रामीण से मोतीलाल साहू, बिल्हा से धरमलाल कौशिक, लोरमी से अरुण साव, रामानुजगंज से रामविचार नेताम, सामरी से उद्धेश्वरी पैकरा, मुंगेली से पुन्नूलाल मोहले, मरवाही से प्रणव मरपच्ची, जगदलपुर से किरण देव, राजिम से रोहित साहू, पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव, तखतपुर से धर्मजीत सिंह, बेलतरा से सुशांत शुक्ला, बिलासपुर से अमर अग्रवाल, लुंड्रा से प्रबोध मिंज, प्रेमनगर से भूलन सिंह मराबी, जशपुर से विष्णु देव साय, कांकेर से आशाराम नेताम, बसना से संपत अग्रवाल, जशपुर से रायमुनि भगत, रायपुर उत्तर से पुरंदर मिश्रा, पश्चिम से राजेश मूणत, अभनपुर से इंद्र कुमार साहू व धरसींवा से अनुज शर्मा को जीत मिली है।

## कांग्रेस के पास इंडिया गठबंधन का सहारा, छह को बुलाई बैठक

**एजेंसी। नई दिल्ली**




**मध्य प्रदेश**, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में आज वोटों की गिनती जारी है। इसी बीच, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने छह दिसंबर को दिल्ली में विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक बुलाई है।

इसी बीच, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन को बैठक के लिए बुलाया है। छह दिसंबर को दिल्ली में विपक्षी पार्टियों का जमावड़ा लगने वाला है। हालांकि, पहले भी खरगे ने कहा था कि पांचों राज्यों के नतीजे सामने आने के बाद विपक्षी गठबंधन की बैठक बुलाई जाएगी। शुरुआती रुझानों में तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बनती नजर आ रही है।

इस बैठक के दौरान अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले सीटों के बंटवारे पर चर्चा होने की संभावना है। दरअसल, आम चुनावों के लिए गठबंधन की रणनीति और सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने से पहले कांग्रेस राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों के परिणामों की प्रतीक्षा कर रही थी।

सूत्रों का कहना है कि गठबंधन के घटक दलों में सीट बंटवारे को लेकर भी बातचीत अब गति पकड़ेगी। तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी जैसी पार्टियां चाहती थीं कि सीट बंटवारे को जल्द से जल्द अंतिम रूप दिया जाए, लेकिन इस संबंध में बातचीत को विधानसभा चुनावों की वजह से टाल दिया गया था।

## राजस्थान में भाजपा के चार सांसद जीते और तीन हारे

**एजेंसी। जयपुर**

**राजस्थान** विधानसभा चुनाव में उतरे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सात में से चार सांसद जीते जबकि तीन हार गए। वहीं, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के संयोजक और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने भी खींवसर विधानसभा सीट पर जीत दर्ज की।

भाजपा ने विधानसभा चुनाव में जयपुर ग्रामीण से सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, अजमेर से सांसद भागीरथ चौधरी, अलवर से सांसद बाबा बालक नाथ, राजसमंद से सांसद दीया कुमारी, झुंझुनू से सांसद नरेंद्र कुमार, जालौर से सांसद देवजी पटेल और राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा को मैदान में उतारा था। पूर्व जयपुर राजघराने की सदस्य दीया कुमारी ने विद्याधर नगर सीट पर 71,368 वोटों के भारी अंतर से जीतीं। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार सीताराम अग्रवाल को हराया। विद्याधर नगर सीट पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी के पास थी, लेकिन उन्हें टिकट नहीं दिया गया। उन्हें चित्तौड़गढ़ सीट से उतारा गया। लेकिन राजवी चित्तौड़गढ़ सीट हार गए जहां भाजपा के बागी चंद्रभान सिंह आक्या जीते। राजवी तीसरे स्थान पर रहे।

दो बार के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक चौधरी को 50,167 वोटों के अंतर से हराकर झोटवाड़ा सीट जीती। पूर्व ओलंपिक रजत पदक विजेता राठौड़ भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं। तिजारा सीट पर चुनाव लड़े अलवर सांसद बाबा बालक नाथ 6,173 वोटों से जीते।

उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार इमरान खान को हराया। राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा ने भी सवाई माधोपुर सीट 22,510 के अंतर से जीती। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार दानिश अबरार को हराया, जो मुख्यमंत्री के सलाहकार थे।

## जीत की खुशी में झूमते नजर आए भाजपाई



**नई दिल्ली।** राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बीजेपी की जीत के बाद दिल्ली में पार्टी हेडक्वार्टर पर जश्न मनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां पहुंच चुके थे। पार्टी मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं की भीड़ दिखी। गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा यहां पहुंचे। तीन राज्यों में विजयीश्री मिलने पर पार्टी कार्यकर्ता खुशी में डूबे हुए नजर आ रहे थे। चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे रविवार तीन दिसंबर को आए हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा को बहुमत मिलता नजर आ रहा था। खबर लिखे जाने तक राजस्थान में भाजपा को 115, कांग्रेस को 69 सीटें मिल रही हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा की 167 और कांग्रेस की 62 सीटें आ रही हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में भाजपा को 56, कांग्रेस को 34 सीटें मिलती दिख रही हैं।

## कांग्रेस कार्यलय पर कार्यकर्ताओं में दिखी मायूसी, ईवीएम पर फोड़ा ठीकरा




**एजेंसी। नई दिल्ली**

**कांग्रेस** मुख्यालय में सुबह से दिल्ली और आसपास के राज्यों के कार्यकर्ता और पदाधिकारी पहुंचने लगे थे। राहुल प्रियंका गांधी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश शर्मा अपनी पूरी टीम के साथ जीत और हार दोनों तरह से इंतजाम करके पार्टी मुख्यालय पहुंचे थे। जैसे-जैसे चुनावी राज्यों की तस्वीर सरकार बनने के लिहाज पर स्पष्ट होती गई, कांग्रेस पार्टी कार्यालय में ईवीएम को लेकर विरोध होना शुरू हो गया। दिल्ली निवासी परबीन खान बताती हैं कि वह अपने साथ ईवीएम के विरोध की तख्तियां भी साथ लेकर आई थीं।

चुनाव के रुझानों के परिणाम में बदलने के साथ-साथ पार्टी मुख्यालय के भीतर जमकर नारेबाजी भी शुरू हो गई। पार्टी मुख्यालय में मौजूद राहुल-प्रियंका गांधी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश शर्मा कहते हैं कि जिस तरीके से राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद लोगों में उत्साह और समर्थन बना हुआ था, वह सिर्फ और सिर्फ इन मशीनों के जरिए ही बदला जा सकता था। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि ईवीएम में हुई छेड़खानी के चलते ही यह रुझान परिणामों के तौर पर तब्दील हो रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय में मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं ने दोपहर तक के परिणाम पर पूरा ठीकरा ईवीएम पर फोड़ दिया। पार्टी कार्यालय पर रुझानों के परिणामों में बदलने पर मिली-जुली प्रतिक्रिया भी सामने आई। दिल्ली राजौरी गार्डन के विधानसभा उपाध्यक्ष हरजोत कहते हैं कि उनका अनुमान तो था कि वह यह सभी राज्य जीतने वाले हैं। क्योंकि उनकी पार्टी ने मजबूती के साथ तैयारी की थी। लेकिन निश्चित तौर पर कहीं ना कहीं कोई बड़ी कमी जरूर रही होगी, जिसके चलते यह परिणाम आए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नजीम, फुर्बा ने गुवाहाटी हाफ मैराथन जीती

**गुवाहाटी।** नजीम पुलिक्कल और फुर्बा तमांग ने रविवार को यहां कोल इंडिया गुवाहाटी हाफ मैराथन में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। भारतीय सेना की पूर्वी कमान के तत्वावधान में असम सरकार के सहयोग से इस हाफ मैराथन का आयोजन किया गया जिसमें देश भर के हजारों धावकों ने हिस्सा लिया। रक्षा जन संपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत के अनुसार पुरुष वर्ग में नजीम ने एम्फियस नोनग्राम और तेइबोक्लांग बियाम को पछाड़कर खिताब जीता। महिला वर्ग में फुर्बा शीर्ष पर रहीं जबकि बेंदाशराई मार्वेन और फुलमोनी उरांग ने क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। रावत के अनुसार विभिन्न आयु वर्ग की 21 किमी, 10 किमी और पांच किमी स्पर्धाओं में 5000 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया।

### अमेरिकी महिला फुटबॉल टीम ने चीन को हराया

फोर्ट लॉडरडेल। ट्रिनिटी रोडमैन ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की जिससे अमेरिका ने यहां महिलाओं के प्रदर्शनी फुटबॉल मैच में चीन को 3-0 से हरा दिया। चीन के खिलाफ दो प्रदर्शनी मुकाबलों के पहले मैच में रोडमैन के अलावा सोफिया स्मिथ और लिंडसे होरान ने भी गोल दागे। दूसरा प्रदर्शनी मैच टेक्सास के फ्रिस्को में मंगलवार को खेला जाएगा। सोफिया ने आठवें मिनट में रोडमैन के पास पर गोल दागकर अमेरिका को बढ़त दिलाई। राष्ट्रीय टीम की ओर से 37 मैच में यह सोफिया का 15वां गोल था। लिंडसे ने 52वें मिनट में अमेरिका की ओर से दूसरा गोल दागा जबकि रोडमैन ने 77वें मिनट में जेडिन शॉ के पास पर गोल दागकर टीम की 3-0 से जीत सुनिश्चित की।

### अभिनव रेपिड फायर में राष्ट्रीय चैंपियन बने

**भोपाल।** राजस्थान के अभिनव चौधरी ने रविवार को यहां राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल का खिताब जीता। अभिनव ने एमपी राज्य निशानेबाजी अकादमी रेंज में फाइनल में 30 अंक के साथ उप्र के अकुर गोयल को पछाड़ा। दिल्ली के अर्पित गोयल 21 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अभिनव ने इससे पहले क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहते हुए छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। जूनियर पुरुष रेपिड फायर पिस्टल में विजयवीर सिद्धू ने फाइनल में 28 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले हरियाणा के अनीष भानवाला ने 25 अंक के साथ रजत पदक जीता। अनीष (578) ने हालांकि समीर (578) और आदर्श (571) के साथ मिलकर पुरुष टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

# टी-20 विश्वकप टीम में फिनिशर के दावेदार हैं रिंकू सिंह

## जगह पक्की करने के लिए अभी करना होगा चुनौतियों का सामना: नेहरा

**एजेंसी।** नई दिल्ली।

**भारत** के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा के अनुसार बाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह भारत की टी-20 विश्व कप टीम में फिनिशर स्थान के लिए दावेदार के रूप में सामने आए हैं लेकिन उनका मानना है कि साथी खिलाड़ियों से उन्हें इस स्थान के लिए कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

टी-20 विश्व कप अगले साल जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। रिंकू आस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में शानदार फॉर्म में हैं। शुक्रवार को चौथे मैच में उन्होंने 29 गेंद में 46 रन की पारी खेली और भारत की 20 रन की जीत में अहम भूमिका अदा की और इससे टीम श्रृंखला 3-1 से अपने नाम करने में सफल रही। नेहरा ने जियो सिनेमा पर कहा, इसमें कोई शक नहीं कि रिंकू भारत की टी-20 विश्व कप टीम में शामिल होने के दावेदार हैं। लेकिन विश्व कप अभी काफी दूर है और जिस स्थान के लिए वह दावेदार है, उसके लिए



कई और खिलाड़ी उन्हें चुनौती पेश करेंगे। रिंकू ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में कुछ अच्छी पारियां खेलीं जिसमें तिरूवनंतपुरम में दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उनकी नौ गेंद में नाबाद 31 रन की पारी ने भारत की 44 रन की जीत में बड़ी भूमिका अदा की थी।

### टीम में हो सकते हैं बड़े बदलाव

रोहित शर्मा और विराट कोहली टी-20 विश्वकप के लिए भारत की योजना का हिस्सा होंगे या नहीं, इस पर कोई स्पष्टता नहीं है तो टीम में कई बड़े बदलाव हो सकते हैं और रिंकू स्लॉग ओवर के लिए प्रबल दावेदार हो सकते हैं। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने इस पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज ने कहा, आप जितेश शर्मा और तिलक वर्मा को भी देख सकते हो। इसलिए चर्चा करनी होगी कि श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या किन स्थानों पर खेलेंगे। नेहरा ने कहा, हमें देखना होगा कि 15 सदस्ईय टीम में कितने स्थान उपलब्ध हैं। लेकिन एक बात तो है कि रिंकू ने सभी को दबाव में ला दिया है। लेकिन अभी विश्वकप में काफी समय है। दक्षिण अफ्रीका का दौरा है और इसके बाद आईपीएल।

# पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए वार्नर ऑस्ट्रेलियाई टीम में

**एजेंसी।** सिडनी



**डेविड** वार्नर को पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट की घरेलू श्रृंखला के पहले मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है जिससे उन्हें सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में संभावित विदाई का मौका मिल सकता है।

रविवार को घोषित टीम में 37 वर्षीय सलामी बल्लेबाज वार्नर को भी जगह मिली है। यह टीम हालांकि पर्थ में 14 से 19 दिसंबर तक होने वाले पहले टेस्ट के लिए ही है। यदि वह मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए टीम में जगह बरकरार रखते हैं तो फिर उन्हें तीन से सात जनवरी तक अपने घरेलू मैदान एससीजी में होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट में स्वप्निल विदाई का मौका मिल सकता है। वार्नर का हाल में टेस्ट क्रिकेट में फॉर्म मिश्रित रहा है और 2019 में एडीलेड में पाकिस्तान के खिलाफ तिहरा शतक जड़ने के बाद से उनका औसत 28 का रहा है। उन्होंने सीमित ओवरों के प्रारूप में खेलना जारी रखने और सिडनी में टेस्ट करियर को अलविदा कहने की अपनी इच्छा स्पष्ट कर दी है। वार्नर पहले टेस्ट में उस्मान ख्वाजा के साथ पारी का आगाज करेंगे जबकि सलामी बल्लेबाज कैमरन बेनक्राफ्ट, मैट रेनशॉ और मार्कस हैरिस के पास प्रधानमंत्री एकादश की ओर से खेलते हुए टीम में जगह बनाने का दावा मजबूत करने का मौका होगा।

**ऑस्ट्रेलियाई टीम:** पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, हेजलवुड, ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, लांस मॉरिस, स्मिथ, मिशेल स्टार्क और डेविड वार्नर।

# आस्ट्रेलिया को जीत के लिए 161 रन का लक्ष्य

## सीरीज के अंतिम टी-20 मैच में अय्यर ने जड़ा कॅरियर का 8वां अर्धशतक

**एजेंसी।** बेंगलुरु

**भारत** ने टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां पांचवें और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आठ विकेट पर 160 रन बनाए। भारत की तरफ से श्रेयस अय्यर ने सर्वाधिक 53 रन बनाए वहीं अक्षर पटेल ने 31 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से बेन ड्वारशिवस और जेसन बेहरनडॉर्फ ने दो-दो विकेट हासिल किए। टीम इंडिया पहले ही इस सीरीज में 3-1 से आगे है।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मैथ्यू वेड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। भारत ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 160 रन बनाए। श्रेयस अय्यर (53) ने टी-20 करियर का आठवां अर्धशतक लगाया। उन्होंने 37 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाए। अक्षर पटेल ने 21 गेंद पर 31 रन बनाए। जितेश शर्मा ने 16 गेंद पर 24 और यशस्वी जायसवाल ने 15 गेंद पर 21 रन की पारी खेली। रुतुराज गायकवाड़ 10, रिंकू सिंह छह, सूर्यकुमार यादव पांच और रवि बिश्नोई दो रन बनाकर आउट हुए। अर्शदीप दो रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया के लिए जेसन बेहरेनडॉर्फ और बेन डॉरसिस ने दो-दो विकेट लिए। एरॉन





हार्डी, नाथन एलिस और तनवीर संघा को एक-एक सफलता मिली।

भारत को पहला झटका यशस्वी जायसवाल के रूप में लगा। वह चौथे ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हो गए। यशस्वी को जेसन बेहरेनडॉर्फ ने आउट किया। यशस्वी 15 गेंद पर 21 रन बनाकर नाथन एलिस को कैच थमा बैठे। इसके बाद रुतुराज गायकवाड़ को बेन डॉरसिस ने जेसन बेहरेनडॉर्फ के हाथों कैच कराया। रुतुराज 12 गेंद पर 10 रन बनाकर आउट हुए। उनके आउट होने के बाद सूर्यकुमार यादव क्रीज पर आए। सूर्या को एक जीवनदान भी मिल गया। डॉरसिस की गेंद पर मैकडरमॉट ने उनका कैच छोड़ दिया। टीम इंडिया को चौथा झटका रिंकू सिंह के रूप में लगा। वह आठ गेंद पर छह रन बनाकर आउट हुए। रिंकू को तनवीर संघा ने टिम डेविड के हाथों कैच कराया। भारत को पांचवां झटका जितेश शर्मा के रूप में लगा। उन्हें एरॉन हार्डी ने मैथ्यू शॉर्ट के हाथों कैच कराया। जितेश ने 16 गेंद पर 24 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया।

### रिटायर्ड जस्टिस खानविलकर पुरस्कार समिति के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति एएम खानविलकर मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार की 12 सदस्ईय चयन समिति की अध्यक्षता करेंगे। खेल मंत्रालय ने रविवार को यह घोषणा की।

समिति में छह प्रमुख खेल हस्तियां भी शामिल हैं, जिनमें पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान धनराज पिल्लै, ओलंपियन मुक्केबाज अखिल कुमार, निशानेबाज शुमा शिरूर, टेबल टेनिस में आठ बार के राष्ट्रीय चैंपियन कमलेश मेहता प्रमुख हैं। मेहता भारतीय टेबल टेनिस महासंघ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा, बैडमिंटन खिलाड़ी और मिशन ओलंपिक इकाई की सदस्य तृप्ति मुरगुंडे तथा पावरलिफ्टिंग महासंघ के फरमान बाशा भी समिति में शामिल हैं। खेल संपादक अभिषेक त्रिपाठी मीडिया के प्रतिनिधि के रूप में समिति में शामिल हैं। साइ के महानिदेशक संदीप प्रधान, लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम के पुष्पेंद्र गर्ग और खेल मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रेम कुमार झा सरकारी अधिकारियों के रूप में समिति में शामिल किए गए हैं।



# फिल्स को हरा मेदजेदोविच बने नेक्स्ट जेन चैंपियन

**एजेंसी।** जेद्दा (सऊदी अरब)

**हेमाद** मेदजेदोविच ने यहां शीर्ष वरीय आर्थर फिल्स को हराकर उलटफेर करते हुए नेक्स्ट जेन फाइनल्स टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया।

मेदजेदोविच ने दो घंटे और 11 मिनट चले फाइनल में फिल्स को पांच सेट में 3-4 (6), 4-1, 4-2, 3-4 (9), 4-1 से हराया। टूर्नामेंट के छह सत्र में यह पहला मौका है जब फाइनल में पांच सेट खेले गए। इक्कीस साल या इससे कम उम्र के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच होने वाले इस टूर्नामेंट में खिताबी जीत के दौरान 20 साल के मेदजेदोविच ने एक भी मुकाबला नहीं गंवाया और इस टूर्नामेंट के जीतने वाले सर्बिया के पहले खिलाड़ी बने।

वर्ष 2017 में पहले टूर्नामेंट से ही इसका आयोजन मिलान में हो रहा था जबकि इस साल पहली बार यह टूर्नामेंट सऊदी अरब में खेला गया। इससे पहले स्टेफानोस सितसिपास, यानिक सिनर और कार्लोस अल्बारेज जैसे खिलाड़ी नेक्स्ट जेन फाइनल्स जीत चुके हैं।

### शेफलर वर्ल्ड चैलेंज में शीर्ष पर बरकरार

**नसाउ।** दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफलर ने यहां तीसरे दौर में सात अंडर 65 के हफ्ते के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ वर्ल्ड चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट में बढ़त बरकरार रखी। यहां पिछले दो टूर्नामेंट के उप विजेता अमेरिका के शेफलर ने पहले दो दौर में 69 और 66 का स्कोर बनाया था। तीन दौर के बाद शेफलर का कुल स्कोर 16 अंडर है। तीसरे दौर में सात अंडर 65 का स्कोर बनाने वाले इंग्लैंड के मैट फिट्जपैट्रिक तीन स्थान की छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अमेरिका के ही जस्टिन थॉमस तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने तीसरे दौर में चार अंडर 68 का स्कोर बनाया। टूर्नामेंट के मेजबान और 15 बार के मेजर चैंपियन टाइगर वुड्स तीसरे दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से गत चैंपियन विक्टर होवलैंड के साथ 20 खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर हैं।

# दागी बट को राष्ट्रीय चयन पैनल से हटाया

## पीसीबी ने एक दिन बाद ही पलटा अपना फैसला

**एजेंसी।** लाहौर

**पाकिस्तान** के मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज ने पूर्व दागी कप्तान सलमान बट को राष्ट्रीय चयन पैनल में शामिल करने के एक दिन बाद गहन समीक्षा करते हुए अपने फैसले को पलट दिया।

स्पॉट फिक्सिंग के लिए पांच साल के प्रतिबंध के बाद 2016 में क्रिकेट में सफल वापसी करने वाले 39 वर्षीय बट को शुक्रवार को उनके पूर्व साथी कामरान अकमल और राव इफ्तिखार अंजुम के साथ मुख्य चयनकर्ता रियाज का सलाहकार सदस्य नियुक्त किया गया था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज ने सलमान



बट को चयन समिति में सलाहकार सदस्य के रूप में शामिल करने के अपने फैसले को पलटने का विकल्प चुना है। सलमान बट को नियुक्त करने का निर्णय विचाराधीन था और गहन समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया कि उन्हें सलाहकार सदस्य के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि चयन समिति की परामर्श समिति में किसी भी अतिरिक्त सदस्य की घोषणा उचित समय पर की जाएगी।

बयान में कहा गया, सलाहकार सदस्य को चुनने का अधिकार पूरी तरह से मुख्य चयनकर्ता के पास है। सलाहकार सदस्य की भूमिका चयन समिति को सिफारिश और जानकारी प्रदान करना है। चयन समिति के परामर्श पैनल में किसी अतिरिक्त सदस्य की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। पाकिस्तान की टीम अभी ऑस्ट्रेलिया में है जहां उसे तीन टेस्ट की श्रृंखला खेलनी है जिसका पहला टेस्ट 14 दिसंबर से पर्थ में खेला जाएगा।

### रामकुमार को तीसरा आईटीएफ खिताब

**कलबुर्गी।** भारत के रामकुमार रामनाथन ने रविवार को यहां पुरुष एकल के एकतरफा फाइनल में ऑस्ट्रिया के डेविड पिचलर को सीधे सेटों में हराकर कलबुर्गी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रूप में अपना तीसरा आईटीएफ खिताब जीता।

पिछले सप्ताह आईटीएफ मुंबई ओपन का खिताब जीतने वाले रामकुमार ने पिचलर को केवल 64 मिनट में 6-2, 6-1 से हराकर पिछले 57 दिनों की अवधि में अपना तीसरा आईटीएफ खिताब जीता। भारतीय डेविस कप टीम के सदस्य रामकुमार को इस जीत पर 3200 अमेरिकी डॉलर का चेक और 25 एटीपी अंक मिले। रामकुमार ने जीत के बाद कहा, लगातार दूसरा खिताब जीतकर मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं।

# एलीट खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय शिविर होंगे बंद

## एएफआई ने वार्षिक आम बैठक में लिया निर्णय

**एजेंसी।** अमृतसर।

**भारतीय** एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने रविवार को फैसला किया कि वह पेरिस ओलंपिक के बाद एलीट खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय शिविर का आयोजन नहीं करेगा और शीर्ष खिलाड़ियों की देखरेख के लिए सार्वजनिक और निजी इकाइयों के लिए दरवाजे खोलेगा।

एएफआई अध्यक्ष आदिले सुमारिवाला ने यहां महासंघ की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के अंतिम दिन कहा, हमने पेरिस (अगले साल) के बाद सीनियर राष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर खत्म करने का फैसला किया है। हालांकि जूनियर राष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर महासंघ के सहयोग से एनसीओई में ही होंगे। उन्होंने कहा, साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) के एनसीओई (राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों) में इतनी सारी अच्छी सुविधाएं हैं। रिलायंस, जेएसडब्ल्यू, टाटा और अन्य निजी इकाइयों में भी अच्छी सुविधाएं हैं। उन्होंने भारी भरकम

> **शीर्ष खिलाड़ियों के लिए सार्वजनिक व निजी इकाइयों के दरवाजे खोले जाएंगे**

निवेश किया है और विदेशी कोच को नियुक्त किया है।

सुमारिवाला ने कहा, वे अपनी सुविधाओं पर खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दे सकते हैं। निजी इकाइयां ही नहीं बल्कि सेना खेल संस्थान, रेलवे, वायुसेना, नौसेना, ओएनजीसी, सार्वजनिक क्षेत्र की अन्य इकाइयां और यहां तक कि राज्य सरकारें भी अपने खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दे सकती हैं। एएफआई के इस कदम का मतलब है कि नीरज चोपड़ा, मुरली श्रीशंकर और अविनाश साबले जैसे शीर्ष खिलाड़ी पेरिस 2024 ओलंपिक के बाद उसके तत्वावधान में ट्रेनिंग नहीं करेंगे, लेकिन महासंघ उनकी प्रगति की निगरानी करता रहेगा। खिलाड़ी अब सीधे तौर पर सार्वजनिक और निजी इकाइयों के अंतर्गत आएंगे जिसमें ओडिशा, मध्य प्रदेश और गुजरात जैसी राज्य सरकारें भी शामिल हैं। एएफआई हालांकि कोच की टीम बनाएगा और खिलाड़ियों पर नजर रखेगा। सुमारिवाला ने कहा कि इसके पीछे का विचार शिविरों का विकेंद्रीकरण करना और इन्हें पूरे देश में फैलाना है जिससे कि खिलाड़ी अपने घर के करीब ट्रेनिंग ले सकें।

# भारत विश्व एथलेटिक्स 2029 की मेजबानी करना चाहता है

**एजेंसी।** अमृतसर

**भारतीय** एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को कहा कि 2027 में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए बोली लगाने की अपनी पहले की योजना से हटते हुए राष्ट्रीय महासंघ इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के 2029 सत्र की मेजबानी के अधिकार के लिए बोली लगाने को तैयार है।

एएफआई पहले 2027 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी के अधिकार के लिए बोली लगाने पर विचार कर रहा था, लेकिन अब पता चला है कि उसने योजना छोड़ दी है और इसके बजाय वह 2029 सत्र की मेजबानी करना चाहता है। एएफआई की वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉर्ज ने एएफआई की वार्षिक आम सभा की बैठक (एजीएम) से इतर बताया, हां, हम 2029 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए बोली लगाने में रुचि रखते हैं। लंबी कूद की इस पूर्व महान खिलाड़ी ने कहा, भारत ने 2036 ओलंपिक और 2030 युवा ओलंपिक की मेजबानी में रुचि व्यक्त की है। ऐसे में यह बहुत अच्छा होगा अगर हम 2029 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी कर सकें।

विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2029 की मेजबानी के लिए औपचारिक बोली की समय सीमा अभी घोषित नहीं की गई है। विश्व एथलेटिक्स ने 2027 में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए बोली लगाने की समय-सीमा को इस साल की शुरुआत में शुरू किया था। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का पिछले सत्र का आयोजन अगस्त में हंगरी के बुडापेस्ट में हुआ था और इसका अगला सत्र 2025 में तोक्यो में आयोजित किया जाएगा।

# न्यूकैसल ने मैनचेस्टर यूनाईटेड को पराजित किया

## इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट : 55वें मिनट में एंथोनी गोर्डन ने किया एकमात्र गोल

**एजेंसी।** लंदन

**खिलाड़ियों** की चोटों से जूझने के बावजूद न्यूकैसल यूनाईटेड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में यहां मैनेचस्टर यूनाईटेड को 1-0 से हरा दिया।

न्यूकैसल के मैनेजर एडी होवे को लगातार तीसरे मैच में समान एकादश के साथ शुरुआत करने को मजबूर होना पड़ा लेकिन उनके खिलाड़ी उम्मीद पर खरे उतरते हुए जीत दर्ज करने में सफल रहे। मैच का एकमात्र गोल 55वें मिनट में एंथोनी गोर्डन ने किया जो न्यूकैसल को जीत दिलाने के लिए काफी था। इस बीच आर्सेनल ने वोल्वरहैम्पटन को 2-1 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी बढ़त बरकरार रखी है। आर्सेनल की ओर से बुकायो साका और मार्टिन ओडेगार्ड ने गोल दागे।

आर्सेनल की टीम 14 मैच में 33 अंक के साथ शीर्ष पर है। मैनचेस्टर सिटी 29 अंक के





साथ दूसरे स्थान पर है लेकिन उसने आर्सेनल से एक मैच कम खेला है। न्यूकासल की टीम आर्सेनल से सात अंक पीछे पांचवें पायदान पर है जबकि मैनचेस्टर यूनाईटेड सातवें नंबर पर है। अन्य एक मुकाबले में बर्नले ने शेफील्ड यूनाईटेड को 5-0 से हराया।

### यूरो 2024: मेजबान जर्मनी ग्रुप ए में

**हैम्बर्ग।** मेजबान जर्मनी को अगले साल जून में होने वाली यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के ड्रॉ में हंगरी, स्कॉटलैंड और स्विट्जरलैंड के साथ ग्रुप ए में रखा गया है।

इस 24 टीम के टूर्नामेंट के ग्रुप बी में गत चैंपियन इटली और स्पेन एक बार फिर भिड़ते हुए नजर आएंगे। टूर्नामेंट की इन दो सबसे सफल टीम ने यूरोपीय चैंपियनशिप के पिछले चार में से तीन खिताब जीते हैं। ग्रुप की दो अन्य टीम क्रोएशिया और अल्बानिया हैं। ग्रुप सी में इंग्लैंड, डेनमार्क, स्लोवेनिया और सर्बिया को जगह मिली है जबकि ग्रुप डी में फ्रांस, ऑस्ट्रिया, नीदरलैंड के अलावा एक प्ले ऑफ (पोलैंड, एस्टोनिया, वेल्स या फिनलैंड में से एक) विजेता को शामिल किया गया है। ग्रुप ई में बेल्जियम, रोमानिया और स्लोवाकिया का साथ एक प्ले ऑफ विजेता देगा जो इजराइल, आइसलैंड, बोस्निया-हर्जेगोविना और यूक्रेन में से एक होगा। ग्रुप एफ में भी पुर्तगाल, तुर्की, चेक गणराज्य को रखा गया है।